सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 30 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 234, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गयी। } 14

## देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का वादा पूरा करेंगे : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा पूरा करेगी। उन्होंने कहा असम तथा पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त बनायेंगे। } 16



## चमोली और रुद्रप्रयाग में फटा बादल

### मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत



एजेंसी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। रऊफत्र्क ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हर खिलाड़ी समाज का हीरो, राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को किया नमन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में खेल मंत्री ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त



खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संभल की डेमोग्राफी बदलने में सपा व कांग्रेस ने रची साजिश

प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रतापगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने संभल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं। आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी। जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### सड़क हादसे में आगरा के एसीएम की मौत

मैनपुरी। जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में आगरा में तैनात अपर नगर मजिस्ट्रेट (एसीएम) की मौत हो गई और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। करहल के पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान ने बताया कि आज सुबह आगरा के अपर नगर मजिस्ट्रेट राजेश जायसवाल कार से लखनऊ जा रहे थे। जब कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन संख्या 77 पर पहुंची, तो उसका संतुलन बिगड़ गया और कार आगे जा रही रोडवेज बस से पीछे से टकरा गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मजिस्ट्रेट तथा उनके चालक को सैफई मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डॉक्टरों ने अपर नगर मजिस्ट्रेट को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक का इलाज किया जा रहा है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह वाकई में दुर्घटना थी या किसी ने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है।

## जापान से 10 हजार अरब येन का होगा निवेश

### विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता के लिए भारत-चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण : मोदी

एजेंसी

तोक्यो। जापान ने शुक्रवार को भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा और दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक बड़ी रूपरेखा तैयार की। यह निर्णय व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के कारण आर्थिक उथल-पुथल के बीच लिया गया। इस दौरान पीएम मोदी को सौभाग्य के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली पारंपरिक दरुमा गुड़िया भेंट की गई।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गईं। मोदी ने इशिबा के साथ मीडिया को दिए अपने बयान में कहा, हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। हमने निवेश, नवाचार और आर्थिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 वर्षीय रोडमैप तैयार किया है। अपने संबोधन ...शेष पृष्ठ 14 पर





### भारत-जापान ने चंद्रयान-5 को लेकर किया समझौता

तोक्यो। भारत और जापान ने शनिवार को चंद्रयान-5 मिशन के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए, जो दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्र का संयुक्त अन्वेषण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यहां यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के बीच संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन के संबंध में कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए।

चंद्रयान-5 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्र (पीएसआर) के आसपास के क्षेत्र में चंद्रमा के पानी समेत अस्थिर पदार्थों का अध्ययन करना है। इस मिशन को जाक्सा द्वारा अपने एच3-24एल प्रक्षेपण यान से प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसमें इसरो निर्मित चंद्र लैंडर होगा, जो जापान निर्मित चंद्र रोवर को ले जाएगा। इसरो, चंद्र लैंडर के विकास के अलावा, चंद्र ध्रुवीय क्षेत्र में मौजूद वाष्पशील पदार्थों के अन्वेषण और यथास्थान विश्लेषण के लिए मिशन हेतु कुछ वैज्ञानिक उपकरण विकसित करने के लिए भी जिम्मेदार है। जापान की यात्रा के दौरान द योमिउरी शिंबुन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे खुशी है कि भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर रही। इसमें व्यापार, होटल, वित्तीय और रियल एस्टेट जैसी सेवाओं से भी मदद मिली। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के छात्रों ने गणपति बप्पा मोरया और हरिकीर्तन पर दी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति

## बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव के तीसरे दिन बीबीडियंस की शानदार प्रस्तुति













अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के तीसरे दिन बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की अद्‌भुत छटा बिखेरी। पूरा कार्यक्रम विघ्न विनाशक भगवान गणपति को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बीबीडी के छात्रों ने शिव स्तोत्र और गणेश वंदना पर आधारित भक्ति नृत्य से की। वक्र तुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः जय देव जय देव, गजानन गणराया, देवा श्री गणेशा, देवा श्री गणेशा, गणपति की जय जयकार आदि भजनों पर गणेश नृत्य प्रस्तुत कर छात्रों ने पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं का जहां मन मोह लिया, वहीं उन्हें भक्ति रस में झूमने को विवश कर दिया। अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के छात्रों द्वारा एकदंताय वक्रतुंडाय गौरीतननाय धीमहि, मोरया मोरया बप्पा मोरया एवं हरे राम हरे कृष्ण आदि गानों पर नृत्य कर मनमोहक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तर प्रदेश से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य निर्वाचन आयोग के भवन का किया शिलान्यास, 50 करोड़ से छह मंजिला भवन होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25,000 लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि जनता हमारे लिए केवल जतना नहीं बल्कि जनार्दन है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

- **लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता है, जो केवल मतदाता नहीं बल्कि जनार्दन है**
- **भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा, विकसित उत्तर प्रदेश के बिना यह सपना अधूरा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होना लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव की विशाल प्रक्रिया को आयोग अब और बेहतर तरीके से संपन्न कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में अकेले 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की कुल आबादी से अधिक है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है।



**जनता की आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व :** योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता केवल मतदाता नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की जनार्दन है। उसकी आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। यदि कोई जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी करता है तो पांच साल बाद जनता उसे नकार देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी व्यवस्था ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है।

**नये भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी :** उन्होंने कहा कि अब तक राज्य निर्वाचन आयोग किराए के भवन से कामकाज कर रहा था, जिससे कई प्रकार की कठिनाइयां आती थीं, लेकिन अब नए भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राजकीय निर्माण निगम 18 महीनों से भी कम समय में इस छह मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण पूरा कर देगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा जिनके पास निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होगा।

**नये भवन में होंगी ये सुविधाएं :** परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। 25 के.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। पूरे भवन में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिस्टम होगा। 13 यात्री क्षमता वाली दो लिफ्ट और 8 यात्री क्षमता वाली एक लिफ्ट लगाई जाएगी। इसके साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण और पावर वायरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। यह भवन न केवल निर्वाचन आयोग के कामकाज को गति देगा बल्कि तकनीक और सुविधाओं से लैस होकर एक मॉडल ऑफिस के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य निर्वाचन आयुक्त राजन प्रताप सिंह, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, एससी-एसटी आयोग की अध्यक्ष, पंचायती राज्य आयोग के अधिकारीगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पाटा ट्रैवल मार्ट में पर्यटन विभाग के पवेलियन में उमड़ी भीड़

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की बौद्ध विरासतों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन मंच 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पाटा-2025) में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई।

राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश के साथ सबसे आकर्षक और

- **थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में पाटा ट्रैवल मार्ट-2025 आयोजित**
- **पर्यटन विभाग द्वारा पाटा के मंच पर राज्य की बौद्ध विरासतों को भव्यता से प्रस्तुत किया गया : जयवीर सिंह**

सर्वाधिक देखे जाने वाले पवेलियनों में शामिल रहा। यहां राज्य के प्रमुख बौद्ध स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विदेशी आगंतुकों को बोधि यात्रा पर उत्तर प्रदेश आमंत्रण के साथ पाटा-2025 की भव्य विदाई हुई। यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने किया। 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक के क्वीन सिरीकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, टूर एंड ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और साझेदारों के साथ सार्थक संवाद हुए। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिकता को रेखांकित किया गया। यूपी पवेलियन में



विदेशी आगंतुकों को बुद्धा राइस (काला नमक चावल) विशेष रूप से भेंट किया गया। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 47वां पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन, पर्यटन अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ। यह आयोजन राज्य के बौद्ध स्थलों की यात्रा और पर्यटन उद्योग की उत्साहजनक भागीदारी का साक्षी बना। सम्मेलन में 20 को-एग्जीबिटर्स ने बी-टू-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) बैठकें की और नए साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश के बौद्ध स्थलों- सारनाथ, कपिलवस्तु, संकिसा, कौशाम्बी, श्रावस्ती और कुशीनगर को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है।

बैंकॉक में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने नेटवर्किंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और साझेदारी को लेकर कई अहम पहल की। प्रतिनिधियों और मीडिया ने उत्तर प्रदेश मंडप की पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुति शैली की सराहना की। कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों को राज्य के बौद्ध सर्किट, उन्नत सुविधाएं, बेहतर कनेक्टिविटी और विभाग द्वारा आयोजित होने वाले फैम ट्रिप की जानकारी भी दी गई। यूपी पवेलियन में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े वृत्तचित्रों और आधुनिक तकनीक से सजे प्रदर्शनी स्टॉल की सभी ने सराहना की। आयोजन के उपरांत बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास की ओर से भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने बौद्ध सर्किट एवं प्रदेश के विविध पर्यटन अनुभवों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आईआरसीटीसी की समूह महाप्रबंधक (पर्यटन) प्रोमिला गुप्ता और भारतीय दूतावास के वाणिज्य प्रकोष्ठ की प्रमुख जगप्रीत कौर को सम्मानित किया गया।

## मंत्री सचान के निर्देश पर लापरवाह चपरासी निलंबित

**लखनऊ।** जिला चिकित्सालय फतेहपुर में निरीक्षण के दौरान प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने चपरासी प्रमोद कुमार से परिचय पूछा तो उसने स्वयं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्थान पर कार्यरत बताकर अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया। मंत्री श्री सचान ने इसे सरकारी आचरण नियमावली का उल्लंघन मानते सख्ती दिखाते हुए मरीजों को गुमराह करने वाले चपरासी प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रमोद कुमार को निलम्बित कर दिया गया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, गुमराह करने अथवा अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ऐसी घटनाओं पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी। निलम्बन की अवधि में प्रमोद कुमार को केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही अनुमन्य होगा।

# समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना न्यायपालिका का दायित्व : राज्यपाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पटेल से आज राजभवन में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों का शिष्टाचार भेंट एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।



राजभवन से जारी बयान के अनुसार उन्होंने अपने संबोधन में कहा कई बार ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, जिन पर कोई स्पष्ट कानून नहीं होता। ऐसे मामलों में न्यायाधीश को अपने विवेक, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण से निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, इसलिए सही निर्णय हेतु तकनीक का उपयोग व हर मामले को बारीकी से देखना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को कहा कि निर्णय देते समय विभिन्न प्रकार के दबाव आ सकते हैं, परंतु निष्पक्ष रहकर ही सही न्याय किया जा सकता है। राज्यपाल ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेलों में बंद अधिकांश कैदी दहेज प्रथा, भूमि विवाद तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों से जुड़े पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद स्तर पर, विशेषकर महिलाओं, बेटियों तथा विश्वविद्यालयों में ऐसे मुद्दों पर चर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों को इन अपराधों के परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके। पटेल ने प्रशिक्षुओं को सलाह दी कि वे हमेशा जनता की समस्याओं को सुनें, सहानुभूति रखें, और समाज से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर हो, लेकिन वे समाज का हिस्सा होते हैं, उनका धरती से जुड़ाव होना चाहिए।

# पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की नाकामी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना दरअसल 9 साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार लोगों में विश्वास नहीं जगा पायी। सामाजिक स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द नहीं ला पायी। वहीं, आर्थिक स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार लोगों को रोजगार नहीं दे पायी। रोजगार के स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार ने गुजरात के लोगों को कारोबार और ठेकों में उत्तर प्रदेश के लोगों से ज्यादा काम दिया इसलिए काम की तलाश में लोगों को नाउम्मीद होकर दूसरे राज्यों में जाना पड़ा। नीति और योजना के स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार की स्किल मैपिंग का कोई भी नतीजा नहीं निकला और लोग रोजी-रोटी की तलाश में बाहर जाने को



मजबूर हुए। जनसांख्यिकी स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश का संतुलित विकास नहीं कर पायी। अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि पलायन के झूठ को फैलाने वाले न तो उत्तर प्रदेश के हितैषी हैं और न ही प्रदेशवासियों के। भाजपा द्वारा ऐसे मिथ्या प्रचार से उत्तर प्रदेश की छवि को गहरी ठेस पहुंचती है और इन्वेस्टर निवेश करने नहीं आते हैं।

**रोजगार मेला सिर्फ एक इवेंट और कुछ नहीं :** अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए रोजगार मेला सिर्फ एक इवेंट है और कुछ नहीं। यहां नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है। लगता है भाजपा के लोग विदेश में नौकरी के नाम पर प्लेसमेंट एजेंसी के एजेंट बनकर नाममात्र के वेतन पर युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर बीच में कमीशन कमाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नौकरी भी एक जुमला है। अब उत्तर प्रदेश के सचेत युवा भाजपाई झांसे में आकर अपना शोषण नहीं होने देंगे, उन्हें नौकरी के नाम पर कोई गुमराह नहीं कर सकता है। जहां 9 साल इंतजार कर लिया है वो कुछ दिन और कर लेंगे और आगामी चुनाव में यही युवा भाजपा सरकार का टोकन काटेंगे और हमेशा के लिए पत्ता भी साफ कर देंगे क्योंकि अब वो समझ गये हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं।

# रालोद ने पंचायत चुनाव को लेकर कसी कमर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर अपनी रणनीति और तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

पार्टी का स्पष्ट संकल्प है कि पंचायत चुनाव केवल संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के बल पर लड़े जाएंगे। रालोद का मानना है कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की असली नींव हैं और इनमें वही प्रतिनिधि चुने जाने चाहिए जो गांव, किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग की आवाज को मजबूती से उठा सकें इसीलिए तय किया गया है कि इस चुनाव में वही कार्यकर्ता पार्टी के प्रत्याशी बनाए जाएंगे, जिन्होंने लगातार पार्टी के लिए संघर्ष किया है और जनता से गहरा जुड़ाव रखते हैं। पंचायत चुनाव की तैयारियों को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए प्रदेश को 10 जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में नियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। साथ ही, प्रत्येक जनपद में 5 सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। यह समिति स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन करेगी और योग्य प्रत्याशियों के चयन में अहम भूमिका निभाएगी। पंचायत चुनावों की

- **पार्टी कार्यालय पर आज वरिष्ठ नेताओं की होगी अहम बैठक**

तैयारियों के संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर एक विशेष समिति का गठन किया गया है। इस समिति के संयोजक का दायित्व राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्जवल को सौंपा गया है। समिति के सदस्य रोहित प्रताप, मोहम्मद जैद, विकास कादियान, संतोष सिंह और हवलदार यादव हैं। यह समिति पूरे प्रदेश का भ्रमण कर पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी और उन्हें व्यवस्थित करेगी। इसी क्रम में 30 अगस्त को अपराह्न 3 बजे लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। बैठक में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, पंचायत चुनाव समिति के संयोजक एवं सदस्यगण, सभी दस क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य पंचायत चुनावों में पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देना, कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित करना और संगठन को अधिक सक्रिय बनाना है। पार्टी का विश्वास है कि सामूहिक प्रयास और ईमानदार टीमवर्क के बल पर रालोद पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगा। रालोद का मानना है कि पार्टी की शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं इसलिए आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भागीदारी का अवसर मिलेगा और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक ढंग से होगी।

# आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय संयोजक बने

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पदोन्नत करके उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है।



पार्टी सूत्रों की मानें तो यह पद संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष यानी मायावती के बाद आता है। आकाश अब दूसरे नंबर के ताकतवर नेता हो गए हैं। अभी तक आकाश आनंद राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे थे। बहुजन समाज पार्टी के उप्र अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इस बात की पुष्टि की है कि आकाश आनंद अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हो गये है। पाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती द्वारा आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक (नेशनल कन्वीनर) नियुक्त करने के लिए मायावती का बहुत बहुत आभार एवं राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जयभीम। पाल की इस पोस्ट को बसपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मिश्रा ने भी एक्स पर साझा किया है। इलेकिन अभी इस नयी नियुक्ति के बारे में पार्टी ने कोई आधिकारिक बयान जारी नही किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती के निर्देश पर आकाश भैया के साथ मिलकर हम 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। पाल ने दावा किया, 2027 में 2007 की तर्ज पर हम उप्र में फिर से सरकार बनायेंगे और मायवती को देश के सबसे बड़े प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे।

# वैश्विक खेल शक्ति बनकर उभरा भारत : उत्तराखंड भी निभायेगा अहम भूमिका : धामी

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन कर उभरा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। यह प्रेरक उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मेजर ध्यानचंद जयंती' के

- **धामी सरकार ने 250 खिलाड़ियों को बांटी 16 करोड़ से अधिक सम्मान राशि**
- **देहरादून के परेड ग्राउंड में मेजर ध्यानचंद जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित किया गया भव्य समारोह**

अवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय खेल दिवस-2025' समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे देश के खिलाड़ी केवल किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं खेलते बल्कि जीतने और तिरंगा लहराने के संकल्प के साथ मैदान में उतरते हैं। खेल और खेल भावना समाज को ऊर्जा, अनुशासन और प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी स्टिक के जादू से पूरी दुनिया को भारत की खेल शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने हिटलर तक को ये बता दिया कि देश भक्ति आखिर क्या होती है। उन्हीं के आदर्शों पर चलकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन रहा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो गया है। उत्तराखंड राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बना है। हाल ही में देश की एकमात्र ओलंपिक स्टैण्डर्ड हिमाद्रि आइस रिंक का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसके फलस्वरूप इस आइस रिंक में इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है, जो न



केवल हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारत में शीतकालीन खेलों के एक नए युग का सूत्रपात करने में भी मील का पत्थर सिद्ध हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही एक 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड के प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित कर रही है। नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और इंटरनेशनल स्तर पर पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं शिक्षा, तथा प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल-छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। राज्य सरकार 'मुख्यमंत्री खेल विकास निधि', 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना', 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना' तथा 'खेल किट योजना' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का भी काम कर रही है।

इस अवसर पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मख्यमंत्री ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा कुल 250 से अधिक खिलाड़यों एवं उनके प्रशिक्षकों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उन्होंने खेल स्पधाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों मानसी नेगी को खेल विभाग और मोहम्मद अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल आशीष चौहान एवं खेल विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक में गायब रहे अफसर, अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इन्दिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 30 शिकायतों व पत्रावलियों की जनसुनवाई की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा की गयी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गये। जनसुनवाई के दौरान अन्य पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण पत्र की वैधता व निर्गमन प्रक्रिया पर विशेष सचिव, कार्मिक विभाग के साथ बैठक की गई। इसमें जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों पर विचार-विमर्श कर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान से संबंधित मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख सचिव सहकारिता को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, सीतापुर जनपद की उमा देवी के गाँव की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उपजिलाधिकारी, सिधौली की लापरवाही को गंभीर मानते हुए नियुक्ति विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। लखनऊ निवासी सुधा सिंह के पति स्वर्गीय आनन्द कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान न होने के प्रकरण में भी नगर विकास विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष जताया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएँ और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शिकायतकर्ता को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। वहीं झाँसी के बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य (हिन्दी) नवीन चन्द्र पटेल से संबंधित प्रकरण का समाधान हो जाने पर आयोग ने इसे निस्तारित कर दिया। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि भविष्य में सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा।

संक्षेप

## 24 बैटरी हुई चोरी, केस दर्ज

प्रतापगढ़। टावर से चौबीस बैटरी की चोरी की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही घटना को लेकर पुलिस कुछ संदिग्धों से पूछताछ में जुटी हुई है। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर में ग्लोबल टेलीकॉम का टावर लगा है। यहां तैनात टेक्निशियन कन्नौज जिले के ढढ़िया थाना के जलालपुर निवासी निखिल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह संग्रामगढ़ में रहता है। टेक्निशियन के मुताबिक बीती बाइस अगस्त की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा टावर से चौबीस बैटरी चोरी कर लिये गये। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर उसने प्रबन्धन को सूचना दी। छानबीन के बावजूद चोरी गयी बैटरी का पता न लगने पर टेक्निशियन ने शुक्रवार की देर शाम पुलिस को घटना के बाबत तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि चोरी का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

## दबंगों ने किया जानलेवा हमला

प्रतापगढ़। नहर की पटरी पर जेसीबी द्वारा अवैध खुदाई को लेकर पीड़ित ने विरोध किया तब आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए उस पर लोहे की राड व लाठी डंडे से जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर घायल की मां ने लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर निवास मिथलेश सिंह की पत्नी गीता सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस अगस्त की रात ग्यारह बजे उसका पुत्र विराज सिंह गांव के पुल के समीप खेत देखने गया था। वहां बगल गांव के रायपुर तियाई निवासी एक आरोपी द्वारा नहर की पटरी पर जेसीबी द्वारा अवैध खुदाई की जा रही थी। चुटहिल ने आरोपी से अवैध खनन का विरोध करते हुए कहा कि इस खुदाई से गांव के खेतों में पानी भर जाएगा। इस पर तहरीर में आरोप है कि आरोपी के साथ अन्य दबंगो ने विराज की लाठी डंडे व लोहे की राड से पिटाई कर दी। इससे चुटहिल अचेत हो गया। पीड़ित की चीखपुकार पर गांव में जगहट हुई तब आरोपी गाली देते हुए जान से मार डालने की ऐलानियां धमकी देते चले गये। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी को प्रताड़ित करने तीन आरोपियों पर केस

प्रतापगढ़। किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में सांगीपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के एक गांव की किशोरी के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अगस्त को उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री घर के बाथरूम में नहा रही थी। पीड़ित के भाई के आरोपी पुत्र विकास तिवारी ने बाथरूम के बयाले से नाबालिग किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। बदनीयती से आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को उसके फोन पर वीडियो भेज दिया गया। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल करना चाहा तो उसने आत्महत्या का प्रयास किया। इस पर किशोरी की मां ने उससे पूछताछ की तब वह आपबीती सुनाई। पीड़िता किशोरी की मां ने घटना से रोजीरोटी के सिलसिले में बाहर शहर में रह रहे अपने पति को घटना की फोन पर जानकारी दी। किशोरी के पिता ने शहर से वापस आकर पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी थाना क्षेत्र के भोजपुर रामगंज निवासी विकास तिवारी पुत्र बालकृष्ण तिवारी तथा विवेक तिवारी एवं बालकृष्ण पुत्र रामबरन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीण सहकारी समिति वीपैकस का किया औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने गत शुक्रवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वीपैक्स), भानपुर रानी, विकास खण्ड डुमरियागंज एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वीपैक्स), वासाचक विकास खण्ड डुमरियागंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। स्टाक सही पाया गया। इसके साथ जिलाधिकारी ने किसानों से स्वयं आधार, खतौनी आदि को देखा गया। सही पाया गया।

# जंगली जानवरों के हमलों में चार घायल

बहराइच। जिले की महसी तहसील में बृहस्पतिवार देर रात संदिग्ध जंगली जानवरों के हमलों में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। हरदी थाना क्षेत्र के तीन गांवों में शाम साढ़े सात बजे से रात एक बजे के बीच हुए इन हमलों में एक भैंस भी घायल हो गई।

प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि बम्भौरी बदनपुरवा गांव की निवासी रंजना (25) तथा राजकुमार सिंह (55), सिसैया चूरामणि मोतीपुरवा गांव के त्रिलोकी यादव (65) तथा खैरूल निशा (60) अज्ञात वन्यजीव के हमलों से घायल हुए हैं। त्रिलोकी यादव की हालत गंभीर है, जबकि अन्य तीनों की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि सभी का नजदीक के सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है तथा घायलों को रैबीज व टिटनेस के टीके लगाए गये हैं।

उन्होंने बताया कि अहिरनपुरवा के राघव राम की भैंस को भी किसी जानवर ने काटा है और पशु चिकित्सक भैंस का उपचार कर रहा है। ग्रामीण जानवर की पहचान नहीं कर पाए हैं। पुलिस और राजस्व अधिकारियों के सहयोग से सात वन टीमें जानवर का पता लगाने के लिए पांच गांवों में तलाशी ले रही हैं। स्थानीय विधायक सुरेश्वर सिंह ने भी उस इलाके के ग्रामीणों से मुलाकात की, जहां वे अलर्ट के बाद अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। वन विभाग ने पिछले साल के सुरक्षा उपायों को फिर से लागू कर दिया है और निवासियों को बाहर सोने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि गत वर्ष बहराइच के महसी तहसील अंतर्गत घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों के नागरिक भेड़ियों तथा वन्यजीवों के हमलों से दहशत में थे। जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक सात बच्चों सहित नौ लोगों की इन हमलों से मौत हुई थी जबकि करीब 36 लोग भेड़िए अथवा अन्य जानवरों के हमलों से घायल हुए थे। आदमखोर भेड़ियों का एक झुंड गांव के लोगों पर हमले कर रहा था।

क्षेत्र को वन्यजीव आपदाग्रस्त घोषित कर आपरेशन भेड़िया चलाया गया था। पांच भेड़ियों को पिछले साल पकड़ा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक मंत्रियों व वरिष्ठतम अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा किया था। इस साल जून 2025 में भी एक भड़िए को सिसैया चूरामणि गांव से पकड़कर चिड़ियाघर भेजा गया है।

## रेल पटरी से युवक-युवती के कटे शव बरामद

बांदा। ललितपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने रेल पटरी से एक युवक और एक युवती के कटे शवों को बरामद किया। ललितपुर के अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार दोपहर रेल पटरी से एक युवक और एक युवती के कटे शव बरामद किए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों ने किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि शवों की तलाशी से मिले पहचान पत्रों से उनकी पहचान शिवानी (20) निवासी गुमाई बांदा और अशोक रैकवार (21) निवासी चंदला छतरपुर (मप्र) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना दोनों के परिजनों को देकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। अभी तक आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है।

## अगवा कर किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जिले की सहतवार थाना पुलिस ने कथित तौर पर किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी 16 वर्षीय किशोरी को 27 अगस्त को बिसौली गांव निवासी आकाश गौड़ (22) ने बहला फुसलाकर अगवा कर लिया।

# गणेश महोत्सव शुभारंभ, दद्दन मिश्रा ने किया पूजन-अर्चन



गिलौला (श्रावस्ती)। जनपद श्रावस्ती के गिलौला क्षेत्र अंतर्गत भिखारीपुर मसढी गांव में गणेश महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ।

देर रात आयोजित इस धार्मिक आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं शासकीय अधिवक्ता श्रवण द्विवेदी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती श्री दद्दन मिश्रा पहुंचे। मुख्य अतिथि अध्यक्ष मिश्रा ने प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की आंखों की पट्टिका खोलकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और श्रद्धालुओं संग आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे जिन्होंने जयकारों के बीच विघ्नहर्ता गणेश का स्वागत किया। पूजन के बाद मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने कहा कि ह्लगणपति बप्पा विघ्नहर्ता हैं, उनकी कृपा से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं। हम सभी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मिलकर धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करनी चाहिए। वहीं शासकीय अधिवक्ता श्रवण द्विवेदी ने भी लोगों से सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। गांव के युवाओं व समिति सदस्यों ने मंच सज्जा एवं कार्यक्रम की भव्य व्यवस्था की थी। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर से विघ्नहर्ता गणेश से प्रार्थना की कि क्षेत्र पर उनकी कृपा बनी रहे और सबको समृद्धि, शांति एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त हो।

# एक रात में 5 घरों में चोरी



सिद्धार्थनगर- इटवा थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में बीती रात चोरों ने आतंक मचा दिया। एक ही रात में पांच घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। लोग दहशत में हैं, वहीं पुलिस की नाकामी पर भी सवाल उठ रहे हैं। गांव निवासी अब्दुल आकिब के घर में चोरों ने सबसे पहले सेंध लगाई। घर का जंगला तोड़कर भीतर घुसे चोर बक्सों और आलमारियों की तलाशी लेने लगे। आकिब के परिवार के अनुसार, चोर करीब 1 लाख 80 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात ले गए। घटना का पता सुबह तब चला, जब घरवाले उठे तो ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। इसके बाद चोर आकिब के भाई अब्दुल हई के घर पहुंचे। यहां से उन्होंने 15 हजार रुपये नकद और एक एटीएम कार्ड पार कर लिया। दरवाजा और अलमारी तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। परिवार का कहना है कि घर में रखे अन्य सामानों से भी छेड़छाड़ की गई है।

चोर मोहल्ले के ही मोहम्मद अहसान उर्फ राजू के घर भी पहुंचे। छत के रास्ते दाखिल होकर उन्होंने करीब 25 हजार रुपये नकद और 15 हजार रुपये मूल्य के जेवर चोरी कर लिए। रात में परिवारजन गहरी नींद में थे। सुबह उठे तो अलमारी और संदूक टूटे मिले। इसके बाद चोरों ने शिवकुमार उर्फ चुनमुन के घर को निशाना बनाया। आंगन से दाखिल होकर चोर यहां से 1.88 लाख रुपये के जेवर और 12 हजार रुपये नगद ले उड़े। शिवकुमार ने कहा कि उनकी जीवनभर की जमा-पूंजी पलक झपकते ही लुट गई। लगातार चार घरों में चोरी के बाद चोरों ने शिवपूजन के घर में भी सेंध लगाने की कोशिश की। लेकिन सुबह करीब 4 बजे घरवाले जाग गए और शोर मचाने लगे।

# डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से जिलाधिकारी ने योजनाओं की स्थिति जानी और लापरवाह विभागाध्यक्षों को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग लक्ष्यपूर्ति हेतु तेजी से कार्य करते हुए समयबद्ध और शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग सुनिश्चित करें। समीक्षा में सामने आया कि जुलाई 2025 में श्रावस्ती की विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग प्रदेश स्तर पर 2 रही। कुल 87 कार्यक्रमों में से 56 को ए श्रेणी, 4 को बी श्रेणी, 4 को सी श्रेणी, 1 को डी श्रेणी तथा 22 को छ श्रेणी प्राप्त हुई। अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, दुग्ध विकास, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, पंचायती राज, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण व सिंचाई जैसे विभागों ने ए ग्रेड हासिल किया। वहीं ऊर्जा, ग्राम्य विकास, प्राथमिक शिक्षा, पर्यटन, लोक निर्माण, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा लोक शिकायत (निर्माण) विभागों के कार्यक्रम बी, सी और डी श्रेणी में पाए गए। बैठक में यह भी ज्ञात हुआ कि दैनिक विद्युत आपूर्ति-ग्रामीण, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में श्रावस्ती प्रदेश के अंतिम पाँच जिलों में शामिल है। इसके विपरीत फैमिली आईडी योजना और ओडीओपी वित्त पोषण योजना में श्रावस्ती प्रथम पाँच जिलों में स्थान पर है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी के.पी. मिश्र, अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेजर ध्यान चंद जयंती पर खेल प्रतियोगिता आयोजित



**श्रावस्ती।** हॉकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद जी की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में जनपद श्रावस्ती में उत्साहपूर्वक एवं आलोकित वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सजीव प्रसारण के माध्यम से खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से संपर्क-संवाद कर उन्हें खेल भावना को आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया। जिला क्रीड़ाधिकारी शिवकुमार यादव ने मुख्य अतिथियों झ पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शहीद अहमद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने खेलों के महत्व पर प्रदीप्त विचार रखते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक परिपुष्टि का माध्यम हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अपरिहार्य योगदान करते हैं। हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज ने स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम को 11-9 से हराकर विजयश्री प्राप्त की। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में सनशाइन स्कूल एवं राजकीय आश्रम पद्धति सिरसिया की टीमों ने अद्भुत पराक्रम का परिचय देते हुए जीत दर्ज की। जिलाधिकारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को सुदृढ़ मंच प्रदान करना एवं युवाओं में खेलों के प्रति स्फूर्ति, उत्साह एवं जागरूकता का संचार करना है। कार्यक्रम में क्रीड़ा सचिव माध्यमिक आशीष कुमार, खेलो इंडिया कबड्डी कोच जितेंद्र यादव, फुटबॉल कोच मोहम्मद मुस्लिम, खो-खो कोच जगेसर सैनी, प्रधानाचार्या केसर जहां, व्यायाम प्रशिक्षक, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

# पटना में मारपीट लोकतंत्र में काला अध्याय: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बिहार की राजधानी पटना मे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सदाकांत आश्रम में भाजपा कार्यकताओं द्वारा की गई हिंसा और तोडफोड तथा अभद्रता की घटना को शर्मनाक एवं अराजकता की पराकाष्ठा कहा है। उन्होने कहा कि भाजपा के हिंसक कार्यकताओं द्वारा सदाकांत आश्रम मे हमला कर लोकतंत्र को कलंकित किया गया है। उन्होने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की गुण्डागर्दी के चलते सदाकांत आश्रम में पत्थरबाजी एवं गालीगलौज तथा तोडफोड की घटना ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए काला अध्याय लिख दिया है। शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर हुए हमले को लेकर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह सबसे ज्यादा शर्मनाक रहा है कि बिहार की पुलिस और वहां का प्रशासन सहयोगी बनकर खुद भी हिंसक ताण्डव को बढ़ावा देता रहा। उन्होने सदाकांत आश्रम मे हुई घटना के बाबत स्वयं अराजकता के पहलुओं की जानकारियां जुटाते हुए कहा कि पुलिस की मौजूदगी में भाजपा के अराजकतत्व कांग्रेस मुख्यालय में जबरिया घुस गये। उन्होने कहा कि भाजपाई कार्यकताओं ने गुण्डों के रूप में सदाकांत आश्रम का गेट तोडकर प्रवेश किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने दावा किया है कि कांग्रेस मुख्यालय पर बीजेपी कार्यकताओं ने अराजकता की हद पार करते हुए पत्थरबाजी की। उन्होने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय पर खड़े वाहनों और भवन में जिस तरह तोडफोड की गयी है वह आजाद भारत के इतिहास में काला अध्याय के अलावा और कुछ भी नही है।

## शिक्षकों की वित्तीय समस्याओं को लेकर पूमाशि संघ सक्रिय

सिद्धार्थनगर- पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की वित्तीय समस्याओं के समाधान के लिए पहल की है। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र और जिला महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखाधिकारी अभिनय कुमार सिंह को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। खेसरहा और मिठवल ब्लॉक के शिक्षकों की वेतन विसंगति का समाधान कर हर माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है। लेखा कार्यालय में पहली बार सभी कर्मचारियों को ब्लॉकवार कार्य आवंटित किया गया है। इससे वित्तीय समस्याओं के समाधान में तेजी आने की उम्मीद है। संघ ने जीपीएफ कटौती का लेजर में अंकन न होने पर चिंता जताई है। साथ ही सभी शिक्षकों को जीपीएफ पासबुक और एनपीएस के लिए अंशदाई पेंशन पासबुक की मांग की है।


# सीएमओ की कुशल कार्यशैली में स्वास्थ्य सुविधाओं में व्यापक सुधार

एस.पी.सिंह परिहार

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती की आरोग्य-व्यवस्था इस समय एक नए परिवर्तन-पर्व की ओर अग्रसर है। इस

- **श्रावस्ती में स्वास्थ्य सुधार का नूतन अध्याय, अनुशासन और संवेदनशीलता**
- **निरीक्षण में लापरवाह चिकित्सक निलंबन की संस्तुति**

नवोन्मेषी प्रवाह के प्रेरणास्रोत हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अशोक कुमार सिंह, जिनकी प्रशासनिक सजगता, अनुशासनप्रियता और मानवीय करुणा ने स्वास्थ्य विभाग में एक नया विश्वास-परिदृश्य निर्मित किया है। डॉ. सिंह ने पदग्रहण करते ही यह स्पष्ट उद्घोषणा कर दी थी कि अब स्वास्थ्य सेवाओं में शिथिलता, प्रमाद और



उत्तरदायित्वहीनता किसी भी दशा में सहनीय नहीं होगी। उनके औचक निरीक्षण इसकी साक्षात झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। हाल ही में सम्पन्न अवलोकन के दौरान यह आश्चर्यजनक स्थिति सामने आई कि चिकित्सालय में कोई भी चिकित्साधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी अथवा (फार्मासिस्ट) उपस्थित नहीं थे। केवल एक परिचारिका (स्टाफ नर्स) अपने कर्तव्य-पथ पर विद्यमान मिली। उस नर्स ने अवगत कराया कि प्रायः दोपहर के पश्चात चिकित्सक और औषधि वितरक का कर्तव्य-नियोजन (ड्यूटी रोस्टर) निर्गत ही नहीं होता। इस गंभीर प्रमाद को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल प्रशासनिक संज्ञान लेते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अनुपस्थित अधिकारियों पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की संस्तुति की तथा अगस्त 2025 का वेतन-स्थगन भी प्रस्तावित किया। उनका यह अविचल निर्णय इस तथ्य का उद्घाटन करता है कि अब स्वास्थ्य विभाग में मनमानी, लापरवाही और जनविरोधी प्रवृत्तियाँ वर्ज्य होंगी। इसी बीच डॉ. सिंह ने जिला चिकित्सालय भिनगा में गंभीर अवस्था वाली एक गर्भवती महिला का शल्यक्रिया कराकर उसे तथा शिशु दोनों को सुरक्षित जीवन प्रदान किया। उन्होंने स्वयं निश्चेतक-विशेषज्ञ की भूमिका निभाई और साहसिक निर्णय से प्रसव को सफल बनाया। यह कदम उनकी कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति गहन समर्पण को दशार्ता है। उनकी यह कर्तव्यपरायणता स्पष्ट करती है कि उच्च प्रशासनिक पदस्थता के उपरान्त भी यदि कोई अधिकारी संवेदनशील दृष्टिकोण और मानव-सेवा को सर्वोपरि रखे तो अनुशासन और जनकल्याण दोनों का सुन्दर संतुलन संभव है। डॉ. अशोक कुमार सिंह की प्रेरणादायी कार्यशैली श्रावस्ती की स्वास्थ्य-व्यवस्था को एक नूतन दिशा प्रदान कर रही है। औचक निरीक्षण द्वारा लापरवाह कर्मियों पर अंकुश, वेतन-स्थगन की संस्तुति और स्वयं निरुपाय गर्भवती का प्रसव-शल्य करना—ये सभी कदम यह सिद्ध करते हैं कि अब स्वास्थ्य विभाग केवल प्रतिवेदन और औपचारिकताओं तक सीमित न रहकर जनसेवा के वास्तविक आदर्श को मूर्त रूप देगा। इन योजनाओं को सफल बनाकर वे न केवल रोग-नियंत्रण कर रहे हैं बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति विश्वास और जागरूकता को भी सशक्त कर रहे हैं।

## खेल दिवस पर विज्ञान प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय के मेधावियों का चमका हुनर, हुए पुरस्कृत




प्रतापगढ़। नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुक्रवार को भव्य आयोजन हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता के विशेष आयोजन में मेधावियों का हुनर चमका दिखा। छात्र वर्ग में देव मोदनवाल प्रथम, युवराज सिंह द्वितीय, प्रशांत सरोज तृतीय तथा छात्रा वर्ग में रूपा विश्वकर्मा प्रथम, जया केसरवानी द्वितीय व गरिमा वर्मा को तृतीय स्थान मिला। संकल्प द्विवेदी को विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने किया। उन्होने छात्र छात्राओं से कहा कि खेल अनुशासन की प्रेरणा है। उन्होने मेजर ध्यानचंद्र के जीवन पर भी प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 अमित ने सफल मेधावियों को समारोहपूर्वक पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. रविकांत कौशल ने किया। इस मौके पर डॉ. ओपी द्विवेदी, डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह आदि रहे।

## खाद की किल्लत से नाराज किसानों ने हाइवे पर लगाया जाम



प्रतापगढ़। खाद की किल्लत को लेकर नाराज किसानों ने शुक्रवार को नेशनल हाइवे पर तहसील के समीप जाम लगा दिया। वहीं लाइन में अचानक धक्कामुक्की व मारपीट की घटना से अफरातफरी का भी माहौल बन गया। हाइवे जाम होने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने किसी तरह नाराज किसानों को समझाकर शांत कराया। वहीं यूरिया खाद की मारामारी को लेकर रायपुर भगदरा साधन सहकारी समिति पर भी किसानों की लम्बी लाइन में अफरातफरी देखी गयी। यूरिया खाद को लेकर इस समय किसान परेशान देखे जा रहे है। समितियों पर रोज किसानों की लम्बी लम्बी लाइनें दिख रही हैं। शुक्रवार को लालगंज नगर के तहसील के बगल स्थित साधन सहकारी समिति में किसानों की लम्बी लाइन लग गयी। खाद की किल्लत को लेकर किसान अफरा तफरी में थे। इसी बीच वहां मारपीट हो गयी। धक्कामुक्की व मारपीट की घटना से उत्तेजना बढ़ गयी। नाराज किसानों ने लखनऊ-वाराणसी के लालगंज-प्रतापगढ़ के हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम की जानकारी कोतवाली पुलिस को हुई तो बडी संख्या में फोर्स पहुंच गयी। पुलिस ने किसानों को समझाया बुझाया। करीब पन्द्रह मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस के समझाने बुझाने पर हाइवे पर यातायात किसी तरह बहाल हो सका।

## स्कूल बसें बिना फिटनेस के दौड़ रहीं, ब्लैक स्पॉट चिन्हित नहीं, डीएम ने लगाई फटकार



सिद्धार्थनगर- जिले में सड़क सुरक्षा पर जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर हुई है। गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में सामने आया कि कई विद्यालयों की बसें बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के दौड़ रही हैं। वहीं, दर्जनों वाहन बिना पंजीकरण और परमिट के सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं। डीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ह्लऐसे वाहन तत्काल बंद किए जाएं, वरना सख्त कार्रवाई होगी।ह्व उन्होंने एआरटीओ को ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग पर लगाम न कसने पर फटकार लगाई। बैठक में खुलासा हुआ कि जिले की कई सड़कों पर अब तक ब्लैक स्पॉट चिन्हित नहीं हुए हैं। न तो पर्याप्त साइनबोर्ड लगे हैं और न ही गति सीमा के संकेतक। जो बोर्ड लगे भी हैं, वे गंदगी और रखरखाव की कमी के कारण बेकार साबित हो रहे हैं। इस पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग और एनएचआई के अफसरों को कड़ी चेतावनी दी। डीएम ने कहा कि जिले में हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता को लेकर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। सड़क सुरक्षा नियमों में लापरवाही का खामियाजा आम जनता को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अगली बैठक में सड़क हादसों में हुई मौतों और घायलों की सूची प्रस्तुत की जाए, ताकि स्थिति का वास्तविक आकलन हो सके। इस मौके पर एआरटीओ प्रियवंदा सिंह, अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. इटवा आशीष भारद्वाज, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## निबंधन दर वृद्धि के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



सिद्धार्थनगर- अधिवक्ताओं ने निबंधन दरों में की गई वृद्धि के विरोध में शुक्रवार को निबंध कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर दिया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गणेश मणि त्रिपाठी और महामंत्री अब्दुल हक के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इससे पहले जिला बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष सत्यदेव सिंह एडवोकेट और महासचिव सुशील कुमार मणि त्रिपाठी मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी द्वारा निबंधन दरों में की गई वृद्धि को मनमाना बताया। उनका कहना है कि बार एसोसिएशन की आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया है। अधिवक्ताओं के अनुसार यह वृद्धि दस्तावेज लेखन और स्टाम्प विक्रेताओं को प्रभावित करेगी। साथ ही आम नागरिकों पर भी इसका बोझ पड़ेगा। गरीब और मध्यम वर्ग को जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री में अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रदेश के अन्य जिलों में ऐसी कोई वृद्धि नहीं की गई है। केवल सिद्धार्थनगर में ही इसे लागू किया गया है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक निबंधन दरों में की गई वृद्धि वापस नहीं ली जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

## संक्षेप

### गणेश प्रतिमा विसर्जन पर विवाद

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय सनातन एकता मंच ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ई मेल से भेजकर जिला प्रशासन के उस आदेश का विरोध किया है, जिसमें गणेश प्रतिमाओं को गड्ढे में दबाने की बात कही गई है। संगठन ने इसे सनातन धर्म की परंपरा और धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रतिमाओं का विसर्जन हमेशा बहती नदियों में किया जाता है, गड्ढे में दबाना धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला कदम है। संगठन ने चेतावनी दी कि यह निर्णय इस्लामीकरण की ओर इशारा करता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित वैभव चास्टा और प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत चतुर्वेदी ने मांग की है कि इस प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और परंपरा के अनुसार ही विसर्जन कराया जाए।

### बाइक ट्रक की भिड़ंत में महिला की मौत

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर विरारी के सामने ने ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी समेत दो बच्चे घायल हो गए। बाइक सवार युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से औरैया के तरफ से इटावा के तरफ आ रहा था तभी उल्टी साइड से आलू से लोड ट्रक इटावा के तरफ से बकेवर की ओर आते समय उसने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई और उसके सवार बच्चों समेत पति पत्नी घायल हो गए वहीं इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर ट्रक को छोड़कर कर भाग गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

### पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन मंदिरों में हुई पूजा

इटावा। जैन धर्म के सबसे बड़ा त्यौहार पर्यूषण पर्व शुक्रवार के दूसरे दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा के साथ धूमधाम से मनाया गया। नगर स्थित पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र नशियाजी लालपुरा वरहीपुरा कटरा नया शहर चैगुजी सरायशेख छिपैटी पंसारी टोला करनपुरा फूलन देवी डंडा सहित सभी जैन मंदिरों में प्रातः काल से ही भक्तों का आना प्रारंभ हो गया श्री जी की शांति धारा एवं देव शास्त्र गुरु सहित उत्तम क्षमा धर्म की पूजा धूमधाम से की पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र नशियजी के अध्यक्ष संजू जैन, महामंत्री धर्मेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र जैन, मेजर सहकोषाधयक्ष नवनीत जैन ने कहा उत्तम क्षमा धर्म से शुरू होने वाले दशलक्षणमहापर्व पर्यूषण उत्तम सत्य उत्तम आर्जव उत्तम ब्रह्मचर्य उत्तम त्याग उत्तम संयम उत्तम अकिंचन्य उत्तम तप उत्तम मार्दव उत्तम शोच धर्म की पूजा होगी।

### कूलर में करंट उतरने से युवक की मौत

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में कूलर में करंट उतरने से युवक की मौत हो गई। जानकारी होते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव उधन्नपुरा के रहने वाले लाल बिहारी का 23 वर्षीय बेटा कमलेश शुक्रवार सुबह घर पर कूलर के तार लगा रहा था तभी उसका हाथ कूलर से टच होने से करंट के चपेट में आ जाने से जमीन पर झटपटा कर गिर पड़ा चीखने चिल्लाने की आवाज सुन मां नीतू के साथ परिजन लोग दौड़कर पहुंचे और आनन फानन में उसे बेहोशी हालत में जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक युवक घर का बड़ा बेटा था और वह सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था ,उसकी अभी शादी नही है। युवक की मौत के बाद छोटा भाई अमन और बहन खुशबू के साथ मां नीतू का रोरोकर हाल बेहाल है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे यूनियन बैंक खाता संख्या -20404584895 में मेरा नाम अफजल अंकित है। बैंक खाता में नाम अफजल व राजू बढ़ाकर अंकित किया जाए। अफजल व राजू दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अफजल उर्फ राजू पुत्र मोहम्मद शफी निवासी ताड़ तल्ला, सब्जी मंडी, शहर रायबरेली

# पुलिस-प्रशासन की टीम भी नहीं खुलवा पायी रास्ता

## ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर रास्ता खुलवाने की लगायी गुहार



**गोला,गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मऊवां गांव में कुछ दबंगों ने सार्वजनिक रास्ते पर पिलर व तार लगाकर अवरूद्ध कर दिया गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्रक सौंप रास्ता खुलवाने की गुहार लगायी थी। एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपित व्यक्ति रास्ता खोलने के लिए राजी नही हुए। जिसके बाद प्रशासन ने दोनों पक्षों संबंधित कागजात के साथ शनिवार को एसडीएम के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा है। मऊवां बुजुर्ग गांव के रमाशंकर दूबे, पौहारी दूबे, अम्बेश दूबे, शिवाकांत दूबे, गणेश दूबे, कैलाश पासवान,संतोष दूबे व जयनारायन दूबे आदि ने बीते बुधवार को एसडीएम गोला को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के कुछ दबंग लोगों के द्वारा प्रार्थियों के घर जाने वाले आम रास्ते पर अपनी पुरानी दीवाल की ईट का मलबा गिराकर तथा रास्ते में पिलर व बाड़बंदी कर रास्ते को अवरूद्ध कर दिया गया है। रास्ता खोलने के लिए कहने पर मनबढ़ आरोपित गाली गलौज व मारपीट पर आमादा हो जा रहें है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोगों को अपने घर पहुंचने व सामान ले जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ितों ने एसडीएम से रास्ता खुलवा कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई थी। जिस पर एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक व एसएचओ बड़हलगंज को जांच कर समस्या निस्तारण का निर्देश दिया था। एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और आरोपितों से रास्ता खोलने के लिए कहा। लेकिन आरोपित उक्त भूमि को अपना बताते हुए रास्ता खोलने के लिए राजी नही हुए। जिस पर राजस्व निरीक्षक ने दोनो पक्षों को संबंधित कागजात के साथ शनिवार को एसडीएम के समक्ष उपस्थित रहने को कहा है। इस संदर्भ में एसएचओ बड़हलगंज ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नही है। जानकारी करके समस्या समाधान कराया जाएगा। तो वहीं राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार का कहना है कि राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ मौके पर गया था। मौके पर समस्या का समाधान नही हो पाया। दोनो पक्षों को कागजात के साथ उपजिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

# गोरखनाथ विवि में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता एनसीसी और एनएसएस ने दिखाया दम

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत चिकित्सा विज्ञान संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की शिवाजी इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में मेजर ध्यान चन्द की जयन्ती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के अवसर पर शपथ ग्रहण एवं खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ चिकित्सा विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डा.चंद्र शेखर मूर्ति ने भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर खेल दिवस पर शपथ ग्रहण कराया। चिकित्सा विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ चंद्रशेखर मूर्ति बी.बी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलो का मुख्य उद्देश्य केवल विजेता चुनना नहीं होता, बल्कि युवाओं को एकजुट करना, उनमें खेल भावना का विकास करना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना होता है। एनसीसी और एनएसएस के माध्यम से युवा न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनते हैं, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी मजबूत बनते हैं।

- सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करती है राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता : डॉ.चंद्रशेखर मूर्ति

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेलों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एनसीसी और एनएसएस की प्रतियोगिताएँ युवाओं में शारीरिक क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का संचार करती हैं। इन प्रतियोगिताओं में दौड़, सेक रेस, कबड्डी, टग ऑफ वॉर, पिट्ठू खेल से मैत्रीय भावना का संदेश दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें गर्ल्स 200 मीटर रेस, बॉयज 200 मीटर रेस, गर्ल्स 400 मीटर रेस, बॉयज 400 मीटर रेस, टग ऑफ वॉर बॉयज, टग ऑफ वॉर गर्ल्स, शेक रेस बॉयज 50 मीटर, शेक रेस गर्ल्स 50 मीटर शामिल रहा। ब्याज कबड्डी, गर्ल्स कबड्डी और पिट्ठू गेम में सभी कैडेट्स और स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में डॉ अभिनव सिंह राठौर, और पीयूष यादव निर्णायक रहे। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय कैडेट कोर के एसोशिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव, एन एस एस समन्वयक डॉ अखिलेश दुबे, और शिवाजी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल चंद्रवंशी ने प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी कैडेट्स और स्वयं सेवकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खेल भावना से अपनी क्षमता, प्रदर्शन से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सामंजस्य संकल्प दिलाया। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से अभिषेक मिश्रा, आलोक दीक्षित, मनीष गुप्ता, वसुंधरा सिंह, ममता गुप्ता, विवेकानंद , आदित्य पांडेय , सूरज दुबे , अखंड , सृष्टि आदि ने सहयोग किया।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से की इस्तीफे की मांग



**इटावा।** उ.प्र. में विगत आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अगर हम कहें कि उ.प्र. अपराध प्रदेश बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। एनसीआरबी के ऑकड़ों के अनुसार उ.प्र. में महिलाओं और दलितों के साथ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। यह बात कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने पत्रकारों से बातकरते हुए कही। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा कि इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि हिंदुओं के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार में आज हिंदू सबसे अधिक प्रताड़ित है। दलित महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। अपराधियों में कानून का डर खत्म सा हो गया है। शर्मनाक स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री जी जाति और धर्म देखकर अपराधियों की पहचान करते हैं। जिला प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी ने बताया कि पिछले एक महीने में जनपद में सैकड़ो ऐसी आपराधिक घटनाएं हुई हैं जिनके विरुद्ध या तो कार्रवाई नहीं हुई। और यदि कार्रवाई हो भी गई है तो उसका परिणाम शून्य ही रहा है। वार्ता में पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी एवं अनुराग कर्ण आदि उपस्थित रहे।

# एसपीएस स्कूल में स्पोर्ट्स डे, छात्रों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को मिला सम्मान



**जसवंतनगर, इटावा।** एसपीएस स्कूल में शुक्रवार को स्पोर्ट्स डे के तहत एथलेटिक्स हाउस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विभिन्न खेलों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। शॉटपुट (गोला) सीनियर बालक वर्ग में अरुणेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नैतिक दूसरे और आदित्य तीसरे स्थान पर रहे। सीनियर बालिका वर्ग में सिखा ने स्वर्ण, रेशु ने रजत और नंदिनी ने कांस्य पदक हासिल किया। डिस्कस थ्रो जूनियर बालक वर्ग में ऐरिक, अंशुमान और कुशाग्र प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में आशी ने पहला और अंशिका ने दूसरा स्थान पाया। लॉन्ग जम्प जूनियर बालक वर्ग में वैभव प्रथम, रोहन द्वितीय और आयुष तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस सीनियर बालक वर्ग में अर्पित ने बाजी मारी, अरुणेंद्र और पुष्पेंद्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस सब-जूनियर बालिका वर्ग में जाह्नवी ने स्वर्ण पदक जीता। मीटर रिले रेस में सीनियर बालिका वर्ग में ब्लू हाउस विजेता रहा, जबकि जूनियर बालक वर्ग में रेड हाउस ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेताओं को डायरेक्टर विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं लिजी फ्रांसेस ने मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

# खेल से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : कमलेश पासवान

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सरदार नगर स्थित मजीठिया ग्राउंड में एथलेटिक्स एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री एवं मा0 सांसद बांसगांव कमलेश पासवान रहे।एवं विशिष्ट अतिथि चौरीचौरा विधायक ई० सरवन निषाद रहे ' कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथि द्वारा मेजर ध्यानचंद को नमन करने के साथ गुब्बारे उड़ाकर किया गया।एथलेटिक्स विधा के बालिका वर्ग में 400 मीटर,800 मीटर तथा बालक वर्ग में चार सौ आठ सौ एवं सोलह सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' 400 मी0 बालिका वर्ग में शिवांगी निषाद, 800 मी0 में वाणी कौर वहीं बालक वर्ग में 400 मी0 में दीपक कुमार,800 मीटर में हेमंत यादव,1600 मीटर में संगम प्रथम रहे ' फुटबॉल प्रतियोगिता में शहीद बंधु सिंह फुटबॉल क्लब विजेता एवं सरदार नगर फुटबॉल क्लब उपविजेता रहा ' विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा सांसद खेल स्पर्धा, लोकसभा बांसगांव का सॉफ्ट लॉन्च किया गया 'कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है।खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सांसद खेल महोत्सव का आयोजन वृहद् स्तर पर किया जाएगा। इसके लिए एक पोर्टल भी बनाया गया है जिसपर खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।

# विधायक ने किया अन्नपूर्णा भवन का शिलान्यास





- आठ लाख पच्चास हजार की अनुमानित लागत से प्रस्तावित है अन्नपूर्णा भवन का निर्माण

जिला संवाददाता (vol)

**चरगांवा, गोरखपुर।** विकास खंड चरगांवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनगाई में आठ लाख पच्चास हजार की अनुमानित प्रस्तावित लागत से बनने वाले अन्नपूर्णा भवन का शुक्रवार पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह ने भूमि कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह भी शामिल रहे। खण्ड विकास अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि चरगांवा विकास खण्ड में कुल 10 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित हैं। जिसमें दो ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण प्रथम चरण में है किया जा चुका हैं। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश कुमार चतुवेर्दी व ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बनगाई अनिता देवी व ग्राम पंचायत सचिव ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे।

# ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलटा

**ऊसराहार, इटावा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब गुजरात से पश्चिम बंगाल जा रहा सोडा और नमक से भरा ट्रेलर अचानक मध्य डिवाइडर पर पलट गया। घटना थाना ऊसराहार क्षेत्र के तहत एक्सप्रेसवे के किलोमीटर कठौतिया गांव के पास हुई। ऊसराहार पुलिस के अनुसार ट्रेलर गुजरात से सोडा व नमक की बोरियां लादकर पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा था। ट्रेलर चालक मेघ सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी गांव ऊंचा नगला थाना चकसान जिला भरतपुर राजस्थान व मालिक जितेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी उपरोक्त भी साथ में मौजूद थे। चालक को अचानक नींद आने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे के मध्य डिवाइडर पर चढ़ गया और पलट गया। हादसे में चालक मेघ सिंह को हल्की चोटें आईं। मौके पर पहुंची यूपीडा सुरक्षा टीम व एंबुलेंस टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। घटना में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई वहीं मालिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर यातायात प्रभावित हुआ, पुलिस और यूपीडा की टीम ने क्रेन हटवाया गया और यातायात सुचारू रूप से जारी है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि यह हादसा गनीमत भरा साबित हुआ क्योंकि भारी वाहन के पलटने के बावजूद कोई बड़ी दुर्घटना या जनहानि नहीं हुई। वाहन को हटवाकर यातायात शुरू कराया गया है।

# ग्राम प्रधान की शह पर दर्जनों मनबढ़ों ने जबरन लगाया खड़ंजा, पुलिस ने रोका



- गीडा थाना क्षेत्र के नगवा के डीह स्थान का मामला
- पीड़ितो ने प्रधान पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**गीडा/पिपरौली, गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में धार्मिक स्थल के समीप इंटरलॉकिंग लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ, 112 नंबर पुलिस के सामने ही मारपीट की नौबत आ गई लेकिन मौके पर पहुंची गीडा पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण करते हुए दोनों पक्ष को थाने ले आई और जमीन पर यथा स्थिति बनाए रखने को कहते हुए शख्त हिदायत दी। स्थानीय थाना क्षेत्र के नगवा गांव स्थित डीह स्थान के समीप इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा था, जिसका विरोध करते हुए नगवा निवासी उमाशंकर रावत, राम सेवक रामायणी, राम गुलाम और रमेश रावत ने कहा कि मेरे निजी जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा जबरिया इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है। दो दिन पूर्व सहजनवा तहसील प्रशासन जमीन की मापी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही थी। बावजूद इसके शुक्रवार को ग्राम प्रधान दर्जन भर मनबढ़ो को लेकर इंटरलॉकिंग लगाने लगे विरोध करने पर उन्होंने मारपीट किया। सूचना पर पहुंची गीडा पुलिस ने भीड़ को तितर बितर कर दोनों पक्षों को थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि राजस्व टीम द्वारा नापी करने के बाद इंटरलॉकिंग कार्य होगा। अगर कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस सख्ती से कार्यवाही करेगी। इस संदर्भ ने क्षेत्राधिकारी गीडा आईपीएस अरुण कुमार एस ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। तो वहीं गीडा थाना एसएचओ को बोलकर मामले की जांच कराया जायेगा, माहौल बिगाड़ने वाले के विरुद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं खेल प्रतियोगिताएं



**मझगांवा, गोरखपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आरपीएस पब्लिक स्कूल की पुरसौली शाखा के प्रांगण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। खो-खो प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप की टीम विजयी रही, वहीं कबड्डी मुकाबले में स्वामी विवेकानंद ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। कबड्डी मैच में खिलाड़ियों विशेष यादव और धीरज यादव ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके दमदार खेल प्रदर्शन पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध मुनेंद्र सिंह बबलू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, ह्लखेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। प्रत्येक विद्यार्थी को शारीरिक परिश्रम वाले खेलों में भाग लेना चाहिए। आज खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, बल्कि लक्ष्य बनाकर खेला जाए तो इससे धन और सम्मान दोनों ही प्राप्त होते हैं। साथ ही शरीर भी स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश सिंह ने की। इस दौरान खेल प्रशिक्षक विशाल शाही, अजेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, श्रीप्रकाश, संतोष पांडेय सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# मंत्री ने किया खेल दिवस का उद्घाटन

**इटावा।** 31 अगस्त तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 29 अगस्त खेल दिवस के उद्घाटन व खेल सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया। इस खेल दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि का सम्मान जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर किया एवं मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम द्वारा सदर विधायक सरिता भदौरिया को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा टीवी चैनल के माध्यम से खिलाड़ियों को दिये जाने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। आज के इस पावन अवसर पर प्रदेश के विभिन्न खेलों के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। क्रीड़ाधिकारी सर्वेन्द्र सिंह चैहान ने खेल दिवस पर किये जाने वाले आयोजनों तथा खेल विभाग की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने भी उत्तर प्रदेश खेल की ओर अग्रसर होने के बारे में सम्पूर्ण जानकारी साझा की।

# कबाड़ बीन रहे बालक की रहस्मय ढंग से मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**इटावा।** शहर के मुहाल लालपुरा पजैया में सुबह लगभग साढ़े 8 बजे एक बच्चे का खून से लतपथ हालत में मिला। मृतक की पहचान आहिल उम्र 11 साल पुत्र शहंशाह निवासी विशुनबाग थाना कोतवाली के रूप में हुई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि मृतक रोज यहां कबाड़ा बिनने आया करता था सुबह हम लोगों ने देखा कि दो कुत्ते बच्चे पर हमलावर हो रहे है हम लोगों ने कुत्ते को मारने व भगाने की कोशिश की तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने कोतवाली व 112 नं. पुलिस को दी सूचना पर एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, एसआई संजय दुबे सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वहीं घटना की सूचना मिलने पर चाचा आरिफ पुत्र मुन्ना मौके पर पहुंचा गंभीर घायल भतीजे को पड़ा देख उठाकर अस्पताल को चला तभी किसी ने कहा पुलिस आ रही है तो वह डर के मारे अस्पताल के बजाय घटनास्थल पर भतीजे को छोड़ दिया।

मृतक के चाचा आरिफ व परिजनों ने घटनास्थल के सामने बने घर के लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे कि इन्हीं लोगों ने गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की मां शाहीन कई वर्ष पहले मर चुकी थी पिता शहंशाह कबाड़े की फेरी लगाता था। मृतक अपने परिवार में अकेला था। वह भी कबाड़ा बीनकर अपना व पिता का पेट भरने का काम किया करता था। बालक की मौत से परिवार व मोहल्ले में कोहराम सा मचा। थाना कोतवाली क्षेत्र के गाड़ीपुरा नई बस्ती में शुक्रवार सुबह आठ वर्षीय बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 8 वर्षीय आहिल पुत्र शहंशाह निवासी गाड़ीपुरा थाना कोतवाली के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव के पास आवारा और एक पालतू कुत्ता मौजूद था, जो उसे नोच रहे थे। यह नजारा देखकर आसपास अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल के सामने बने वाल्मीक दिनेश के पुत्र नितिन ने बताया कि मैने सुबह उठकर देखा कि बच्चा खून से लथपथ पड़ा है और कुछ कुत्ते उसके पास मौजूद थे। मुझे शक बालक पर कुत्तों ने ही हमला किया है जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हुई है। जबकि घटनास्थल पर कुत्ते के मुंह में खून लगा हुआ था जिससे लोगों को लग रहा था बालक की मौत कुत्ते के काटने से ही हुई है। वहीं नितिन की मां ने बताया कि चोर आने की डर की वजह से रात रात भर हम लोगों को जागते हुए हो जाता है हम लोग सुबह 7 बजे सोऐ थे तभी घर के सामने शोर गुल व हाहाकार मचने से हम लोगों की आंख खुल गई तो देखा बालक खून से लतपथ पड़ा था हम लोगों को नहीं मालूम कि बच्चे की मौत किस कारण से हुई है। कोतवाली पुलिस का भी मानना है कि बच्चे की हत्या नहीं की गई बल्कि बालक की मौत कुत्ते की हमलावर होने से हुई है। घटना की सही जानकारी के उद्देश्य से बालक का पोस्टमार्टम कराया गया है सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगी।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी

संख्या -601/आबकारी/अपील/चेता./2025-26/बाराबंकी/ दिनांक : 28.08.2025

**अपील/चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466232, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-7017569578, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(शशांक त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

संक्षेप

## नाबालिग का 12वें दिन भी सुराग नहीं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) नगर में छात्रा के अपहरण को 12 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस नाबालिग को बरामद नहीं कर सकी है। इससे परिजनों के साथ ही समाजिक संगठनों में भी गुस्सा बढ़ता जा रहा है। मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी सौरभ गुप्ता की नाबालिक पुत्री 18 अगस्त की सुबह 7 बजे कृषक समाज इंटर कॉलेज पढ़ने जा रही थी। छात्रा के पिता का आरोप है कि रास्ते से उसका अपहरण कर लिया गया था। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, परंतु पुलिस छात्रा का अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा सकी है। परिजनों ने छात्रा की बरामदगी को लेकर पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात की जा चुकी है और कार्रवाई की मांग उठाई, मगर पुलिस अभी तक नाकाम साबित हुई है। इससे परिजनों में निराशा और आक्रोश गहराता जा रहा है। पुलिस की निष्क्रियता से राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना और वैश्य समाज के पदाधिकारी भी आक्रोशित हैं। जिला उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने कहा कि छात्रा को बरामद करने और अपहरणकर्ताओं व उनके संरक्षणकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## प्रबंध समिति के लिए हुए नामांकन

तिकुनियां-खीरी। जिला विद्यालय निरीक्षक/निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा के दिशा निर्देश पर महाराजा अग्रसेन शिक्षा संस्थान के प्रबंध समिति के चुनाव के लिए नामांकन पत्र प्रत्याशियों ने दाखिल किए। शुक्रवार को इंटर कालेज की प्रबंध समिति के चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार सक्सेना को सौंपे। प्रबंध समिति के लिए अध्यक्ष,प्रबंधक ,कोषाध्यक्ष और सह प्रबंधक पद के लिए दो-दो नामांकन व उपाध्यक्ष पद के लिए तीन-तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। सात सदस्यों के लिए एक से चार सीट पर दो दो और पांचवी सीट पर तीन लोगों ने नामांकन किया है। छठवीं सीट पर एकल और सातवी सीट पर दो नामांकन दाखिल हुए है। शनिवार को नाम वापसी और 31 अगस्त को चुनाव होगा। चुनाव में कुल 202 मतदाता है जिसमे छः मृतक है कुल 196 मतदाता 31 अगस्त को मतदान करेंगे। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार सक्सेना, लवलेश वर्मा, अश्विनी कुमार वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नशा पिलाकर प्लांट की रजिस्ट्री करने का आरोप

मोहम्मदी खीरी। गांव फरेंदा की पीड़िता ने पति को शराब पिलाकर कीमती प्लांट की रजिस्ट्री करा लेने का आरोप लगाकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया है वहीं कार्रवाई न होने पर परिवार के साथ आत्महत्या कर लेने की धमकी दी है। पीड़िता संतोषी देवी ने शिकायती पत्र में बताया उसके पति संजय को गांव के लोगों द्वारा नशा पिलाकर सड़क किनारे मकान के लिए खरीदा गया प्लांट की गुपचुप तरीके से रजिस्ट्री करा लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है उसके परिवार के जीवन यापन और रहने का एकमात्र सहारा है। जिसकी शिकायत पुलिस से लेकर उच्च अधिकारियों को दी है। जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर परिवार के साथ आत्महत्या कर लेने की धमकी मिलते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गए हैं। निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अनुसार शिकायती पत्र मिला है जांच कराई जा रही है।

# कमिश्नर ने खीरी में विकास योजनाओं की टटोली नब्ज, दिए निर्देश

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां उनके जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वागत किया। इसके बाद आयुक्त सीधे कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार पहुंची, जहां उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने विभागवार आंकड़ों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, विभिन्न विभागों के मंडलीय अफसर, डीएफओ संजय विश्वाल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अनिल कुमार रस्तोगी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह से बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई सहायता की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने नगर निकायों को नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सड़क चौड़ीकरण कार्यों में बाधा बन रहे विद्युत पोल और ट्रांसफार्मरों की शिफ्टिंग में हो रहे विलंब पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विद्युत महकमें के अफसरों को चेताया कि यथाशीघ्र शिफ्टिंग कराई जाए, अन्यथा जिला प्रशासन हीलाहवाली करने वालों की रिपोर्ट सीधे उन्हें भेजी जाए। आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने समीक्षा बैठक में पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति जानी। पीओ नेडा ने बताया कि अब तक 2451 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि बिजली बिल काउंटर और तहसीलों में स्टैंडिंग काउंटर स्थापित किए जाएं ताकि आमजन को योजना की जानकारी मिल सके। साथ ही कार्मिकों और सरकारी कॉलोनियों को रूफटॉप सोलर पैनल से संतृप्त करने के आदेश दिए। कृषि विकास योजना की समीक्षा में आयुक्त ने हाईटेक नर्सरी और मशरूम इकाई की स्थापना की प्रगति जानी। उन्होंने प्रगतिशील किसानों को आवेदन कराने और अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## सीएम आवास में बाढ़ प्रभावित परिवारों को मिलेगी प्राथमिकता : आयुक्त

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की फसलें पीएम फसल बीमा योजना के तहत बीमित कराई जाएं। पीएम आवास सर्वे- 2 में सेल्फ सर्वे और चेकर्स की प्रगति जानी और कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाए।

इस पर पीडी ने बताया कि अब तक 812 परिवारों की सूची दैवीय आपदा मद में संकलित की गई है।आयुक्त ने एफएसटीपी यूनिट व डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की समीक्षा करते हुए कहा कि लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर क्रय का टेंडर शीघ्र कराया जाए। डीपीआरओ ने बताया कि एक यूनिट के लिए स्थल चिह्नित हो गया है।साथ ही उन्होंने वर्किंग एजेंसी को स्थानीय प्रशासन से नियमित समन्वय रखते हुए गोला कॉरिडोर निर्माण की रफ्तार तेज करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों को सील कर नियमानुसार ध्वस्त किया जाए। डीबीटी के तहत छूटे बच्चों को लाभान्वित करने के प्रयास बीएसए से पूछे। डीआईओएस को आदेश दिए कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के तहत निर्माण व मरम्मत कार्यों की समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में प्रबंधकों की बैठक कराई जाए। मनरेगा के तहत तालाबों की सिल्ट निकालकर उन्हें मत्स्य पालन योग्य बनाने और नदी के 28 खंडों का ऑप्शन करने के निर्देश दिए गए। संभव अभियान में आईसीडीएस व स्वास्थ्य विभाग को ई-कवच पर फीडिंग, फॉलोअप और दवा वितरण पर फोकस करने को कहा। एनआरसी व मिनी एनआरसी की क्रियाशीलता पूछी। पीडब्लूडी से पिछले वर्ष सड़क चौड़ीकरण व सुढ़णीकरण कार्यों की प्रगति पूछी और धर्मार्थ सड़क मार्ग, सड़क चौड़ीकरण और सुढ़णीकरण कार्यों की कार्ययोजना जानी।

## स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस, अस्पतालों की होगी सघन चेकिंग

आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष सीएमओ ने बताया कि 205 आशाओं की चयन प्रक्रिया जारी है, एमबीबीएस व आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। 70 प्लस कैटिगरी में अब तक 20 हजार आयुष्मान कार्ड बने हैं। 1 से 15 सितंबर तक विलेज टू विलेज आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलेगा। आयुक्त ने अस्पतालों की सतत चेकिंग और पंजीकरण वेरीफाई करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि जांच और कार्रवाई के लिए 16 टीमें गठित कर दी गई हैं, जो नियमित रूप से अभियान चलाएंगी।

## सड़क गड्ढे में तब्दील, चलना दूभर



पसगवां खीरी। चार वर्ष पूर्व बनी सड़क ठेकदार द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने के कारण जर्जर हो गई है। जिस पर आलाधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे है ग्रामीणों ने जिसकी शिकायत जिलाधिकारी खीरी को पत्र भेजकर कर मार्ग को पुनः निर्माण करवाने के लिए की है। बता दे कि जनपद लखीमपुर खीरी ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल व जिलाधिकारी खीरी को पत्र भेजकर शिकायत की है जिसमें बताया है कि पसगवां से ग्राम खरगापुर जाने बाला रोड 4 वर्ष पूर्व एक ठेकदार द्वारा घटिया किस्म की सामग्री लगाकर बनवाया गया था जो अब जर्जर हो चुका है जिसमें जगह जगह पर गहरे गहरे गड्ढे बन चुके है। जिसपर निकलने वाले लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है इतना ही नहीं इस मार्ग पर कई मोटरसाइकल व साइकिल सवार गिरकर घायल हो चुके है। इसकी शिकायत कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की गई पर कोई कार्यवाही नहीं हुई पत्र पर ग्रामीण दिवाकर मिश्रा, अवनेंद्र,सुनील,प्रमोद, रघुराई, संजीवमिश्रा,अवनीश कुमार मिश्रा, सरजू,जगन्नाथ, प्रेमशंकर मिश्रा,हेतराम यादव,ने हस्ताक्षर किए हैं।

## बेहतर प्रदर्शन करने पर धौरहरा बीडीओ को मिला गोल्ड मेडल



- 10 लाभार्थियों को मिले इलेक्ट्रिक चाक
- आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने डॉक्टरों को सौंपे नियुक्ति पत्र खिले चेहरे

लखीमपुर खीरी। लखनऊ मंडल की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल संग एनआरएलएम के तहत 10 लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक चाक वितरित किए।

आयुक्त ने आकांक्षात्मक ब्लॉक धौरहरा को छह पैरामीटर से संतृप्त किए जाने पर बीडीओ संदीप कुमार को गोल्ड मेडल और ब्लॉक बांकेगंज को तीन पैरामीटर पर संतृप्त करने पर बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार को ब्रास मेडल से नवाजा। सीएम युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत धौरहरा ब्लॉक को जीरो पॉवर्टी के तहत चिन्हित लाभार्थियों संदीप कुमार, त्रिभुवन, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत गुप्ता व श्याम किशोर को योजना से लाभ प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा चयनित आठ संविदा चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के समक्ष सीडीओ अभिषेक कुमार ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में जिले में किए गए नवाचारों की प्रस्तुति दी। उन्होंने ह्यऑपरेशन राह और हर गांव महिमअभियान के तहत कराए गए कार्यों की जानकारी साझा की। जिले में अब तक 1030 तालाबों का निर्माण कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया है। इस पहल से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण इलाकों में सिंचाई और भूजल रिचार्ज की बड़ी सुविधा भी सुनिश्चित होगी। आयुक्त ने इन नवाचारों की सराहना कर इसे अनुकरणीय पहल बताया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने भी जिले की इस उपलब्धि को सराहा।

## पंजाब एण्ड सिंध बैंक में लगा शिविर दी योजनाओं की जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पंजाब एण्ड सिंध बैंक बरेली अंचल के आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर ने शुक्रवार को गोला शाखा का निरीक्षण कर वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और जन धन योजना जैसी सरकारी योजनाओं के लाभ बताए गए। बताया कि अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक संचालित होगा, जिसका उद्देश्य पात्र नागरिकों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। इसी क्रम में गोला शाखा में विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचे। शिविर में आंचलिक प्रबंधक ने लोगों को योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य प्रबंधक अमित मोहन अस्थाना, शाखा प्रबंधक श्रद्धा अवस्थी, शहर के प्रमुख व्यापारी और चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकित महेश्वरी सहित बैंक स्टाफ और तमाम व्यापारी मौजूद थे।

## कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में पांच पर केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोर्ट के आदेश पर विवाहिता के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत परिजनों से करने पर दबंगों ने घर में घुसकर महिला की लत घुसो से पिटाई कर जख्मी कर दिया था। पुलिस ने आदेश पर दो महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ करने का केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया वह घर पर अकेली थी तभी गांव के हरिराम ने उसके साथ जबरन छेड़छाड़ करने लगा विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देकर चला गया था पीड़िता ने शिकायत उसके परिजनों से की जिस पर गुस्साए हरि राम , शिवसागर उनकी पत्नी राम स्नेही, दीपू और राधा ने एक राय होकर लाठी डंडे से घर में घुसकर महिला की पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना की शिकायत पुलिस को दी थी कार्यवाही न होने पर कोर्ट की शरण गई जहां मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पालिकाध्यक्ष ने किया मुक्तिधाम का निरीक्षण, दिये निर्देश



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) मुक्तिधाम में 33.40 लाख रुपये की लागत से हो रहे निर्माण का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखा और आवश्यक दिशा निर्देश ठेकेदार को दिये।

शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जूनियर इंजीनियर अनिल यादव के साथ मुक्तिधाम में 6 नये अंत्येष्टि स्थल, इंटरलॉक एक लकडी रखने का हाल, एक गर्वेज यार्ड तथा तीन स्नानागार के हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता को भी परखा। इसके साथ ही मुक्तिधाम में झाड़ झंखड़ो, बरसाती घास की सफाई नगर पालिका द्वारा कराई जा रही है उसका भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मुक्तिधाम के सौन्दर्यीकरण के साथ दो बाडी चिलर और उसको आने ले जाने के लिए ई रिक्शा तथा हाल में बैठने के लिए स्टील की बेंच भी डलवाई जायेगी। शोकाकुल परिवार को कोई दिक्कत न हो इसके लिए बाड़ी चिलर को घर तक पहुचाया जाएगा तथा मुक्तिधाम में बैठने से लेकर लकड़ी, सफाई, स्नान आदि अन्य व्यवस्थाए भी की जाएगी। इसके बाद मुक्तिधाम में 600 रुपए कुंतल से लकड़ी की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर मोहित अवस्थी, विजय मिश्रा, रविन्द्र कटियार आदि मौजूद रहे।

## मेधावी छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों से रूबरू कराया

शाहजहांपुर। महिला एवं बालिका सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने एक अभिनव एवं प्रेरणादायी पहल की गई। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की मेधावी छात्राओं को एक दिवस हेतु वरिष्ठ पुलिस पदों की जिम्मेदारी सौंपकर उन्हें प्रशासनिक कार्यों से रूबरू कराया गया।

इस अवसर पर राजवीर कौर, कक्षा 10, नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, छावनी परिषद को एक दिवस का पुलिस अधीक्षक बनाया गया।श्रद्धा सिंह चौहान, कक्षा 12, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को एक दिवस का अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) बनाया गया। साम्भवी मिश्रा, कक्षा 11, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को एक दिवस का अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनाया गया। अशोभा, नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, छावनी परिषद को एक दिवस का क्षेत्राधिकारी (नगर) बनाया गया। स्वेता शर्मा, कक्षा 10, नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, छावनी परिषद को एक दिवस का क्षेत्राधिकारी (सदर) नियुक्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं ने अपने-अपने पदों पर बैठकर जनसुनवाई की, आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अनुभव ने बालिकाओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली की वास्तविक समझ के साथ-साथ आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक ने इस पहल को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं में प्रशासनिक कार्यों के प्रति रुचि उत्पन्न होगी तथा वे भविष्य में समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित होंगी।मिशन शक्ति अभियान का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण प्रदान करना है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## व्यापारियों व शिव भक्तों ने पुलिस प्रशासन को सम्मानित कर व्यक्त किया आभार

शाहजहाँपुर ।जनपद शाहजहांपुर में व्यापारिक संगठनों व शिव भक्तों द्वारा श्रावण मास, शिव बारात सहित विभिन्न त्यौहारों एवं धार्मिक जुलूसों के सफल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण संपूर्ण कराने पर शाहजहाँपुर पुलिस के प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर व्यापारियों एवं शिव भक्तों ने पुलिस प्रशासन को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया। जनमानस ने कहा कि जनपद पुलिस द्वारा त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाये रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया है। जनपद पुलिस के अधिकारीगण एवं पुलिस बल द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा-व्यवस्था की निगरानी की गई, जिससे जनपद में सभी धार्मिक आयोजन एवं जुलूस सकुशल सम्पन्न हुए। इस कार्य हेतु सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शाहजहाँपुर पुलिस ने सदैव आमजन की सुरक्षा, शांति एवं सौहार्द की रक्षा हेतु उत्कृष्ट कार्य किया है और भविष्य में भी पुलिस व जनता के आपसी सहयोग से इसी प्रकार शांतिपूर्ण वातावरण में सभी पर्व-त्यौहार सम्पन्न होंगे।

## महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली ।थाना खुदागंज पर वादिनी द्वारा प्राप्त तहरीर बावत अभियुक्त कुलदीप पुत्र अखिलेश उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम सूथा थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादिनी के घर में घुसकर वादिनी के साथ छेड़छाड़ करना व जान से मरने की धमकी देने के आधार पर मुकदमा थाने पर पंजीकृत किया गया था ।मुकदमे में वांछित अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त की लगातार तलाश जारी थी वाँछित अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त को खुदागंज पुलिस ने गिरफ्तार किया ।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन/स्वतंत्र प्रभारी थाना कटरा तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम व वारण्टियो की तलाश में भ्रमणशील के दौरान वारण्टी रामकिशोर पुत्र मनीराम नि0 ग्राम कुनिया थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

## वांछित अभियुक्त को तमंचे संग गिरफ्तार

शाहजहांपुर।पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम ,अवैध शराब, चोरी , लूट , डकैती, गौ तस्कर व तलाश वांछित अपराधी व वारन्टी तथा बरामदगी अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ के क्रम मे थाना तिलहर ने वांछित अभियुक्त अनमोल पुत्र मेघनाथ निवासी ग्राम गन्धार थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर को थाना तिलहर पुलिस ने बन्थरा फ्लाईओवर के नीचे रेलवे लाईन के पास थाना तिलहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया ।उक्त अभियोग में धारा 3/25/27 आयुध अधि0 की बढ़ोत्तरी की गयी है ।अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

## हॉकी में कृषक समाज इंटर कॉलेज बना विजेता



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के अवसर पर मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में तरूणोदय यूथ क्लब द्वारा कृषक समाज इंटर कॉलेज, गोला में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नारायण लाल वर्मा, हॉकी खिलाड़ी विनोद चंद्र मिश्र, एड. राजेश गिरी और प्रधानाचार्य एपी सरोज मौजूद रहे। अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि ध्यानचंद केवल एक खिलाड़ी नहीं बल्कि खेल जगत की प्रेरणा पुंज और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक थे। पुरुष वर्ग में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला ने गोल क्लब को 5-1 से पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सृष्टि वर्मा प्रथम, स्वाती देवी द्वितीय और अंशिका शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक के रूप में मकसूद अली और वीरेंद्र भारद्वाज ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक संदीप कुमार वर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को अपनाकर नशामुक्त, स्वस्थ और अनुशासित समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने खेलो नीति 2025 की भी जानकारी साझा की। प्रतियोगिता में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी सुधीर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, सरोज वर्मा, आविद अंसारी सहित अनेक गणमान्य लोग, अभिभावक, शिक्षक और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## मेजर ध्यानचंद को याद कर छात्रों ने दिखाया उत्साह




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) सीजीएन पीजी कालेज में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया।महाविद्यालय में खो-खो, शतरंज, कैरमबोर्ड, क्रिकेट सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भागीदारी को जीवन में सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक की भूमिका डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल ने निभाई। प्रतियोगिताओं में आदर्श पटेल, अमित कुमार यादव, डॉ. गौरव अवस्थी, अनिल कुमार, अनिल कुमार सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. विकास चैरसिया, डॉ. अशोक कुमार और डॉ. पीयूष कुमार शुक्ला सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन विवेक कुमार सिंह ने किया, जबकि संचालन डॉ. नवनीत कुमार, प्रभारी शारीरिक शिक्षा विभाग ने किया।इस दौरान सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद थे।

## वनवास की राह पर पहुंचे श्रीराम, चित्रकूट बना साधना और भक्ति का केंद्र

शाहजहाँपुर। खिरनी बाग स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिवस कथा वाचक श्री रमेश भाई शुक्लजी ने रामायण के उस प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जब प्रभु श्रीराम वनवास की ओर अग्रसर होते हैं और निषादराज तथा महर्षि वाल्मीकि से उनका पावन संवाद होता है।कथा वाचक ने कहा कि वन की ओर जाते समय सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण की भेंट निषादराज गुह से हुई। निषादराज ने प्रभु को गले लगाया और उनके चरणों में लोटकर अश्रुपूर्ण नयनों से निवेदन किया कि वे उनके घर पधारें। अपने सहज प्रेम और निस्वार्थ भक्ति से निषादराज ने दिखा दिया कि जाति, कुल या पद नहीं बल्कि हृदय की पवित्रता ही प्रभु तक पहुँचने का मार्ग है।इसके बाद श्रीराम गंगा नदी के तट पर पहुँचे। कथा वाचक ने बताया कि जब निषादराज ने गंगा पार करने के लिए अपनी नाव प्रस्तुत की तो उन्होंने पहले उसका शुद्धिकरण किया, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि कहीं प्रभु का पावन चरण छूते ही नाव भी अहिल्या की तरह दिव्य रूप न ले ले और स्वर्ग न चली जाए। यह प्रसंग श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और भक्ति का संचार करता है।

गंगा पार करने के पश्चात प्रभु वाल्मीकि ऋषि के आश्रम पहुँचे और निवेदन किया– हे मुनिवर ! मुझे ऐसा स्थान बताइए, जहाँ मैं अपने वनवास काल के वर्षों को साधना और शांति से व्यतीत कर सकूँ। इस पर महर्षि वाल्मीकि ने विनम्र भाव से कहा– प्रभु, चित्रकूट तप और भक्ति की भूमि है। यहाँ की पहाड़ियाँ, नदियाँ और वन आपके चरणों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही आपके वनवास का उत्तम स्थल है। महर्षि के वचनों को स्वीकार कर भगवान श्रीराम ने चित्रकूट की ओर प्रस्थान किया और वहाँ पर पर्णकुटी बनाकर साधना, भक्ति और तपस्या में लीन हुए। यही चित्रकूट आगे चलकर भक्तों के लिए परम पावन तीर्थस्थल बना। कथा वाचक ने संदेश देते हुए कहा कि यह प्रसंग हमें बताता है कि जीवन की कठिन राहों में भी यदि संतों और महात्माओं की शरण ली जाए तो मार्गदर्शन अवश्य प्राप्त होता है। चित्रकूट की तरह ही जीवन में भी एक आश्रय आवश्यक है जहाँ मनुष्य तप, त्याग और भक्ति से अपनी आत्मा को शांति दे सके। कथा के समापन पर पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूँज उठा। श्रद्धालु भक्ति और भाव-विभोरता में डूबे देर तक रामनाम संकीर्तन करते रहे। आज की पावन कथा में मुख्य रूप से अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित निर्मल शास्त्री मेयर पति राजेश वर्मा नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा रजनीश दीक्षित हरि शरण बाजपेई दीपक शर्मा दत्त शुक्ला ब्लॉक प्रमुख कांट अजय गुप्ता उमा सिंगल नीरज बाजपेई मनोज मिश्रा गौरव त्रिपाठी अखिलेश सिंह विष्णु मिश्रा राम प्रकाश गुप्ता आदि ने आरती पूजन किया।

संक्षेप

## सर्पदंश से महिला की मौत

भटनी(देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर मे बिती रात एक महिला का सर्पदंश से दर्दनाक मृत्यु हो गयी ।बताया गया है कि नंदनी देवी पत्नी राधेश्याम चौरसिया खाना बनाकर खाने के बाद सोने जा रही थी ।उसी समय सर्पने डस लिया ।घटना की सूचना परिजनों की दी ।थोडे ही देर मे बेहोश होकर गिर पडी परिजन आनन फानन मे सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये ।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महर्षि देवरहवाबाबा रेफर कर दिया ।उपचार के दौरान ही नंदनी देवी दम तोड दी ।मौत की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया ।गाँव मे मातम छा गया ।परिजन रोने विलखने लगे ।अन्तिम संस्कार जंगली बाबा घाट पर छोटी गण्डक नदी के तट पर अन्तिम स्स्कार किया गया ।जहाँ मुखग्नि पति राधेश्याम चौरसिया ने दिया ।इसी बीच भटनी से एक सपेरे को बुला कर सर्प को पकड कर एक बडे डिब्बे मे बन्द कर दिया ।

# खेलों में सफलता से बढ़ता है देश का सम्मानः अनिरुद्ध सिंह

जिला संवाददाता

**विद्या मंदिर देवरिया में खेल दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न खेल,**

देवरिया। खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं और अपने प्रदर्शन को और ऊंचा उठा कर देश को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने में खिलाड़ी भी अपना योगदान दें सकते हैं। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के क्रीड़ांगन में भारत रत्न ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित खेल दिवस में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कहा। उन्होंने अपने संबोधन में खेल और अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल को नियमों से संचालित किया जाता है और नियमों के अधीन रहते हुए अपने प्रदर्शन को विश्व स्तर पर ले जाकर देश का सम्मान बढ़ाया जा सकता है लेकिन इस सभी के पिछे अनुशासन और कड़ी मेहनत की शक्ति का समर्पण होना आवश्यक है। अनुशासन और प्रदर्शन में निरंतरता ही एक खिलाड़ी को महान बनाता है।

अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक तत्व है ।खेल हमें प्रतिस्पर्धा का सामना करने और उसमें सफलता पाने की जिद पालने का गुण सिखाता है ।इसी क्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सफल होना ।जब हम प्रतिभाग करते हैं तो हमारे मन में कहीं न कहीं आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है और यह आत्मविश्वास जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने योग्य हमें बनाता है ।कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत रत्न ध्यानचंद जी के चित्र पर प्रधानाचार्य व उपप्रधानाचार्य जी द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई ।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डॉ.सुदर्शन ने भी संबोधित किया। मुख्य खेल प्रशिक्षक श्री रामबली प्रसाद व उनके सहयोगियों द्वारा कबड्डी, खो-खो,वालीबाल, फुटबॉल, कुश्ती के मुकाबलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने खेल के जौहर दिखाए। खिलाड़ियों से परिचय श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने प्राप्त किया। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र प्रजापति ने किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ शारीरिक विभाग के आचार्य पाण्डेय जी, मीडिया प्रमुख मनोज कुंदन, आदि मौजूद रहे।

## खेल दिवस पर विद्यालय में खेलों का आयोजन

देवरिया - हाकी के महान खिलाड़ी स्वर्गीय मेजर ध्यान चंद्र जी की जयंती विरासत तथा वैश्विक मंचों पर देश को अपनी उपलब्धियों से गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को स्मरण करने और उक्त से प्रेरणा ग्रहण करने का अवसर होता है . ।इस दिवस को स्वस्थ समावेशी और सक्रिय भारत के निर्माण करने की भावना के साथ मनाया गया. ।इस दिवस पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेलों खो -खो , कबड्डी, रस्साकसी, दौड़ ,लंबी कूद , ऊँची कूद तथा फ्रॉगजंप में भाग लिया . विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती इंद्रावती देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया . इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनिल आदि उपस्थित रहे।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

ललितपुर। गुरूवार देर रात दैलवारा- ललितपुर सेक्शन के बीच दो शवों के क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने से हड़कम्प मच गया। ट्रेन चालक की सूचना पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। तदोपरान्त शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किये और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिले शव एक युवक व एक युवती का है।

इसलिए संभावनाएं जतायी जा रहीं हैं कि दोनों प्रेमी युगल रहे होंगे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों के शिनाख्त के प्रयास किये, इसी दौरान पंचनामा भरने के दौरान पुलिस ने मृतकों के पास से आई कार्ड मिले, जिनसे उनकी पहचान पुख्ता हो सकी। बताया जा रहा है कि युवती का नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत ग्राम गुमई निवासी शिवानी पुत्री गुलबदन एवं युवक का नाम मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत बकौरा निवासी आकाश रैकवार पुत्र संतोष के रूप में की गयी।

## ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण



देवरिया । मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन यंत्रों एवं अभिलेखों के संधारण की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिकअप वाहन से 12 गोवंशीय पशुओं सहित 4 गो-तस्करों गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बनकटा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर रामपुर बुजुर्ग चेकपोस्ट के पास से पिकप वाहन संख्या वढ60उळ5011 से कुल 12 गोवंशीय पशुओं ( 11 जीवित व 1 मृत ) के साथ 4 गो-तस्करों महबूब आलम उर्फ समीर पुत्र साकिर अहमद मीरपुर मझौआ थाना रामपुर जनपद मऊ, रियाज खान उर्फ बिकाऊ पुत्र रजब अली, सेराज खान उर्फ रियाज पुत्र रजब अली बसारिखपुर थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया व एक विधि विरूद्ध बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा बरामद वाहन व गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-105/2025 धारा 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व धारा 61( 2 )ए बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सेराज खान उर्फ रियाज बलिया जिले में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. जयप्रकाश दूबे, प्रमोद प्रजापति, विद्यासागर, संदीप निगम और पीआरडी सुभाष कुशवाहा शामिल रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 65 बच्चों की हुई जांच



कुशीनगर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्थानीय सीएचसी की स्वास्थ्य टीम ने विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय जोकवा खुर्द में पहुंचकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को आवश्यक दवाइयां दी गईं और स्वास्थ्य से जुड़ा परामर्श भी प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व डॉ. पवन बहादुर सिंह और डॉ. भूपेन्द्र सिंह कर रहे थे। टीम ने सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंचकर कुल 65 विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें आंख, कान, दांत, त्वचा सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के पश्चात छह बच्चों को आगे के इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फाजिलनगर जाने की सलाह दी गई ।चिकित्सकों ने बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोगों की प्रारंभिक पहचान से बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें सीएचसी पर आगे के उपचार हेतु भेजा जाएगा ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कलमदानी सिंह, अलका वर्मा, मल्लिका राय, अंजना सिंह, हरेंद्र कुमार, सदरे आलम आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल दिवस पर बुद्धा पीजी में विविध क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित





जिला संवाददाता

कुशीनगर। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा व मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने मेजर ध्यानचंद को महान खिलाड़ी बताया। खेलों में निरंतरता बनाए रखने का भी सलाह दिया। अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के विभागा प्रभारी प्रोफेसर राम भूषण मिश्रा ने किया। शतरंज बालिकावर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु चौहान, द्वितीय स्थान अपूर्व त्रिपाठी एवं तृतीय स्थान निधि कुमारी ने प्राप्त किया। इस प्रकार शतरंज बालक वर्ग में प्रथम स्थान रजत गुप्ता, द्वितीय स्थान आलोक कुशवाहा एवं तृतीय स्थान विराट कुमार ने प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल बालिका वर्ग में आशिया खातून प्रथम स्थान, अर्पिता गोंड द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान आंचल सिंह ने प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशिया खातून, जीनत खातून ने एवं द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पिता गोंड, आंचल गोंड ने प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल पुरूष वर्ग सौरभ कुमार ने प्रथम स्थान, चंदन कुशवाहा द्वितीय स्थान एवं आयूष त्रिपाठी ने तृतीय स्थान, बैडमिंटन मिक्स्ड में प्रथम स्थान सौरभ कुमार व आसिया खातून एवं द्वितीय स्थान चन्दन कुशवाहा व महक राव ने प्राप्त किया। संचालन महाविद्यालय के परास्नातक छात्र बासु प्रसाद गोंड ने किया। स्वागत उद्बोधन क्रीड़ा विभाग प्रभारी राकेश कुमार सोनकर ने किया। प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी प्रोफेसर हरिशंकर पाण्डेय, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ रीना मालवीय, विशेषता मिश्रा, सुभाष च्कृष्ण कुमार सिंह, घनश्याम, अमित तिवारी मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न

देवरिया ।हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि जिला ओलम्पिक संघ एवं जिला हॉकी संघ देवरिया के अध्यक्ष श्री संजय केडिया रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव अजय जायसवाल तथा हॉकी संघ के सचिव मोहम्मद अकरम सिद्दीकी ने बुके भेंटकर किया इस अवसर पर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि देवरिया के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता से पूर्व प्रातः 10 बजे बहुद्देशीय हाल में प्रदेश स्तर पर आयोजित ‌फिट इंडिया शपथ ग्रहण समारोह‌ का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसे जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पाण्डेय ने खिलाड़ियों के साथ देखा तथा शपथ ग्रहण में भाग लिया। जयपुरिया स्कूल देवरिया के बच्चों ने हॉकी एवं अन्य खेलों के समान महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया।

## जिला कारागार का किया गया निरीक्षण



देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया विशेष रूप से कारागार के सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल, और उनकी सुविधाओं के बारे में था। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों की स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की भी जांच कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कारागार की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। कारागार में लगे उउळश कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। इस दौरान मा0 अपर जिला जज, अपर जिला मजिस्ट्रेट ( प्रशासन ), कारागार अधीक्षक सहित अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## डीएम ने की महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में उ०प्र० रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में कुल 22 304बी० एवं पाक्सो एक्ट के मामले समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिसमें समिति द्वारा 304बी0 के कुल 03 एवं पाक्सो एक्ट के कुल 03 मामले में क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा पाक्सो एक्ट के कुल 10 मामलो को शासनादेश में निर्धारित मानको के अनुपालन में क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु अपात्र पाया गया तथा 06 मामलो में एफएसएल प्राप्त नहीं होने के कारण सम्बन्धित को एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिये गये है। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि पाक्सो एक्ट के मामलो में पीड़िताओ को मेडिकल जांच में सहयोग करें, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति को देखते हुए पीड़िता को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा सके। उक्त के कम में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित को शासन द्वारा निर्गत निदेशी के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक, डीप्टी सीएमओ, संयुक्त निदेशक, अभियोजन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, प्रभारी इस्पेक्टर रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति के सदस्य, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाईन, हब फॉर इम्पावरमेन्ट वूमेन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, संरक्षण अधिकारी आदि बोर्ड के सदस्य सचिव/नोडल अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न





जिला संवाददाता

देवरिया ।कलेक्ट्रेट सभागार में आज विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद की अध्यक्षता में विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।बैठक में विद्यालय वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद ने कहा कि विद्यालय बसों में बच्चों को निर्धारित सीटिंग क्षमता के अनुसार ही बैठाया जाए, किसी भी हालत में ओवरलोडिंग न हो। सभी वाहन चालक व परिचालक निर्धारित वर्दी में रहें और विद्यालय प्रबंधन समय-समय पर अपने चालकों के साथ बैठक कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन अपनी बसों की सूची सार्वजनिक करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी वाहन को पार्ट टाइम ड्राइवर न चलाए। वैन में अतिरिक्त सीटें लगाने की प्रथा पर पूर्ण रोक हो ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालय प्रबंधक व प्राचार्य अपने-अपने विद्यालय वाहनों का फिटनेस कैंप में परीक्षण कराएँ और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर एवं जीपीएस सिस्टम लगा हो। उन्होंने कहा कि सभी ड्राइवरों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा बसों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में पार्किंग की उचित व्यवस्था हो और बसों के नियमित सर्विसिंग की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन स्वयं ले पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से विद्यालय वाहनों की चेकिंग की जाएगी और हेल्पलाइन नंबर जारी कर अभिभावकों से भी निगरानी में सहयोग करने की अपील की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभिभावकों से समय-समय पर फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी और किसी भी विद्यालय द्वारा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महंत और मंत्री के विवादित जमीन की दोबारा हुई नाप, भारी पुलिस बल रही तैनात



देवरिया। शहर हनुमान मंदिर मंदिर की विवादित जमीन का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को जमीन की दोबारा नापी की गई। सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान कई राजस्व की टीमों ने विवादित जमीन की पैमाईस शुरू किया। आपको बता दे कि बीते दिनों हनुमान मंदिर के महंथ विवादित जमीन को मनोकामना हनुमान मंदिर की बताते हैं। तो वहीं राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और उनके पट्टीदार विवादित जमीन को अपना बताती हैं। इस मामले को लेकर कई बार राजस्व की टीमें पैमाइश कर चुकी है। लेकिन हर बार कोई ना कोई पक्ष असंतुष्ट हो जाता है। कुछ दिन पूर्व जब जिला प्रशासन विवादित जमीन की पैमाईस शुरू की तो विवादित जमीन हनुमान मंदिर के हिस्से में पाई गई। जिसके बाद राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा के बाद विवादित जमीन को जिला प्रशासन ने सील कर दिया। आज एक बार फिर भारी पुलिस बल और सदर एस डी एम श्रुति शर्मा के नेतृत्व में राजस्व की कई टीमों ने पैमाईस किया।

# ...आखिर सपा के कद्दावर नेता को कौन बचा रहा

**धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र मे सपा के कद्दावर नेता के नाम का किया था जिक्र**

कुशीनगर। धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में सपा के उस कद्दावर नेता को कौन बचा रहा है ? जिसका नाम पीडिता ने गोपाल राय को दिये गये प्रार्थना पत्र मे जिक्र किया है। सूत्रो की माने तो पुलिस को दिये गये तहरीर मे भी सपा के उस कद्दावर नेता का नाम अंकित था किन्तु कोतवाली पुलिस ने तहरीर से सपा नेता का नाम डिलीट कराकर तेरह लोगो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने का वाहवाही लूट रही है। सूत्रो के दावे कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है लेकिन चचाओं के बाजार में इस बात की चर्चा खूब है कि तहरीर से सपा नेता का नाम निकालने मे दो स्वजातीय पुलिस अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। सवाल अभी भी सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है कि पुलिस प्रशासन आरोपी दीवान को नही बक्शा तो फिर सपा नेता को बचाने मे इतनी दिलचस्पी क्यो दिखाई ?

काबिलेजिक्र है कि बीते दिनो जनपद के पडरौना नगर के निवासी अनामिका ने विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के मौजूदगी मे लखनऊ मीडिया के सामने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया था। मामला पीडिता के साथ दुष्कर्म और छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के मजार पर जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का है। मामले की खुलासे के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। सूत्र बताते है कि पीडिता अनामिका ने अपने तहरीर में जिन लोगो पर आरोप मढे थे पुलिस ने अक्षरसः तहरीर के मुताबिक एफआईआर में नाम दर्ज कर लिया, यहा तक कि तमकुहीराज थाने पर तैनात दीवान इम्तियाज के विरुद्ध भी तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखने से कोतवाली पुलिस तनिक भी परहेज नही की, किन्तु इस दरम्यान पीडिता के प्रार्थना पत्र मे अंकित सपा के कद्दावर नेता का नाम तहरीर से बाहर निकाल दिया। इसका एक जीता-जागता प्रमाण पीडिता द्वारा गोपाल राय को दिये गये प्रार्थना पत्र है जिसमे पीडीता ने उस सपा नेता का नाम उल्लेख करते हुए रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर का दोस्त बताया है और कहा है कि जब वह आलमगीर के घर पर थी तो एक दिन उस घर की मालकिन कही बाहर गयी थी घर पर सिर्फ वह और आलमगीर थे तभी आलमगीर के मित्र एवं रेडहिल के मैनेजर रितेश मिश्रा घर पर आये और तीनो मिलकर उसके साथ गैंग रेप किया। पीडिता ने रेडहिल के मालिक आलमगीर के जिस मित्र का नाम, पिता का नाम व पता का उल्लेख किया है वह कोई और नही बल्कि समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता है। हालाकि इस कद्दावर नेता के चरित्र पर आज तक कभी कोई अंगुली नही उठा है और न ही कभी इनका चारित्रिक दोष से संबंधित कोई मामला सामने आया है। पीडिता ने इस कद्दावर नेता का नाम अपने तहरीर में क्यो जिक्र किया है अपने आप मे सवाल है। लेकिन सवाल यह भी उठता है कि किसके दबाब में पुलिस ने पीडिता के प्रार्थना पत्र से सपा नेता का नाम निकालकर बाकी सभी आरोपियों के खिलाफ अक्षरसः तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर अपनी होशियारी पर अपना पीठ थपथपा रही है।

### थ्री स्टार वाले हुक्मरान का खेल

सूत्रो की माने तो जब पीडिता के तहरीर में एक थ्री स्टार अधिकारी ने सपा के कद्दावर नेता का नाम देखा तो वह सपा नेता को बचाने के लिए ताना-बाना बुनना शुरू कर दिए। इसके बाद वह थ्री स्टार पुलिस अधिकारी अपने स्वजातीय एक वरिष्ठ अधिकारी मे मिलकर आरोपी नेता को बचाने के लिए बुने गये ताना-बाना को अमलीजामा पहनाने में जुट गये। सूत्रो का कहना है कि नेताजी को बचाने के लिए इन स्वजातीय पुलिस अधिकारियों ने उनमे मोटी रकम की वसूले भी है। हालाकि इस बात मे कितनी सच्चाई है मीडिया इसकी पुष्टि नही करती है लेकिन इस बात में कितनी सच्चाई है इसकी निष्पक्ष जांच की पैरवी जरूर करती है। मजे की बात यह है कि थ्री स्टार अधिकारियों द्वारा बुना गया ताना-बाना की भनक जिले के पुलिस कप्तान को भी नही लगी। यही वजह है कि यह पुलिस अधिकारी अपने मंसूबे मे कामयाब रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी की भाजपाइयों ने निन्दा की

जिला संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं सभी वर्गों के हित हेतु संचालित हैं। इस नाते प्रधानमंत्री मोदी को सर्व समाज का अपार स्नेह प्राप्त है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए सतत प्रयास होना चाहिए।

उक्त बातें क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन ने आगामी 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा के जिला कार्यालय पर आहूत बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का यह एपिसोड होगी।

पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुना जाना है। इसके लिए मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ इकाई को सक्रिय करने की उन्होंने जरूरत बताई। पदाधिकारीयों ने गुरुवार को बिहार के दरभंगा में कांग्रेस की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी मां को अपशब्द बोलने पर निंदा की और इसे अमर्यादित और शर्मनाक बताया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान अब गाली की दुकान बन चुकी है। दरभंगा में महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द कहना यही उनकी असली मानसिकता दिखाता है।

जनता के सामने अपनी गिरती साख और असफलताओं को छुपाने के लिए ये नेता अब सीधे-सीधे गालियों पर उतर आए हैं। यह गाली वाली भाषा भारत और भारतीयता की भाषा नहीं हो सकती ।ऐसी बातों को न तो बिहार बर्दाश्त करेगा,न ही देश बर्दाश्त करेगा। इस अवसर पर सुदर्शन पाल, डॉ विनोद भारती, विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, बाबू नन्दन सिंह, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य, कार्यालय व्यवस्था प्रमुख भीखम प्रसाद उपस्थित थे।

## बरहज निवासी अपर नगर मजिस्ट्रेट की दुर्घटना में मौत से नगर में शोक

बरहज,देवरिया। मूल रूप से बरहज नगर पालिका क्षेत्र के निवासी और वर्तमान में आगरा में अपर नगर मजिस्ट्रेट (एसीएम) पद पर तैनात राजेश जायसवाल का शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इस घटना से प्रशासनिक अमले में शोक की लहर दौड़ गई है। बरहज नगर में जानकारी होते ही शोक की लहर दौड़ गई ।बरहज के रहने वाले एसीएम राजेश जायसवाल लखनऊ से अपनी निजी चार पहिया वाहन से आगरा लौट रहे थे। रास्ते में 77+200 माइलस्टोन के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके असामयिक निधन की खबर सुनते ही न केवल परिजन व क्षेत्रवासी, प्रशासनिक अमला शोकाकुल हो गया। बरहज नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, श्याम सुंदर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, अजीत जायसवाल, संजय बरनवाल,दिलीप जायसवाल, नथुनी मद्धेशिया ने शोक व्यक्त किया है।

# आर्थिक प्रगति हुई तेज

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इन आंकड़ों को जानकर जरूरत परेशान होंगे कि उन्होंने जिस अर्थव्यवस्था को डेड इकोनमी कहा था, उसकी विकास दर अमरीकी अर्थव्यवस्था से दोगुने से भी ज्यादा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के जो आंकड़े जारी किये हैं, उसके मुताबिक पहली तिमाही में भारत की आर्थिक प्रगति दर 7.8 रही जो कि बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक तो है ही लेकिन आरबीआई के अनुमान से भी 1.3 फीसद अधिक है। येआंकड़े इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं कि अमरीकी टैरिफ को लेकर अर्थव्यवस्था में जिस तरह की चिंताएं देखी जा रही थीं, वे चिंताएं इन आंकड़ों से जरूर कुछ कम होंगी। विकास की यह रफ्तार आगे भी बनी रहेगी ऐसी उम्मीद है, क्योंकि सरकार जीएसटी रिफॉर्म लागू करने जा रही है। इससे देश की आर्थिक प्रगति 2025-26 में सभी अनुमानों को पीछे छोड़कर सात फीसद को भी पार कर सकती है। अन्य सर्वे और आंकड़े भी तेज आर्थिक प्रगति की बात करते हैं। बीते बुधवार को उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 यह संकेत देता है कि देश का विनिर्माण क्षेत्र वृद्धि कर रहा है, लेकिन ढांचागत चिंताएं बरकरार हैं। वित्त वर्ष 24 में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में मौजूदा मूल्य पर 11.9




फीसदी का इजाफा हुआ लेकिन समग्र उत्पादन 5.8 फीसदी की दर से बढ़ा जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में काफी कम है। उस वर्ष महामारी के बाद इसमें 21 फीसदी की दर से वृद्धि हुई थी। रोजगार में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई और वित्त वर्ष 24 में प्रति व्यक्ति शुद्ध मूल्य वर्धन में पिछले वर्ष की तुलना में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। यह ठहराव को दर्शाता है। भारत जैसे श्रम-प्रधान देश के लिए, जहां विनिर्माण क्षेत्र को आय का समर्थन करना चाहिए, ये आंकड़े जरूर चुनौती हैं। दरअसल वर्षों के नीतिगत ध्यान के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी केवल 17 फीसद ही है और रोजगार में केवल 12 फीसदी। यह भारत के लिए आवश्यक स्तर से बहुत कम है। लाखों अर्द्ध कुशल या कम कुशलता वाले श्रमिक हर वर्ष श्रम शक्ति में शामिल हो रहे हैं। अगर फैक्ट्री में इनके लिए रोजगार नहीं बनेंगे तो इन लोगों के पास कम वेतन वाले असंगठित क्षेत्र के काम करने के सिवा कोई विकल्प नहीं होगा। औद्योगिक गतिविधियों का प्रसार भी कुछ जगहों पर केंद्रित है। शीर्ष पांच राज्य ही विनिर्माण जीवीए में 54 फीसदी और रोजगार में 55 फीसदी के हिस्सेदार हैं। इसके अलावा उत्पादन में पांच उद्योगों का दबदबा है जो हैं-बुनियादी धातुएं, मोटर वाहन, रसायन, खाद्य उत्पाद और औषधि। यह दरअसल समावेशिता को सीमित करता है और विनिर्माण की व्यापक वृद्धि की संभावनाओं को भी प्रभावित करता है। नीतिगत नजरिये से देखें तो भारतीय विनिर्माण क्षेत्र बहुत विभाजित है। इसमें छोटी कंपनियों का दबदबा है जिनकी तकनीक और वित्त तक सीमित पहुंच है। इससे उत्पादकता कम और लागत अधिक बनी हुई है। यह बात स्वीकारी जा चुकी है कि संस्थागत सख्ती निवेश को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए भारत के श्रम कानून उद्यमियों को उनके काम के लिहाज से बहुत कम प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। अनुपालन के बोझ की आशंका और विवादों का भय उद्यमियों को बड़े पैमाने पर नियुक्तियां करने से रोकता है। विशेष कर श्रम गहन क्षेत्रों में मसलन कपड़ा एवं वस्त्र, फुटवियर और खाद्य प्रसंस्करण आदि जहां भारत को तुलनात्मक बढ़त होनी चाहिए। ऐसे में यह अहम है कि नीतिगत हस्तक्षेप केवल कर राहत और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं तक ही सीमित नहीं रहे। जब देश की आर्थिक प्रगति तेज हो रही है, जीडीपी बढ़ रही है तो इसे और ताकत देने के लिए जरूरी है कि छोटे उद्यमों को पूंजी और तकनीक मुहैया करायी जाये ताकि रोजगार और विकास में इनकी भागीदारी बढ़े। इससे देश में रोजगार भी बढ़ेंगे, आर्थिक प्रगति भी तेज होगी और समावेशी विकास को भी पंख लगेंगे।

---

### विचार

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

पापीपेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

# सिमटते जंगलों के कारण गहराता संकट

**मनोज वार्ष्णेय**



पूरा देश इस समय कुत्तों को लेकर दो गुटों में बंटा हुआ है। एक गुट इन्हें प्रश्रय देने के पक्ष में है, दूसरा चाहता है कि इन्हें मानव आबादी से दूर किया जाए। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। लेकिन कुत्तों की चिंता में बाघ-बघेरों (बाघ और तेंदुओं) की अनदेखी एक नए संकट को जन्म दे रही है। यह संकट न सिर्फ प्रोजक्ट टाइगर को मात देगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामने बाघ-बघेरों की ऐसी दुनिया पेश करेगा, जिसे जानकर इंसान भी खुद चकित रह जायेगा। दरअसल वर्तमान में देश जंगलों के कटने तथा उसके एरिया की कमी के कारण, जहां जलप्रलय जैसी घटनाओं से जूझ रहा है, वहीं अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश आदि प्रांतों में बाघ-बघेरों के आतंक ने लोगों का जीवन हराम कर दिया है। हालत की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया सकता है कि शहरी क्षेत्रों में रोज बाघ-बघेरों के आने से सामान्य जीवन भी मुश्किल होता जा रहा है।

टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान भी टाइगर स्टेट का दर्जा पाने की ओर अग्रसर हैं। इसके साथ ही इन राज्यों में बाघ-बघेरों ने जंगल को छोड़कर बस्तियों में डेरा डालना आरंभ कर दिया है। चिंतनीय पहलू यह कि अब इन्होंने ट्रैपिंग पद्वति को भी धता बताना सीख लिया है। कई दिनों तक इन्हें ट्रैप करने के लिए लगाए गए पिंजड़े, शिकार के साथ लगे रह जाते हैं और ये या तो दूसरे स्थान पर शिकार कर लेते हैं या फिर वह मौका देखकर शिकार को ही ले उड़ते हैं। शिकार को ले उड़ने की घटनाएं वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए भी चिंता का विषय बन रही हैं। वर्तमान में देश में चार हजार के करीब बाघ-बघेरों के होने की संभावना है। (वर्ष 2022 में यह 3682 थे) मध्य प्रदेश में इनकी संख्या सर्वाधिक 785 है तथा उसके बाद उत्तर प्रदेश और राजस्थान का नंबर आता है। जिस तरह से इन तीनों स्टेट में बाघों और तेंदुओं की संख्या बढ़ रही है, उससे अब इनकी प्रजातियों पर जीन पूल का खतरा मंडराना आरंभ हो गया है। जीन पूल का संकट कैसे मंडरा रहा है, इस पर आने से पहले आइये यह जान लें कि जीन पूल संकट आखिर होता क्या है? जीन पूल का संकट का मतलब है किसी प्रजाति की आनुवांशिक विविधता का कम होना। यह समस्या हमारे यहां बाघों और तेंदुओं (बघेरों) दोनों में ही गंभीर रूप से सामने आ रही है। भारत में बाघों और बघेरों की संख्या भले बढ़ रही हो, मगर ये छोटे छोटे आइसोलेटिड पापुलेशन में बंटे हुए हैं। जिस कारण ये बार बार आपस में ही प्रजनन प्रक्रिया (इनब्रीडिंग) दोहराते हैं, जिसके कारण इनसे पैदा होने वाले बच्चे न सिर्फ कमजोर जीन वाले हो रहे हैं बल्कि उनमें जन्म से ही कई किस्म की बीमारियां और कमजोर इम्यूनिटी की समस्या पैदा हो गई है। इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि टाइगर प्रोजेक्ट के तहज जो आसोलेटिड टाइगर रिजर्व हैं, उन्हेंएक सुरक्षित कारीडोर के जरिये आपस में जोड़ दिया जाए और बाघ बघेरों की इस आबादी को आपसमें इंट्रैक्शन करने के लिए न सिर्फ विशुद्ध एरिया बल्कि साथी मिल जाएं।

> यह बात कम उल्लेखनीय नहीं है कि हर साल वन्यजीव अभ्यारण्य को सुरक्षित करने के लिए कम से कम दो सौ गांवों को विस्थापन योजना में शामिल किया जाता है। ये वहीं गांव होते हैं, जो कभी जानवरों और मानव के स्वभाविक सहजीवन के गवाह होते हैं।

**विमर्श**

बाघ-बघेरों में जीन पूल का यह संकट तब तक हल नहीं होगा, जब तक हम अलग अलग क्षेत्रों में मौजूद बाघ बघेरों की समूची आबादी को आपस में एक दूसरे के साथ इंट्रैक्शन करने का माहौल और सुविधा नहीं देते। दरअसल जब जीन पूल सीमित हो जाता है, तो इनब्रीडिंग की समस्या के साथ साथ प्रतिरक्षा प्रणाली भी बेहद कमजोर हो जाती है, जिससे संबंधित जीव अनेक बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। सीधी भाषा में समझें तो स्त्री-पुरुष के विवाह में आपसी खून के रिश्ते जिस तरह प्रतिबंधित होते हैं, वही नियम जानवरों पर भी लागू होता है। विशेषज्ञ की भाषा में कहें तो यह संकट वास्तव में जैनेटिक बीमारियों का संकट है और यदि बाघ-बघेरों की लंबे समय तक अनदेखी हुई, तो यह न सिर्फ शहरों में रहने को मजबूर होंगे बल्कि इनकी स्वभाविकता भी खत्म हो जाएगी, वही स्वभाविकता जिसके लिए यह जाने जाते हैं। वास्तव में इनकी स्वभाविकता में शामिल है जानवरों का शिकार, जंगलों में अपने परिवार के साथ अठखेलियां करना तथा अपनी शारीरिक सुंदरता को बरकरार रखते हुए प्रकृति के संतुलन की रक्षा करना।

अब प्रश्न यह उठ सकता है कि जीन पूल का यह खतरा क्यों हो मंडरा रहा है और इससे बचने का उपाय क्या है? तो इसे यूं समझा जाना चाहिए कि जिस तरह से हम कुत्तों को खतरनाक होने पर उन्हें शेल्टर होम में भेजने या उनकी आबादी को नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आगे खड़े हैं, उसी तरह से इनकी रक्षा के लिए भी सामने आना होगा। आखिर करना क्या होगा? यह मुख्य प्रश्न है। वर्तमान में देश में सिमटते जंगलों के कारण कई समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं।

माना जा रहा है कि भारत में इस सदी में करीब 25 से 28 हजार वर्ग किलोमीटर वन भूमि अब तक समाप्त हो गई है, जिससे जंगल न होने से जंगली जानवरों की कमी स्वभाविक है। इसमें नील गाय, हिरन, जंगली सुअर, भेड़िए, लोमड़ी के साथ ही दूसरे वे वन्यजीव भी हैं, जो बाघ-बघेरों के लिए भोजन का काम करते हैं। चूंकि अब जंगल नहीं हैं तो हरी घास के मैदान या चारागाह नहीं होने से स्वभाविक वन्यजीव प्रजनन घटता जा रहा है। देश के वन्यजीव अभ्यारण्य में पहले जहां एक सफारी के दौरान जंगली जानवरों की बारंबारता दिखती थी, वहीं अब इनके दिख जाने पर भी खबर बनती है। यह बात कम महत्वपूर्ण नहीं है कि वीआईपी मूवमेंट में ही बाघ-बघेरे क्यों नजर आते हैं और आम पब्लिक जंगली सूअर, मोर या हिरन देखकर ही संतुष्ट होती है? शाकाहारी मैदान न होने से बड़ी बिल्ली प्रजाति को भोजन नहीं मिलता है, तो वह शहर की ओर आ जाते हैं। शहर आकर उनकी पहचान मुश्किल हो जाती है। विशेषज्ञ इन्हें अर्बन तथा रुरल में बांट देते हैं। सीधी सी बात है कि जिन बघेरों ने शहरों के आसपास अपना निवास कायम कर लिया है, वे मानवीय सहजता के आदी होते जा रहे हैं। ऐसे में जब इनकी जान पर खतरा होता है, तो ये आक्रमण करके अपने को इस खतरे से बचाने की कोशिश करते हैं। फिर ट्रेपिंग और जंगल में छोड़ना। समस्या यह भी होती है, जो बघेरा या उसकी प्रजाति का सदस्य अपनी टैरेटरी छोड़कर आता है, वह बाद में किस टैरेटरी में जाता है? इसकी पहचान हो ही नहीं पाती। तब कई बार अपने ही परिवार के साथ मिलना हो जाता है और पनपती है, जीन पूल की समस्या।

यह बात कम उल्लेखनीय नहीं है कि हर साल वन्यजीव अभ्यारणय को सुरक्षित करने के लिए कम से कम दो सौ गांव का विस्थापन योजना में शामिल किया जाता है। ये वहीं गांव होते हैं, जो कभी जानवरों और मानव के स्वभाविक सहजीवन के गवाह होते हैं। समझा जा सकता है कि किसका भोजन और किसको बसाया जा रहा है। ग्रीन कारीडोर के लिए वन भूमि बढ़ाना हो या फिर हाइवे के लिए जंगलों पर अतिक्रमण हो या इंसानी प्रदूषण। बाघ-बघेरों के लिए वही समस्या बन रही है, जो शहरों में सदियों से मनुष्य के साथी रहे कुत्तों के कारण उत्पन्न हो रही है। वन्यजीवों की जंगल में जाने के लिए हाइवे पर पुल तो बन जाएंगे, एक कोर एरिया से दूसरे में भोजन के लिए शाकाहारी पशु लाए जा सकेंगे, विस्थापित मानव को दूसरी जमीन मिल जाएगी पर कहीं ऐसा न हो कि जीन पूल के कारण विजन-2047 में बड़ी बिल्ली प्रजाति के लिए कोई नया विजन न एडॉप्ट करना पड़े और उसे नाम मिले टाइगर प्रोजेक्ट जीन पूल...? हां, इस सबसे बचने के लिए एक रास्ता है और वह यह कि बाघ-बघेरों की अस्वभाविक मौतों को रोकने के साथ ही उनके लिए शाकाहारी जंगल विस्तारित किए जाएं तथा जीन पूल के लिए टैजपिंग जीवों को फिर से बसाने के लिए कोई माकूल योजना बने।

---

### सोशल मीडिया



15वां भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आज शाम को टोक्यो में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री इशिबा और मैंने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। पीएम मोदी.

# सद्कर्म की प्रेरणा

**अंतर्दृष्टि**

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

# गहन अंतरिक्ष में लहरायेगा तिरंगा



**विज्ञान ■ संजय श्रीवास्तव**

गहन अंतरिक्ष अनुसंधान की ओर कदम बढ़ाकर देश ने दूरदर्शिता का परिचय दिया है। मानवता के भविष्य को उन्नत और उज्ज्वल बनाने तथा अंतरिक्ष के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने के लिए यह अनिवार्य है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि 'डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन मिशन' की बड़े स्तर पर तैयारी हो और इससे संबंधित सभी क्षेत्रों में शोध के साथ-साथ प्रायोगिक एवं व्यावहारिक कार्य भी किए जाएं। यह एक ऐसा विचार है, जिसकी दूरदर्शिता और वर्तमान की महत्ता का वास्तविक आभास आने वाली पीढ़ियों को और अधिक होगा। निश्चय ही वे इस पहल के लिए वर्तमान प्रधानमंत्री की आभारी रहेंगी। वस्तुतः देश गहन अंतरिक्षीय अनुसंधान में पहले से ही संलग्न है, परंतु प्रधानमंत्री की प्रेरणा संभवतः इस दिशा में है कि यह कार्य और अधिक विशिष्टता और प्रमुखता के साथ एक संगठित अभियान के रूप में संचालित हो। इसमें इसरो के साथ-साथ निजी कंपनियों, अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स और विदेशी एजेंसियों का भी यथोचित सहयोग लिया जाए। इस सोच के पीछे एक दूरदर्शी दृष्टिकोण परिलक्षित होता है। ज्ञातव्य है कि पृथ्वी पर सोना, प्लैटिनम, निकल, कोबाल्ट जैसी धातुएं लगातार खनन के चलते सीमित मात्रा में शेष रह गई हैं। भविष्य में भिन्न-भिन्न तकनीकों में इनकी मांग और बढ़ेगी, तब इनकी उपलब्धता कठिन होगी। दूसरी ओर, अंतरिक्ष में मौजूद क्षुद्रग्रहों में ये धातुएं प्रचुर मात्रा में पायी जाती हैं। कई क्षुद्रग्रहों की संरचना लगभग पूरी तरह लोहे-निकल अथवा इसी प्रकार की धातुओं से बनी होती है। ऐसे में समझा जा सकता है कि वे पृथ्वी के लिए कितने जीवनदायी सिद्ध हो सकते हैं, बशर्ते हम उन तक पहुंचकर खनन कर सकें। क्षुद्रग्रहों और अन्य पिंडों से खनिज प्राप्त कर पृथ्वी पर बढ़ती आबादी और उद्योगों की आवश्यकताएं पूरी की जा सकती हैं।

इस प्रकार, अंतरिक्ष अन्वेषण पृथ्वी के संसाधनों पर दबाव कम करेगा और मानवता को टिकाऊ विकल्प प्रदान करेगा। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन आवश्यक है, क्योंकि क्षुद्रग्रहों का पता लगाने, वहां पहुंचने, खनन करने और संसाधन लाने के लिए लंबी दूरी तक जाने वाली तकनीक चाहिए। यही नहीं, अंतरिक्ष या अन्य ग्रहों पर जीवन खोजने, अथवा चांद और मंगल पर कुछ समय तक निवास हेतु आवश्यक तकनीक विकसित करने के लिए भी गहन अंतरिक्ष का अध्ययन अपरिहार्य है। आज पृथ्वी ऊर्जा संकट, जल संकट और खनिज संसाधनों की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। यह अध्ययन इन समस्याओं के स्थायी समाधान में सहायक होगा। उदाहरणस्वरूप, चंद्रमा पर हीलियम-3 नामक तत्व बहुतायत में उपलब्ध है, जो भविष्य में नाभिकीय संलयन हेतु ऊर्जा का मुख्य आधार बन सकता है। चंद्रमा पर प्रसंस्कृत यह ऊर्जा, यदि पृथ्वी पर पहुंच सके, तो यह लगभग असीमित और पूरी तरह स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत सिद्ध होगी। अंतरिक्ष आधारित सौर ऊर्जा संग्रह प्रणाली विकसित हो जाने के बाद पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त ऊर्जा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार, चंद्रमा और मंगल पर मौजूद बर्फ के भंडार से जल को ईंधन और ऊर्जा में परिवर्तित कर उसका दोहरा उपयोग संभव होगा। इस प्रकार,



गहन अंतरिक्ष अन्वेषण से धातुएं, खनिज और जल प्राप्त कर पृथ्वी के संसाधनों की भारी बचत हो सकती है। यही कारण है कि अमेरिका, जापान, चीन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां इस दिशा में सक्रिय हैं... क्योंकि उनके भी गहरे और दूरगामी उद्देश्य हैं। अमेरिका और जापान दो वर्ष पहले क्षुद्रग्रहों से नमूने लाने में सफल हो चुके हैं। नासा मंगल की मिट्टी-पत्थर का अध्ययन कर नमूने लाने की तैयारी में है और उसका एक मिशन वृहस्पति के वातावरण तथा चुम्बकीय क्षेत्र का अध्ययन कर रहा है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, तारों और ग्रहों के बनने की प्रक्रिया तथा परग्रही जीवन की संभावनाओं की खोज में लगा है। आर्टेमिस कार्यक्रम के अंतर्गत नासा 2030 तक चंद्रमा पर मानवीय बेस स्थापित करने की योजना बना रहा है।

उधर, यूरोपियन स्पेस एजेंसी, जो 11 वर्ष पूर्व धूमकेतु पर उतर चुकी थी, वर्तमान में बृहस्पति के चंद्रमाओं और उनके बर्फीले महासागरों का अध्ययन कर रही है। जापान की स्पेस एजेंसी पांच वर्ष पहले एक क्षुद्रग्रह से मिट्टी-पत्थर पृथ्वी पर ला चुकी है और अब उसका लक्ष्य चंद्रमा से नमूने लाना है। चीन भी चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतर चुका है और वहां से नमूने ला चुका है। उसका लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है। संयुक्त अरब अमीरात की स्पेस एजेंसी मंगल की कक्षा से उसके वातावरण का अध्ययन कर रही है। वहीं, स्पेस-एक्स जैसी निजी कंपनियां भी गहन अंतरिक्ष अध्ययन में सक्रिय हैं। संक्षेप में, रूस को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां गहन अंतरिक्ष अन्वेषण में क्षुद्रग्रहों और चंद्रमा से संसाधनों के दोहन, अन्य ग्रहों और उपग्रहों पर जीवन की संभावनाओं के खोज तथा वहां मानव के स्थायी ठिकाने बनाने के उद्देश्य से कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री भलीभांति जानते हैं कि भले ही भारत अभी क्षुद्रग्रह से नमूने लाने में सफल न हुआ हो और कुछ उपलब्धियों में कुछ पीछे हो, लेकिन हमारे पास एक ऐसा संगठन है, जिसका लोहा संपूर्ण विश्व मानता है और जो कई क्षेत्रों में अद्वितीय है.. वह संगठन है इसरो। अनेक उपलब्धियों के कारण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन लगातार सुर्खियों में रहा है और उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों ने भारत की अंतरिक्ष शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया है।

इसरो गहन अंतरिक्ष में बीस लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तक अपने शोध और प्रयोग जारी रखे हुए है। वह मंगल, वृहस्पति और चंद्रमा के अतिरिक्त धूमकेतुओं, बाह्य सौरमंडल तथा आकाशगंगा के अध्ययन में संलग्न है। इसरो अंतरग्रहीय संचार, अन्य ग्रहों पर जीवन की खोज और नवीन संसाधनों की तलाश में भी योगदान दे रहा है। उसने रोबोटिक मिशन भेजे हैं और मानवीय मिशनों की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। अंतरग्रहीय यात्रा के लिए आयन इंजन, परमाणु प्रणोदन जैसी नई प्रोपल्शन तकनीकों, पुनःप्रयोग योग्य प्रक्षेपण यानों और स्पेस डॉकिंग तकनीक के व्यवहारिक उपयोग में सफलता प्राप्त कर चुका है। हाल ही में गगनयान मिशन से संबंधित एयर ड्रॉप टेस्ट में भी कामयाबी मिली है। अगले पांच वर्षों में भारत का अपना स्पेस स्टेशन सुदूर अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रयोग हेतु सक्रिय होगा। निस्संदेह, इसरो और हमारे वैज्ञानिकों के पास इस कार्य की पर्याप्त क्षमता और प्रतिभा है। इसके अतिरिक्त, अब निजी भागीदारी भी इसरो के साथ जुड़ रही है, जो भविष्य में क्षुद्रग्रह मिशनों और गहन अंतरिक्ष संचार में सक्रिय भूमिका निभाएगी। विशेष बात यह है कि इसरो अन्य देशों की तुलना में बहुत कम लागत पर सफल मिशन संचालित करता है।

पूरा विश्वास है कि अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और किफायती तकनीक के बल पर भारत अंतरिक्ष संसाधनों की खोज में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि विश्व का अग्रणी साझेदार भी बनेगा। इसी विश्वास पर प्रधानमंत्री ने डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन मिशन का आह्वान किया है। अक्सर कुछ क्षेत्रों से यह अदूरदर्शितापूर्ण प्रश्न उठाया जाता है कि जब धरती और उस पर रह रहे लोगों की अनेक समस्याएं मौजूद हैं, तो अंतरिक्ष पर अरबों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य है? परंतु वस्तुतः अंतरिक्ष अन्वेषण से भविष्य में देश, समाज और संपूर्ण मानवता को जो लाभ होने वाले हैं, उन्हें समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरगामी सोच आवश्यक है। यह बात प्रधानमंत्री जैसे द्रष्टा ही स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आशा है कि सरकार दीर्घकालिक और व्यापक दृष्टिकोण, स्पष्ट रोडमैप और पर्याप्त बजट के साथ आगे बढ़ेगी तथा आगामी दो दशकों के भीतर गहन अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

## आप की बात

### बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। दरअसल असमानता को दूर करने के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा जाये और न्यूनतम आय एवं रोजगार की गारंटी मिले। इससे देश की प्रगति भी तेज होगी और आर्थिक असमानता भी कम हो सकती है।

**महेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### नक्सलवाद पर प्रहार

देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कभी गंभीर खतरा बन चुके नक्सलवाद का फिलहाल तेजी से सफाया हो रहा है और जल्द ही देश नक्सली समस्या से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों के प्रबल प्रहार के कारण धीरे-धीरे नक्सलवाद का भूगोल सिमटता जा रहा है। आतंकवाद पर मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से सब परिचित हैं। पूर्वोत्तर में संघर्षरत गुटों से समझौता करके और जम्मू-कश्मीर में सैन्य पराक्रम से आतंकवाद को सीमित करने में बड़ी मदद मिली है। लेकिन सरकार ने आतंरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है और इसी का परिणाम है कि पशुपतिनाथ से तिरुपति नाथ तक लाल कॉरिडोर बनाने का माओवादी सपना अब टूट गया है। अब माओवादी नक्सलवाद देश के बहुत ही सीमित हिस्से में रह गया है। संभव है अगले कुछ वर्षों में जो माओवादी बचे हैं, वे भी या तो हथियार डाल देंगे या सुरक्षा बलों के हाथों मारे जायेंगे। छत्तीसगढ़ के बस्तर के अबूझमाड़ घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को ढेर कर हमारे इस आकलन को पुख्ता भी किया है। अबूझमाड़ ऐसा पिछड़ा और खतरनाक इलाका है कि सरकारी अधिकारी वहां जाने से डरते हैं।

**रमेश चन्द्र द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## अपहरण और रेप में पाक्सो आरोपित दोषमुक्त

**अयोध्या।** छह साल पहले महाराजगंज थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर अपने घर के अन्दर ले जाकर उसकी इच्छा के विपरीत दुराचार करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पाक्सों आरोपित राम जनम पर अपराध साबित न होने पर दोषमुक्त कर दिया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश (तृतीय फास्टट्रैक कोर्ट) दीपक यादव ने वादी एवं पीड़िता के बयान तथा बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के तर्को को सुनने के पश्चात दिया। यह मामला अयोध्या जनपद के महाराजगंज थाना अन्तर्गत एक गांव का वर्ष 2019 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राम किशुन यादव, पवन यादव, आदर्श यादव व शैलेष यादव ने जोरदार पैरवी किया। तर्क दिया कि वह बेकसूर है रंजिशन फंसाया गया है। बयानों में भिन्नता है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 17-18 अक्टूबर 2019 की रात में गांव के राम जनम पुत्र निमोहीं वादी की 16 वर्षीय पुत्री की अपहरण कर लिये इसके बाद अपने घर के अन्दर ले जाकर उसकी इच्छा के विपरीत दुराचार किया। हो हल्ला पर गांव के लोग दौड़े तब वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# सूर्यकुंड में होगी पेयजल की व्यवस्था

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** आगामी रविवार को आयोजित सूर्यकुंड मेला के पहले सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दिए। वह नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ दर्शननगर वार्ड में ह्णनगर की सरकार आपके द्वारह्ण अभियान के तहत जन समस्याओं का जायजा लेने निकले थे। सुबह के 7:00 बजे सूर्यकुंड के प्रवेश द्वार पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दल अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ के नेतृत्व में मौजूद था। इसी बीच महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार वहां पहुंचे। यहां पार्षद प्रतिनिधि मनीष चैधरी ने स्थानीय लोगों के साथ अगुवानी की। इसके बाद निरीक्षण का सिलसिला शुरू हुआ। महापौर ने सूर्यकुंड के परिसर के बाहर चल रही सफाई को देखकर संतोष जताया, साथ ही शनिवार दोपहर तक सफाई व्यवस्था मुकम्मल कर लेने की हिदायत दी। सूर्यकुंड परिसर के अंदर घास उगी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण से इस संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया। महापौर ने मेला के मद्देनजर अस्थाई तौर पर लाइट लगवाने, पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने पांच सीटर शौचालय मेला परिसर में खड़ा करने तथा पेयजल के लिए वॉटर टैंकर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने परिक्रमा मार्ग से उखाड़े गए हैंडपंप को पुनः लगाने की मांग की। इस पर महापौर ने लोक निर्माण विभाग से पत्राचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में स्थापित नवग्रह तोड़ने की शिकायत भी दर्ज कराई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि सत्यदेव मिश्र ने मेला के दौरान चारों गेट खोलने की मांग की। इस पर नगर आयुक्त ने पत्राचार करने का वादा किया। उन्होंने सफाई को लेकर नामित एजेंसी ह्णकवचह्ण को निर्देश देने को कहा। महापौर ने मेला के पूर्व वाटर गन से परिसर के पेड़ों तथा जरूरी स्थान की धुलाई करने का निर्देश दिया।

- नगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत महापौर ने नगर आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

उन्होंने लगभग दो घंटे तक सूर्यकुंड परिसर, उसके आसपास तथा वार्ड की गलियों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों से बातचीत की। थोड़ा आगे बढ़ने पर गुड़िया श्रीपाद व अन्य ने नाली बनवाने की मांग की। महापौर ने दर्शन नगर चौराहे के सन्निकट सामुदायिक शौचालय बनवाने तथा नाली निर्माण का वादा किया। उन्होंने जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए नालों को एक दूसरे से जोड़ने तथा कूड़ा दान लगाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रविकांत यादव, राकेश पांडेय, नीरज गुप्त, विनोद मिश्र, चिंटू तिवारी, डॉ. एपी सिंह जी मौजूद रहे।

## खेल जगत की 25 हस्तियां महापौर के हाथों सम्मानित

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में खेल जगत की 25 हस्तियों को नगर निगम के तत्वाधान में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने खिलाड़ियों एवं कोच को ट्रैकसूट व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद चंदन सिंह, रामशंकर, सौरभ सिंह, सूर्या तिवारी, अजय तिवारी, निखिल श्रीवास्तव, किशन मौर्य, सर्वजीत छोटू, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे, क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, अनूप दुबे, रंगेश त्रिपाठी, सरदार सुरेंद्र सिंह, आशीष सूद, केपी सिंह, हेमंत पांडे, देवेशमणि त्रिपाठी, आयोजन समिति के राहुल सिंह, सुनील अवस्थी, रोहित शर्मा, राहुल पाठक, निरंकार पाठक, लालजी शुक्ल, आदि मौजूद रहे। महापौर ने इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर निगम में एक और स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि अयोध्या नगरी के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का भी वादा किया। नगर आयुक्त ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का योगदान अविस्मरणीय है, उन्हें नमन करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि इस मौके पर फुटबॉल एवं हैंडबॉल के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह, हॉकी के योगेश्वर सिंह, कबड्डी के राकेश कुमार मौर्य, वॉलीबॉल के प्रियेश दुबे, बैडमिंटन के अनुपम शुक्ल, बास्केटबॉल के शशांक पांडे, क्रिकेट के अंबुज मिश्र, खिलाड़ियों में एथलेटिक्स के अभिजीत सिंह, पलक तिवारी, शालू कुमारी, कुश्ती के पुष्कर राज शुक्ल, फुटबॉल के रद्राणी यादव, कबड्डी के वैभव सिंह, बिंदु यादव, बैडमिंटन के दिव्यांश सिंह, लक्ष्मी गौड़, वॉलीबॉल के आदित्य गुप्त, प्रियंका दुबे, जय मिश्र, तैराकी के कृष्णा यादव, सृष्टि पाठक, निशानेबाजी के प्रनतपाल सिंह, अर्पिता सिंह, क्रिकेट के विधि यादव आदि शामिल रहे।

- खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन

# आरटीओ ने ट्रांसपोटर्स, डीलर्स को कर जमा कराने और प्रप्रत्र वैध रखने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

अयोध्या। आरटीओ प्रशासन ऋतु द्वारा शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय में विभिन्न- बस, ट्रक, टैम्पो आदि के यूनियन पदाधिकारियों, डीलर्स, वाहन स्वामियों के साथ एक बैठक की गयी जिसमें सभी से बकाया कर जमा करने हेतु निर्देश दिये गये एवं वाहन के सभी प्रपत्र यथा परमिट, परमिट अथराइजेशन, पंजीयन, बीमा, फिटनेस, पीयूसी, अतिरिक्त कर आदि पूर्ण कराने को कहा गया।

सभी वाहन स्वामी अपना कर घर बैठे आन-लाइन माध्यम से कर जमा कर सकते हैं अन्यथा वैध तिथि के बाद कर जमा करने पर हर माह जुमार्ना भी भरना पड़ेगा। आरटीओ द्वारा बताया गया कि सभी प्रपत्र वैध होने पर ही वाहन को सड़क पर लाना चाहिए किसी भी दशा विना वैध प्रपत्रों के वाहन न चलाएँ। इस संबंध में कार्यालय से परमिट समाप्त, परमिट अथराइजेशन समाप्त वाहनों को नोटिस भी प्रेषित किये जा चुके हैं एवं यदि शीघ्र ही ऐसे वाहन स्वामियों ने अपनी वाहन का फिटनेस, टैक्स, पंजीयन अपडेट कराते हुए परमिट नवीनीकरण न कराया तो संभागीय परिवहन प्राधिकरण अयोध्या (आरटीए) की बैठक में ऐसे वाहनों का परमिट निरस्त भी किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में लखनऊ में संपन्न हुई एसटीए की बैठक में बड़ी संख्या में परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है। बैठक में बस आपरेटरों व यूनियन पदाधिकारियों को प्राधिकरण द्वारा निर्धारित स्टेज कैरिज मार्गों की सूची उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि आरटीए अयोध्या की बैठक 16 सितम्बर को प्रस्तावित है। जो बसें परमिट से अच्छादित नहीं है वे सूची में उपलब्ध मार्गो के अनुसार निर्धारित प्रारूप पर समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण करते हुए सचिव, संभागीय परिवहन प्राधिकरण कार्यालय, आरटीओ आफिस अयोध्या में आवदेन कर सकते हैं। सार्वजनिक सेवा यान के अंतर्गत अभिकर्ता लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदन करें जो टिकट बेचने के लिए अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नोटिस बोर्ड पर जानकारी उपलब्ध है। आरटीओ द्वारा यह भी बताया गया कि सभी व्यावसायिक वाहन चालको से 8 घण्टे से अधिक कार्य न लिया जाय तथा लंबी दूरी की यात्रा में 02 ड्राइवर अनिवार्य रूप से रखें जाय। मोटर कैब से भिन्न परिवहन यान के सभी ड्राइवर उ.प्र. मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम-14 में निर्धारित यूनिफार्म खाकी बुशशर्ट या चार पाकेट फ्लैप के साथ कोट, फुल पैंट व खाकी टोपी पगड़ी पहनें। नियम-33 में कण्डक्टर की वर्दी निर्धारित है जिसका रंग स्लेटी है। ड्राइवर का नाम, आधार नंबर, मोबाइल नंबर भी वाहन में अंकित होना चाहिए और उसकी चरित्र सत्यापन की पुलिस रिपोर्ट प्राप्त कर आरटीओं कार्यालय में एआरटीओं को उपलब्ध करायें। अयोध्या टैक्सी एसोसिएशन, टैम्पो यूनियन एवं अन्य वाहन स्वामियों को यह भी निर्देश दिये गये कि बिना परमिट या निजी वाहन टैक्सी में संचालितं न किये जाय।

## जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धः रोहित

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जिला पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने जनता दरबार लगाया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। रोहित ने सभी की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए वार्ता किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से आवास, पेंशन, शौचालय, बिजली, सड़क और नलकूप जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। कुछ ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी परेशानियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें भी रखीं। आलोक सिंह रोहित ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझना और समयबद्ध समाधान कराना है। उन्होंने कहा, जनता की परेशानी दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी पीड़ित को इधर-उधर भटकना न पड़े, यह हमारी जिम्मेदारी है। जिले का हर नागरिक बिना भेदभाव अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है। प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जनता को राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। रोहित ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों को टालमटोल नहीं किया जाए, बल्कि तय समय सीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या पर गंभीरता से कार्यवाही होगी।

## प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ चला अभियान, 2 दुकानें सील



**बाराबंकी।** जनपद में नकली और प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी पर रोक लगाने को लेकर औषधि निरीक्षको की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर प्रतिबंधित व अवैध दवाओ की ब्रिकी पर रोक लगाये जाने को लेकर औषधि निरीक्षक राजिया बानो व औषधि निरीक्षक अयोध्या आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम ने शहर के लखन मार्केट स्थित दवा मंडी, कुर्सी रोड स्थित शगुन फार्मा व जायसवाल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी मे नारकोटिक्स एवं प्रतिबंधित औषधियों की सघन जांच करते हुये किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित औषधि नहीं पाई गई। तथा प्रतिष्ठान में कॉम्पिटेंट पर्सन उपस्थिति न होने के कारण औषधियों का क्रय विक्रय तत्काल प्रभाव से रोकते हुए कॉम्पिटेंट पर्सन का भौतिक सत्यापन होने तक प्रतिष्ठान को बन्द कराया गया। तथा मेडिकल स्टोर में रखी 4 औषधियों का रेंडमली आधार पर नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

## शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ने की बैठक

**जैदूपुर, बाराबंकी।** उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय संगठन मंत्री ने न्यायपंचायत नवाबपुर कोडरी के कम्पोजिट स्कूल मुरलीगंज, प्राइमरी स्कूल कोपवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोपवा, प्राथमिक विद्यालय मुतुर्जीपुर में अध्यापकों व अभिभावकों से मिल बच्चों के नामांकन वृद्धि, उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षकों के समक्ष आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से वार्ता की। इस मौके पर मोहम्मद आसिम, रिंकू सिंह, वंदना यादव, सोमप्रभा, मिनहाज, रजा आमिर, मिस्बाह फातिमा, विपिन, कामिनी वर्मा, शमा अफरोज, अंशिका वर्मा, रेनू मौजूद रहे।

## 06 व्यक्तियों के खातों में भेजी गई रू. 24 लाख की अहेतुक सहायता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 06 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 24 लाख तथा 10 व्यक्तियों के बैंक खातों में पशु सहायता के रूप में रू. 3.75 लाख इस प्रकार 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 27.75 लाख की सहायता राशि भेजी गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 12 लाख, मिहींपुरवा (मोतीपुर) व महसी में 01-01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 04-04 लाख, इस प्रकार 05 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 20 लाख की धनराशि 18 अगस्त 2025 को हस्तान्तरित की गई है। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 01 व्यक्ति के बैंक खाते में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 04 लाख तथा तहसील महसी, कैसरगंज, आदि है।

# इंदिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ शुभारम्भ

बहराइच 29 अगस्त। हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी की जयन्ती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड ने नगर पलिका परिषद के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, बहराइच उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी बृजमोहन मातनहेलिया, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, जिला क्रीडाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य महराज सिंह इण्टर कालेज संतोष शुक्ला सहित खेल संगठनों के पदाधिकारी व अन्य अतिथियों के साथ मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का शुभारम्भ कर मौजूद विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों व अन्य अतिथियों को शपथ भी दिलायी। इसके पश्चात पूर्व सांसद ने अन्य अतिथियों के साथ जनता माण्टेस्त्री स्कूल व गोल्डेन वेल्स एकेडमी के मध्य खेले जाने वाले हाकी मैच का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान पदमश्री मोहम्मद शाहिद सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम विजयन्तखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण
- माल्यार्पण कर याद किये गये हाकी के जादूगर



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री गोड ने कहा कि हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा है कि खेलों के माध्यम से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास हो और खेलों के प्रति उनकी रूचि बढ़े। गत वर्षो में ओलम्पिक के दौरान हमारे देश के कई होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होनें मौजूद बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। जबकि कार्यक्रम का संचालन सरदार सरजीत सिंह ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन आयोजित हाकी प्रतियोगिता में राजा रंजीत सिंह स्कूल, जनता मॉन्टेसरी स्कूल, गोल्डेन बेल्स एकेडमी, स्टेडियम, सीएमएस, संत पथिक एकेडमी, मॉर्निंग स्टार स्कूल एवं डीएचए बहराइच सहित कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का प्रथम सेमी फाइनल राजा रंजीत सिंह बनाम स्टेडियम के मध्य खेला गया, जिसमें स्टेडियम विजयी रही। जबकि दूसरा सेमी फाइनल संत पथिक बनाम डीएचए के मध्य खेल गया, जिसमें डीएचए विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल स्टेडियम बनाम डीएचए के मध्य खेल गया, जिसमें स्टेडियम 2-0 से विजयी रही। मुख्य अतिथि श्री गोंड ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण।

## एसपी ने शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये



**बहराइच।** जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## खाद की किल्ल्त से किसान हो रहे परेशान

**अयोध्या।** जिले में लम्बे समय से खाद की भारी किल्लत होने से किसानों को परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा है। जिले के हैरिंग्टनगंज ब्लाक के ग्राम ढ़ेमा शिवबक्शराय निवासी सच्चिदानन्द तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व जिला कृषि अधिकारी को पत्र देकर जिले में हो रही खाद की भारी किल्लत की शिकायत किया है। श्री तिवारी ने कहा कि इस किल्लत में शासन प्रशासन ने निजी दुकानदारों पर भरोसा न कर सहकारी समितियों से खुलेआम खाद बंटवाया जा रहा है जोकि मनमानी तौर पर एक बोरी सभी को या अपने चहेते को ज्यादा खाद देकर खूब पैंसा कमाया जा रहा है। श्री तिवारी ने कहा वह सहकारी समिति शाहगंज शाहगंज में कई दिन गया भीड़ होने की वजह से उसे खाद नहीं मिल सका। इसके बाद व सेमरा, आस्तीकन भी गया वहां भी उसे खाद नहीं मिली। वहां से कहा गया कि वह अपने समिति से जाकर खाद ले। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार में 55 बीघा जमीन है जिसमें 25 बीघा धान, गन्ना व चरी है सभी फसलों को खाद देना होता है। इसलिए उसे 375 किलो खाद की सख्त आवश्यकता है। सहकारी समितियां एक बीघे पर एक बोरी तथा बीस बीघे पर भी एक बोरी खाद दिया जा रहा है जबकि अपने खास लोगों को ज्यादा खाद दिया जा रहा है।

## मासूमों की जिंदगी से खेल रहे स्कूल संचालक



**बहराइच।** जनपद बहराइच में लगातार सरकार के नियमों को ताक पर रख कर मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ खेलवाड़ किया जा रहा है।,एक तरफ सरकार विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश देती है की जिले के परिवाहन अधिकारी विद्यालयों में चलने वाली स्कूली वाहन की मासिक समीक्षा करे।,वही दूसरी ओर विद्यालय के संचालकों के द्वारा मासूम बच्चों की जिंदगी को जोखिम में डाल कर पैसा कमाया जा रहा है,,मासूम मासूम बच्चों को खाद की बोरियों की तरह स्कूली वाहनों में ठूसा जा रहा है न ही बच्चों को लेकर कोई सुरक्षा उपकरण है न सरकारी नियमों का कोई पालन,इसको लेकर जब हमारे संवाददाता ने इसकी पड़ताल शुरू की,सरकार के नियमों के उल्ट सब चीजे आई नजर न चालक द्वारा सीट बेल्ट का पालन किया जा रहा था, वाहन में फायर सिलेंडर तो कुछ में दिखा लेकिन फर्स्ट एड बॉक्स तो वाहन से गायब ही था, वही जिले के परिवाहन अधिकारी ओ.पी.सिंह ने बताया कि जो भी छोटी स्कूली वैन है जैसे टाटा मैजिक, मैक्सिमो, सुपुरो आदि उसमें ड्राइवर मिलाकर 08 सीट पास है।, जनपद बहराइच स्कूल के संचालकों के द्वारा सूबे की सरकार से बेखौफ हो कर स्कूल के द्वारा वाहन में14 बच्चे बैठाए जा रहे ।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था, क्राइम की बढ़ोत्तरी पर पूर्व सांसद ने की प्रेस वार्ता

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। वर्तमान सरकार केवल धर्म और जाति पर राजनीति कर रही है। प्रदेश में पूरी तरीके से माफियाराज कायम है, जिसमें चारों तरफ भय का माहौल बना हुआ है। वर्तमान सरकार को पूरे 8 साल हो रहे हैं, जिसमें चोरी, डकैती, हत्याऐं वा महिलाओं पर अपराधिक घटनाऐं, दलितो का शोषण व उत्पीड़न किया जा रहा है। दलितों की बारात व घोड़ी पर चढ़ने नही दे रहे हैं। इस सरकार में जाति पूछ के अत्याचार किया जा रहा है। उक्त उद्गार सांसद आवास पर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, क्राइम की घटनाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने मीड़िया से रुबरु होते हुये व्यक्त किये। श्री पुनिया ने कहा कि सरकार बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के नारे दे रही है जबकि हकीकत यह है कि इस सरकार में जितना अत्याचार बेटियों पर हुआ है इससे पहले इतना अत्याचार किसी भी सरकार में नही हुआ हैं। यूरिया खाद के मुद्दा पर बोलते हुये पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा खाद की कालाबाजारी नेपाल में हो रही है जोकि 2 से 2.50 हजार की बोरी बेची जा रही है। जिससे जनपद का किसान त्राहि त्राहि कर रहा है। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने वोट चोरी के मुद्दे पर कहा कि, जिस प्रकार सरकार एवं चुनाव आयोग आपस में गठबन्धन कर वोट चोरी कर रहा है उससे आम जनमानस काफी आघात है। इससे आमजनमानस के अधिकारों की लड़ाई पूरे देश में सिर्फ और सिर्फ एक हमारे नेता जननायक श्री राहुल गांधी जी लड़ रहे हैं, और जनपद बाराबंकी के अन्दर एक एक वोट पर हमारी निगाहें रहेंगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, विजय पाल गौतम, अजय रावत, आर0डी0 राव, इरफान कुरैशी मौजूद रहे।

- 8 साल के कार्यकाल में वर्तमान सरकार मे चोरी, डकैती, हत्याऐं व महिलाओं, दलितो का हुआ उत्पीड़नः डॉ. पीएल पुनिया

## 14 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी गई 4200 बोरी यूरिया

**बहराइच ।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2976 मैट्रिक टन यूरिया, 5226 मैट्रिक टन डीएपी, 2808 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13322 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 58925 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 607 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की 14 समितियों, सहकारी संघ बालापुर, बाबागंज व कटहा, साधन सहकारी समिति खुटेहना, पयागपुर, वशेश्वरगंज, रिसिया, शंकरपुर, बाबागंज, नासिरगंज, कसेहरी बुजुर्ग, साधन, सरायजगना, रायबोझा व नाकौड़ा पर 13.5-13.5 मैट्रिक टन उर्वरक भेजा गया है।

इस तरह जनपद की कुल 14 समितियों पर 189 मैट्रिक टन/4200 बोरी उर्वरक भेजी गयी है।

## जेल में निरुद्ध जाली नोटों के कारोबारी को मिली राहत, जमानत स्वीकार

अयोध्या। राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र में पांच सौ के जाली नोटों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजे गये आरोपित राजा बाबू को संबंधित न्यायालय से भारी राहत मिली है। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवानी जायसवाल ने आरोपित राजा बाबू की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के पश्चात मंजूर करने का आदेश पारित किया है। यह मामला अयोध्या के राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र का 31 जुलाई 2025 का है। आरोपित पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता यूपी बार काउंसिल अनुशासन समिति के सदस्य मोहम्मद आरिफ ने पैरवी किया। जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के पश्चात तर्क दिया कि वह निर्दोष है। पुलिस ने उसे बेवजह गिरफ्तार कर 26 जुलाई से ही थाना में बैठाये रखा उसके भाई ने 29 जुलाई को एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर स्थानीय पुलिस से शिकायत किया था। रिमांड के समय तृतीय एसीजेएम ने आरोपित का मेडिकल कराने का आदेश दिया था। मेडिकल रिपोर्ट में उसके शरीर में चोट का निशान था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 31 जुलाई 2025 को समय 3.30 बजे थाना रामजन्मभूमि के दरोगा रजनीश कुमार पाण्डेय को सूचना मिली कि अर्जुन कास्टमेटिक दुकानदार आदर्श सोनी के पास एक लड़का पांच सौ का जाली नोट लेकर आया है। सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से 9 नोट पांच सौ के जाली बरामद किया। जबकि वह लड़का पांच सौ रुपए का जाली नोट देकर दूकानदार से सामान खरीद रहा था। पूंछतांछ के दौरान उसने अपना नाम राजा बाबू पुत्र संजय राय निवासी ग्राम डढ़िया थाना सेमरा बाजार बेत्तिहा जनपद पश्चिम चम्पराण बिहार बताया।

संक्षेप

## भारत में एआई अपनाने की रफ्तार हुई तेज

नयी दिल्ली। मेटा ने आज रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के साथ एकएकमहत?वपूर्णसंयुक्तउद्यम (जेवी) बनाने के अपने इरादे की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य भारतीय उद्यमों के लिएलामा-आधारित एंटरप्राइज एआई सॉल्यूशंसविकसित करना है। इस साझेदारी के केंद्र में हैमेटा की भारत के प्रति प्रतिबद्धताऔररिलायंस के साथ मिलकर एआई टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने का साझा लक्ष्य। यह संयुक्तउद्यम, मेटा केओपन-सोर्स लामा मॉडल्सका उपयोग करकेसेल्स, मार्केटिंग, आईटी, ग्राहक सेवा, फाइनेंसऔर अन्य कई क्षेत्रों के लिएकस्टमाइज्ड एआई सॉल्यूशंसतैयार करेगा। यह साझेदारी एकसुरक्षित फुल-स्टैक वातावरणभी प्रदान करेगी, जिससे संगठन अपनी आवश्यकताओं के अनुसारजेनेरेटिव एआई एप्लिकेशंसतैयार कर सकेंगे। इसके साथ ही, विभिन्न उद्योगों और क्रॉस-फंक्शनल जरूरतों के लिएपहले से कॉनफि गर किए गए एआई सॉल्यूशंसका एक सेट भी उपलब्ध होगा।

## हिमालया वेलनेस ने वर्ल्ड ऑफ नीम को किया लॉन्च

मुंबई। पिंपल एक्ने पॉज़िटिविटी डे से पहले यह आयोजन इसलिए किया गया ताकि त्वचा की देखभाल और -आत्मविश्वास पर एक महत्वपूर्ण संवाद शुरू किया जा सके। लगभग हर पाँच में से चार युवा भारतीय मानते हैं कि पिंपल और मुहाँसों के चलते सामाजिक परिस्थितियों में आत्मविश्वास में कमी महसूस करते है। भारत में ही 20 करोड़ से अधिक किशोर और युवा पिंपल और मुहाँसों की समस्या से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि पिंपल एक्ने पॉज़िटिविटी आयोजित किया जा रहा है ताकि कलंक को खत्म करने, आत्मविश्वास को बढ़ावा देने और लोगों को को पिंपल व मुहाँसों से निपटने के सरल एवं प्रभावी उपायों के बारे में जागरूक किया जा सके। वर्ल्ड ऑफ नीम को आज के युवाओं से जुड़ाव महसूस कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में दिखाया गया कि कैसे त्वचा की देखभाल सरल, प्रभावी और समग्र हो सकती है, साथ ही पिंपल और मुहाँसों से जुड़े कलंक को भी खत्म किया जा सकता है।

## शॉप्सी लेकर आया है ग्रैंड शॉप्सी मेला

कानपुर। फ्लिपकार्ट के शॉप्सी ने अपने सबसे प्रतीक्षित खरीदारी उत्सव और साल की सबसे बड़ी सेल, ग्रैंड शॉप्सी मेला (जीएसएम) की घोषणा कर दी है। यह सेल 29 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी और इसमें 'ऐसे गिरेंगे दाम, शॉपिंग होगी सुबह शाम' थीम के साथ ग्राहकों को शानदार अनुभव मिलेगा। त्योहारी सीजन के करीब आते ही, ग्रैंड शॉप्सी मेला भारत में सस्ती खरीदारी का एक शानदार मौका लेकर आ रहा है। यह मेला ढेर सारे सामान को किफायती दामों पर पेश करता है, ताकि परिवार बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकें। साथ ही, यह छोटे शहरों के दुकानदारों को लाखों नए ग्राहकों तक पहुंचने का मौका देता है। हमें विश ?वास है कि इस बार का मेला खरीदारी को और भी मजेदार और सस्ता बनाएगा और यह सबके लिए खुला है।

## सिद्धवड तीर्थ पर पर्युषण पर्व की शुरूआत

पालिताना। जैन धर्म के इतिहास में पहली बार एक अनोखा और ऐतिहासिक पर्युषण पर्व का आयोजन पालिताना के श्री शत्रुंजय गिरिराज की तलहटी में स्थित श्री सिद्धवड तीर्थ की पावन भूमि पर बनाया गया तक्षशिला नगरी में हो रहा है। निज में निवास, सिद्धवड में चातुर्मास की थीम के अंतर्गत 175 साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में प्रतिदिन लगभग 1100 आराधक 21 घंटे का मौन धारण करेंगे और मोबाइल फोन का पूरी तरह त्याग करेंगे। यह अनुशासन भाद्रवा सुद 4 तक यानी लगभग दो महीनों तक चलेगा। आराधक प्रतिदिन 6 घंटे स्वाध्याय भी करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी, पन्यास लब्धिवल्लभविजयजी महाराज और पन्यास यशरत्नविजयजी महाराज की निश्रा में आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो उत्सव मनाया जा रहा है। इस पूरे आयोजन का लाभ मुंबई के हिरालक्ष्मीबेन खांतीलाल शाह परिवार ने लिया है। परिवार के मुखिया पंकजभाई शाह ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण और गुरु भगवंतों की सन्निधि में आराधक आत्मा की गहराई का अनुभव करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सुख कहीं बाहर नहीं है, वह हमारे भीतर ही है।

# सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट




मुंबई। उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुए दबाव और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने के बाद से ही निवेशकों की धारणा सतर्क बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 270.92 अंक यानी 0.34 प्रतिशत टूटकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 338.81 अंक की गिरावट के साथ 79,741.76 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। इस बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 2026 की पहली छमाही में रिलायंस जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की। जियो अब विदेशों में अपने परिचालन का विस्तार करने के अलावा अपनी खुद की कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी भी विकसित करेगी। भारतीय निर्यातों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने से उपजी चिंताओं के चलते निफ्टी 74 अंकों की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। पिछले तीन सत्रों में सेंसेक्स कुल l,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत टूट चुका है जबकि निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,187 शेयर गिरावट में रहे जबकि l,890 शेयरों में तेजी रही और 160 अन्य अपरिवर्तित रहे। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.41 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मालकैप सूचकांक 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा। अमेरिकी शुल्क के पूरे प्रभाव को समझने की कोशिशों के बीच निवेशकों की धारणा सतर्क रही। इस मुद्दे के बने रहने से कुछ क्षेत्रों में भारत के निर्यात की भावी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर पड़ने की आशंका है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर पर



मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.73 अरब डॉलर पर रहा।

# वाहनों की बिक्री जून तिमाही में 10 लाख के पार

नयी दिल्ली। देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक यात्री वाहनों की बिक्री हुई। इस अवधि में बिक्री के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा।

वाहन बनाने वाली कंपनियों का संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार, देश में पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 10.12 लाख यात्री वाहन बेचे गए जिसमें पश्चिमी क्षेत्र 3.21 लाख इकाइयों की बिक्री के साथ सबसे आगे रहा। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1.19 लाख यात्री वाहनों की बिक्री हुई। इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और हरियाणा का स्थान रहा। इस साल अप्रैल-जून की अवधि में देश में दोपहिया वाहन खंड में 46.75 लाख इकाइयां बिकीं। पश्चिमी राज्यों में सबसे अधिक 14.19 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 8.18 लाख इकाइयों दोपहिया वाहन बिके। इसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश का स्थान रहा। सियाम के अनुसार, वाणिज्यिक वाहनों में 32,000 इकाइयों की बिक्री के साथ महाराष्ट्र इस क्षेत्र में अग्रणी रहा। इस अवधि के दौरान देश में कुल मिलाकर 2.23 लाख इकाइयां बेची गईं।

# विभेदकारी शर्तों पर नहीं झुकेगा भारत



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है लेकिन भारत कभी भी विभेदकारी शर्तों के आगे नहीं झुकेगा। इसके साथ ही गोयल ने भरोसा जताया कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

गोयल ने यहां एक उद्योग सम्मेलन में कहा कि अगर कोई अच्छा मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है तो हम हमेशा तैयार हैं। लेकिन अगर कोई भेदभाव करेगा तो हम न झुकेंगे और न ही कमजोर पड़ेंगे, बल्कि मिलकर आगे बढ़ेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस कदम को भारत पर दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा है ताकि प्रस्तावित व्यापार समझौते में अमेरिका को कृषि और डेयरी के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच मिल सके। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि निर्यात में विविधता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस साल का निर्यात आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अभी भी कम है लिहाजा किसी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड-19 महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे गतिरोधों का पहले भी बखूबी सामना किया है।

# भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करना चाहता है कतर: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा और कतर भी भारत के साथ ऐसे समझौते पर बातचीत करने को इच्छुक है।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और चार यूरोपीय राष्ट्रों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) सहित कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका, न्यूजीलैंड, चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। मंत्री ने कहा कि इन समझौतों से नए अवसर, बाजार और निवेश की संभावनाएं खुलेंगी। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल व्यापार समझौते की वार्ता का जायजा लेने के लिए अगले सप्ताह ब्रसेल्स की यात्रा करेंगे। भारत-यूरोपीय संघ का आधिकारिक दल आठ सितंबर से राष्ट्रीय राजधानी में 13वें दौर की वार्ता के लिए बैठक करेगा। इसके बाद, यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता की प्रगति का जायजा लेने के लिए अगले महीने भारत आ सकते हैं।

# सोना 2,100 रुपये उछलकर 103,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर l,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत l,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर l,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह l,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः l,03,420 रुपये और l,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुपया शुक्रवार को 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ पहली बार 88 के स्तर को पार कर 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान, कीमती धातु की कीमतों में 3,300 रुपये यानी 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से l,000 रुपये टूटकर l,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत l,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

# रुपया 61 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 88.19 प्रति डॉलर पर



मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.73 पर खुला। फिर लुढ़कर 88.33 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर आ गया। अंत में 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 61 पैसे की भारी गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.58 पर बंद हुआ था। यह पहली बार है जब रुपया 88 प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। रुपया 10 फरवरी 2025 को कारोबार के दौरान 87.95 प्रति डॉलर पर पहुंचा था। वहीं पांच अगस्त 2025 को रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.88 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कमजोर घरेलू बाजार एवं विदेशी पूंजी की बिकवाली के दबाव से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। ...डॉलर-रुपये के हाजिर मूल्य के 87.90 से 88.70 के बीच रहने का अनुमान है।

पेज एक का शेष

## चमोली और

इसे हटाया गया। उत्तराखंड में कल रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर-रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है।

उत्तराखंड के कई स्थानों पर लगातार बारिश के बीच चमोली जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर एक परिवार के दो सदस्य लापता हो गए जबकि रुद्रप्रयाग जिले की बसुकेदार तहसील में बड़ेथ डुंगर तोक क्षेत्र में बादल फटने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन घटनाओं में कुछ परिवारों के लोगों के फंसे होने पर दुख जताते हुए उनके सकुशल होने की बाबा केदार से प्रार्थना की है। अधिकारियों ने बताया कि चमोली, रुद्रप्रयाग और टिहरी जिलों में कई स्थानों पर देर रात से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि चमोली जिले की थराली तहसील के देवाल क्षेत्र के मोपाटा गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में कुछ मकान आ गए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मोपाटा में एक मकान और गोशाला के भूस्खलन की चपेट में आने से उसमें रह रहा एक दंपति मलबे में दब गया। उन्होंने बताया कि घटना में एक अन्य दंपति को भी मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें चोटें आयी हैं। गोशाला में बंधे 15-20 मवेशियों के भी मलबे में दबे होने की सूचना है। लापता दंपति की पहचान तारा सिंह और उसकी पत्नी के रूप में हुई है। विक्रम सिंह और उसकी पत्नी घायल हुए हैं। रुद्रप्रयाग जिले में बड़ेथ डुंगर क्षेत्र में बादल फटने से छेनागाड़ डुंगर गांव तथा जौला बड़ेथ गांवों में कुछ लोगों के लापता होने की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मिली प्रारंभिक सूचना के अनुसार, क्षेत्र के स्यूर में एक मकान क्षतिग्रस्त होने एवं एक वाहन के बह जाने व बड़ेथ, बगडधार, तालजामनी गांव के दोनों ओर बरसाती नाले में पानी और मलबा आने, किमाणा में खेतों तथा सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर व मलबा आने, अरखुण्ड में एक तालाब एवं मुर्गी पालन फार्म बहने, छेनागाड़ बाजार में मलबा भरने एवं कई वाहनों के बहने की जानकारी मिली है।

## हर खिलाड़ी

में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936– तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर किया गया है और इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री ने विजयंत खंड स्थित मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज का रोमांचक हॉकी मैच भी देखा। उन्होंने कहा कि यह खेल कितना फास्ट है, कितनी ऊर्जा और टीमवर्क मांगता है। यह मैच इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया से फिट इंडिया मूवमेंट तक, सांसद एवं विधायक स्तर की प्रतियोगिताओं तक, देश में खेलों की एक नई क्रांति आई है। प्रदेश सरकार ने नई खेल नीति लागू की है, जिससे खिलाड़ियों को मंच, कोच और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। विभिन्न खेलों के लिए इन कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। पूर्व ओलंपियन/कॉमनवेल्थ/एशियाड/नेशनल गेम्स मेडलिस्टों को कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और हर जनपद में एक स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है। ओपन जिम के निर्माण व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हॉकी में अनेक दिग्गज दिए हैं। मेजर ध्यानचंद, के. डी. सिंह बाबू, मोहम्मद शाहिद, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आर. पी. सिंह, सुजीत कुमार, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एम. पी. सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, तुषार खांडेकर, दानिश मुर्तजा, ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी जोशी, वंदना कटारिया, रितुषा कुमारी आर्या जैसे हॉकी खिलाड़ियों प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को मेडल दिलाने वाले ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल उत्तर प्रदेश की ही देन हैं। सीएम ने कहा कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। व्यक्ति यदि खेलकूद से जुड़ेगा तो राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित होगा। शरीर के साथ मन भी तंदुरुस्त रहेगा और वह स्वस्थ शरीर-स्वस्थ मस्तिष्क के साथ सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच देशभर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इससे पूर्व विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल एवं युवा कल्याण विभाग आयोजित कराएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण लागू किया गया है। अब तक 500 खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल और अन्य विभागों में समाहित किया जा चुका है।

## संभल की

कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना। अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। सीएम योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए भारत के प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है।

## जापान से 10

में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। दोनों पक्षों ने रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया। मोदी ने कहा कि आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के संबंध में भारत तथा जापान की चिंताएं एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा और समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने में दोनों पक्षों के साझा हित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा भारत-जापान साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित है, हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करती है तथा हमारे साझा मूल्यों और विश्वासों से आकार लेती हैं। उन्होंने कहा कि एक बेहतर विश्व के निर्माण में मजबूत लोकतंत्र स्वाभाविक साझेदार होते हैं। अपने संबोधन में जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को अगली पीढ़ी की चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे की शक्ति का लाभ उठाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन का मिलकर काम करना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, आपसी सम्मान, हित व संवेदनशीलता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। जापान की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े देश होने के नाते भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। चीन के साथ संबंधों में सुधार के महत्व पर पूछे गए सवाल पर मोदी ने कहा राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं यहां से तियानजिन जाऊंगा, जहां मैं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सतत और सकारात्मक प्रगति हुई है।

## जीडीपी वृद्धि दर

की शुरुआत में 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके मुताबिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है। आधिकारिक आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में अप्रत्याशित रूप से मजबूत प्रदर्शन के बाद आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के जरिये राहत देने के प्रस्ताव के बावजूद, सरकारी पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर कम वृद्धि और अमेरिकी शुल्क व जुर्माने से निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के कारण आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर में कमी आने की आशंका है।

## भारत-जापान

और जापान चंद्रयान श्रृंखला के अगले संस्करण या लूपेक्स (चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण) मिशन के लिए हाथ मिला रहे हैं। इससे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्रों के बारे में हमारी समझ और गहरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत और जापान की वैज्ञानिक टीम अंतरिक्ष विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगी। मोदी ने कहा, अंतरिक्ष में हमारी साझेदारी न केवल हमारे क्षितिज का विस्तार करेगी, बल्कि हमारे आसपास के जीवन को भी बेहतर बनाएगी।

## बीबीडी परिसर

प्रस्तुति दी गईं। इसी श्रृंखला में बीबीडी की टीम द्वारा स्किट गणेश एवं कामासुर के बीच युद्ध पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुति दी गई जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। गौरी नंदन तुमको वंदन भजन गाकर श्रोताओं का दिल जीता। छात्रों द्वारा शिव तांडव नृत्य दिखाया गया। श्रीगणेश जी के जन्म एवं जीवन कथा संरचनाओं के माध्यम से दर्शाया गया जो इस सिद्धांत पर भी प्रकाश डालता है कि जहां माता-पिता का सम्मान होता है, वहीं भगवान का वास होता है। छात्रों द्वारा समुद्र मंथन दानवों और दैत्यों के युद्ध काअद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों की तालियों से पंडाल गुंजायमान हो गया। आज इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनन्द लिया। आज की सायंकालीन महाआरती में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल बीबीडीयू के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव, प्रो. वाइस चांसलर डॉ.एस.सी. शर्मा ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। तत्पश्चात महाआरती के बाद भक्तों को लड्डू एवं खील-बतासे का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कल श्री वायलेंट ग्रुप द्वारा देश के विख्यात शानदार गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।




# गोरखपुर लाइंस की शानदार जीत

**मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190 रन बनाए, लेकिन गोरखपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया**

खेल संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी 20 लीग के रोमांचक मुकाबलों में शुक्रवार को खेले गए 24वें मैच में गोरखपुर लाइंस ने मेरठ मेवरिक्स को सात विकेट से हराकर टूनार्मेंट में एक और दमदार जीत दर्ज की। इकाना स्टेडियम, लखनऊ में खेले गए इस मैच में मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190 रन बनाए, लेकिन गोरखपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर मेरठ मेवरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

सलामी बल्लेबाजों ने तेज शुरूआत दी और शुरूआती छह ओवर के पावरप्ले में 60 रन जोड़ दिए। कप्तान और मध्यक्रम बल्लेबाजों ने भी रनगति को बनाए रखा। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 190 रन बनाए। मेरठ की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज ने बनाए जिन्होंने 41 गेंदों पर 68 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, मध्यक्रम में एक खिलाड़ी ने 32 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुँचाया। गोरखपुर के गेंदबाजों में हालांकि बीच-बीच में अच्छी वापसी देखने को मिली। उनकी ओर से तेज गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में रन रोकने की कोशिश की, लेकिन बल्लेबाजी पिच का पूरा फायदा उठाकर मेरठ की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर लाइंस की शुरूआत भी शानदार रही। उनके सलामी बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाए और पावरप्ले तक टीम का स्कोर 65 रन पर पहुँचा दिया। ओपनर बल्लेबाज ने 28 गेंदों पर 47 रनों की आक्रामक पारी खेली। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने भी जिम्मेदारी से खेलते हुए रनगति को बनाए रखा। तीसरे विकेट के लिए हुई 85 रनों की साझेदारी मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुई। गोरखपुर की ओर से सबसे बेहतरीन पारी टीम के स्टार बल्लेबाज ने खेली, जिन्होंने 45 गेंदों पर नाबाद 82 रन ठोके। उनकी इस पारी में 8 चौके और 4 लंबे छक्के शामिल रहे। गोरखपुर ने अंत तक दबाव नहीं बनने दिया और 19.2 ओवर में 191 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला पूरी तरह से बल्लेबाजों के नाम रहा। दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने बेहतरीन स्ट्रोक खेलकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि गोरखपुर की बल्लेबाजी मेरठ की तुलना में कहीं अधिक प्रभावशाली रही और उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। गेंदबाजी की बात करें तो मेरठ के गेंदबाज विकेट निकालने में नाकाम रहे और रन लीक करते रहे, जबकि गोरखपुर के गेंदबाजों ने बीच-बीच में कसी हुई गेंदबाजी कर स्कोर को और बड़ा नहीं होने दिया। इस जीत के साथ गोरखपुर लाइंस ने प्वाइंट्स टेबल पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और सेमीफाइनल की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। वहीं, मेरठ मेवरिक्स को इस हार से बड़ा झटका लगा है और उनकी राह अब कठिन नजर आ रही है।

## तेंदलकर, बिंद्रा ने राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी

नयी दिल्ली। सचिन तेंदुलकर ने नये खेलों में भारत के बढ़ते ग्राफ की सराहना की तो अभिनव बिंद्रा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद करने वालों की तारीफ की और इन दोनों दिग्गज खिलाडि़यों ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलों के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर अपने विचार रखे। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं स्मार्टफोन और लगातार स्क्रीन के इस्तेमाल के इस दौर में खेल और व्यायाम के जरिये खुद को मजबूत और स्वस्थ रख पाता हूं। इससे मुझे अपने जीवन के दूसरे पहलुओं मेरे परिवार, दोस्तों और अपने पारिवारिक फाउंडेशन के लिये अपने काम को अपना सब कुछ देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा इस साल राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हमारे खिलाडि़यों की उपलब्धियों की सराहना करें, एक खेल जरूर खेलें या व्यायाम करे। स्वस्थ दिमाग और शरीर की ओर पहला कदम बढ़ाये। उन्होंने कहा खेलों में भाग लेने के लिए रुचि, प्रतिभा और अवसर विभिन्न क्षेत्रों में आते हैं।

# भारत ने सेंटर फायर पिस्टल में जीता स्वर्ण, मानिनी को कांस्य



शिमकेंट। अनुभवी पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले बृहस्पतिवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी।

रियो ओलंपिक (2016) खेलों में रैपिड-फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच चुके इस ओलंपिक खिलाड़ी का प्रिसिशन और रैपिड चरण का संयुक्त स्कोर 579 था। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मानिनी ने 10-10 शॉट के छह सीरीज में 104.0, 103.8, 101.2, 103.3, 103.2 और 102.3 का स्कोर किया। उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन (गैर-ओलंपिक स्पर्धा) में टीम को रजत पदक दिलाने में भी मदद की। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदर्सा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया (1856.8 अंक) ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाकिस्तान 1828.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत की प्राची गायकवाड़ ने 616.6 के स्कोर के साथ जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) ने जीता, जबकि कांस्य कजाकिस्तान की सोफिया मलकिना (616.3) को मिला। प्राची (616.6), अनुष्का ठोकुर (607.6) और तेजल नथावत (599.2) की तिकड़ी ने कुल 1823.4 के साथ टीम कांस्य पदक जीता।

## संक्षेप

### अमेरिकी ओपन यगल में पहला मैच जीती वीनस

न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7 . 6, 6 . 3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।

### अमनदीप ने जीता डब्ल्यूपीजी का खिताब

होसुर। अमनदीप द्राल ने शुक्रवार को यहां अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं। वह अंतिम दो होल में एक शॉट की बढ़त बनाए थीं लेकिन अनुभवी अमनदीप खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप इस तरह इस साल एक से ज्यादा बार खिताब जीतने वाली दूसरी गोल्फर बन गईं। वाणी कपूर ने इस साल चार और स्नेहा सिंह ने दो ट्राफी जीती हैं।

### ध्रुव- तनिषा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल से बाहर

पेरिस। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती।

### एफआईएसयू विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप मुंबई में

मुंबई। अगले साल तीन से नौ अगस्त तक यहां आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा।

# राजकंवर संधू और अंकुर मित्तल ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी



शिमकेंट। युवा पिस्टल निशानेबाज राजकंवर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में शीर्ष स्थान किया, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इस तरह से गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा जारी रखा। भारत ने महिला डबल ट्रैप में भी क्लीन स्वीप किया।

इसमें अनुष्का भाटी (93), प्रणिल इंगले (89) और हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किये। इस तिकड़ी ने 269 के कुल स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। तेरह अगस्त को 23 साल के हुए संधू ने हमवतन अनुभवी निशानेबाज गुरप्रीत सिंह के साथ कोरिया और ईरान के निशानेबाजों को पछाड़ कर 583 (प्रिसिशन 289, रैपिड 294) अंकों के साथ अपने करियर का सबसे बड़ा पदक जीता। इससे पहले 2018 और 2022 में जूनियर विश्व कप में क्रमशः कांस्य और रजत जीतने वाले संधू का सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पहला पदक है। सेना के अनुभवी गुरप्रीत सिंह (579) चौथे स्थान पर रहे जबकि कोरिया के जेक्योन ली (580) और ईरान के जावद फोरोगी (579) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत के लगातार दूसरे दिन अच्छे प्रदर्शन से भारत ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस से पहले बृहस्पतिवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। रियो ओलंपिक (2016) खेलों में रैपिड-फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच चुके इस ओलंपिक खिलाड़ी का प्रिसिशन और रैपिड चरण का संयुक्त स्कोर 579 था। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया।

## भारत के मुक्केबाज बेल्ट एंड रोड के फाइनल में

नयी दिल्ली। भारत के 14 मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में चल रहे तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में अपने अपने भारवर्ग के फाइनल में जगह बना ली। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धायें होंगी। भारत ने 58 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें अंडर 17 वर्ग में 20 लड़के और 20 लड़कियां हैं जबकि साथ में 12 कोच, पांच सहयोगी स्टाफ, एक रैफरी और एक जज हैं। इनमें से दस लड़कियों और चार लड़कों ने कजाखस्तान, ईरान, कोरिया, उजबेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव खरब (46 किलो), फलक (48 किलो), पीयूष (50 किलो) और उधम सिंह राघव (54 किलो) ने चीन, कोरिया और ईरान के कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराया। आदित्य (52 किलो) और आशीष (54 किलो) ने कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया लेकिन हार गए। उदय सिंह, देवेंद्र चौधरी, जयदीप सिंह हांजरा और लवलीन गुलिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। लड़कियों में लक्ष्मी (46 किलो), खुशी (46 किलो), राधामणि (60 किलो), चंद्रिका (54 किलो), ज्योति (75 किलो)व अनुष्का (80 किलो) ने चीन और फिलीपींस के प्रतिद्वंद्वियों को हराया।

# नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

एजेंसी



न्यूयॉर्क। जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6 . 3, 6 .1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है। वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नये कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं। वहीं चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7 . 6, 6 . 3 से हराया।

## मेजर ध्यानचंद को कब मिलेगा भारत रत्न, इंतजार बरसों से जारी

नयी दिल्ली। उनके नाम पर राष्ट्रीय खेल सम्मान, उनका जन्मदिन 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस और देश भर में अनेक स्टेडियमों पर उनका नाम लेकिन हॉकीप्रेमियों को यह कचोटता है कि तमाम आंदोलनों ,आरटीआई और अपीलों के बावजूद मेजर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न क्यो नहीं मिल सका ? केंद्र सरकार ने 2021 में देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार कर दिया।

लेकिन सवाल यह है कि जनभावना को देखते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिये उनके नाम पर विचार क्यो नहीं किया जा रहा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और तीन बार के ओलंपियन दिलीप टिर्की ने 2016 में इस मांग को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन की अगुवाई की और संसद में भी मसला उठाया लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। टिर्की ने कहा ध्यानचंद अपने दौर में दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ी थे। मैं हमेशा कहता हूं कि भारत को सबसे पहले ओलंपिक के स्वर्ण पदक हॉकी ने दिखाये हैं और उनका योगदान अतुलनीय है। देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार उनके नाम से , नेशनल स्टेडियम उनके नाम से तो भारत रत्न क्यो नहीं। लगातार तीन ओलंपिक (1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजिलिस और 1936 बर्लिन) में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे ध्यानचंद ने पहली बार विश्व खेलों के मानचित्र पर भारत की जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। हॉकी के इतिहास में 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 570 गोल का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। ध्यानचंद के बेटे और 1975 में एकमात्र विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे अशोक ध्यानचंद ने कहा कि उनके पिता ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने भाषा से कहा दुनिया में खेलों के नक्शे पर भारत को सबसे पहले लाने वाले वही थे।

उनके निधन के 46 साल बाद भी उनका नाम आज गूंज रहा है और इसे ही महान खिलाड़ी की विरासत कहते हैं। मुझे उन पर गर्व है कि वे प्रचार से हमेशा दूर रहे। उन्हें 1956 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से नवाजा गया लेकिन भारत रत्न के लिये बारंबार उनकी अनदेखी हुई और अब तो मामला ठंडे बस्ते में ही चला गया है। नवंबर 2013 में मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने का ऐलान किया।

# क्रिकेट : उत्तर क्षेत्र ने पूर्वी क्षेत्र पर कसा शिकंजा



एजेंसी

बेंगलुरु। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के शानदार स्पैल के अलावा आकिब नबी के हैट्रिक सहित पांच विकेट की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पूर्वी क्षेत्र को पहली पारी में 230 रन पर समेट दिया। उत्तर क्षेत्र ने सुबह छह विकेट पर 308 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (76 रन) ने तेज अर्धशतक जड़ा जिससे टीम 405 रन पर आउट हुई। नबी ने 28 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी के आधार पर 175 रन से आगे है। एशिया कप के लिए जाने वाले अर्शदीप और राणा ने दिन के तीनों सत्रों में जबरदस्त गेंदबाजी की। अर्शदीप अक्टूबर 2024 के बाद प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे हैं। वह जुलाई में इंग्लैंड इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान लगी अंगूठे की चोट से भी वापसी कर रहे थे। हालांकि बादल छाए रहने से उन्हें पिच से काफी मदद मिली। लेकिन अर्शदीप ने गेंद को अच्छी तरह से मूव किया। दूसरी ओर राणा ने भी अच्छी गेंदबाजी की जिससे उन्हें उत्कर्ष सिंह (38) और श्रीदम पॉल (07) के विकेट मिले। पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने थोड़ा और संयम दिखाया होता तो वे बेहतर स्थिति में होते। विराट सिंह ने 102 गेंद में 69 रन की शानदार पारी खेली लेकिन जरा सी गलती से अपना विकेट गंवा बैठे और नबी की गेंद पर बोल्ड हो गए। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पिछले रणजी सत्र में 44 विकेट लिए थे। उन्होंने अगली दो गेंदों पर मनीषी और मुख्तार हुसैन को आउट करके 53वें ओवर में हैट्रिक पूरी की। मनीषी अंदर आती गेंद को उठाकर सीधा कैच आउट हो गए जबकि हुसैन बोल्ड हुए।

## एफआईएच प्रो लीग में पाक से होगी भारत भिड़ंत

नयी दिल्ली। पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी जिससे उसके होम एंड अवे प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा जिसके विस्तृत कार्यक्रम का अभी इंतजार है। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर यह प्रतियोगिता जीती थी लेकिन बाद में संकेत दिया कि वह इस बार प्रो लीग में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार नहीं करेगा। विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है।

# एशिया कप हॉकी : भारत ने चीन को हराया

एजेंसी




राजगीर। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक के बावजूद भारतीय टीम का एशिया कप हॉकी के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली चीन के खिलाफ प्रदर्शन निराशाजनक रहा हालांकि मेजबान ने 4-3 से जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने 20वें, 33वें और 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किये जबकि जुगराज सिंह ने 18वें मिनट में गोल दागा। हरमनप्रीत हालांकि एक पेनल्टी स्ट्रोक चूक गए।

चीन के लिये डु शिन्हाओ (12वां), चेन बेन्हाइ (35वां) और गाओ जीशेंग (42वां) ने गोल किये। पिछले दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम भले ही मैच जीत गई हो लेकिन प्रदर्शन एकदम लचर रहा और उसने चीन को मैच में बने रहने के मौके दिये। भारतीय टीम 11 में से चार पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही मूव पर पहला मौका बनाया। मनदीप सिंह ने संजय को गेंद सौंपी लेकिन चीन के गोलकीपर वेइहाओ यांग ने उनका शॉट बचा लिया।

भारत ने दबाव बनाये रखा और पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया। मनदीप ने इस पर गोल कर दिया था लेकिन चीन के रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। कुछ मिनट बाद दिलप्रीत सिंह ने करीब से रिवर्स हिट लगाई लेकिन चीन के गोलकीपर ने उसे बचाया। चीन ने पहले पेनल्टी कॉर्नर पर 12वें मिनट में बढत बनाई। पहले क्वार्टर से एक मिनट बाकी रहते भारत के पास फिर मौका था लेकिन पहले अभिषेक का शॉट वेहाओ ने बचाया और फिर दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत की फ्लिक बाहर से निकल गई। दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट के भीतर भारत ने बराबरी की जब जुगराज ने गोल दागा। दो मिनट बाद भारत को चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत ने कोई चूक नहीं की। एक मिनट बाद मिला एक और पेनल्टी कॉर्नर हालांकि बेकार गया। चीन को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन शॉट बाहर निकल गया। भारत को हाफटाइम से तीन मिनट पहले फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत की फ्लिक को वेइहाओ ने बायीं ओर डाइव लगाकर बचाया। तीसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में भारत ने हरमनप्रीत के गोल के दम पर बढत पुख्ता की। दो मिनट बाद हालांकि चीन के लिये चेन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा।

भारत के पास 39वें मिनट में एक और गोल करने का मौका था लेकिन पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत का निशाना चूका और गेंद पोस्ट से टकरा गई। भारत को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा चूंकि दो मिनट बाद गाओ के गोल पर चीन ने 3 . 3 से बराबरी कर ली। भारत को 47वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से दूसरे पर हरमनप्रीत ने गोल किया। आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। पूल ए के पहले मैच में जापान ने कजाखस्तान को 7 . 0 से हराया। भारत और चीन का मैच देखने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी आये थे। भारत को अब रविवार को जापान से खेलना है।

## मलेशिया ने बांग्लादेश को हराया कोरिया की शानदार शुरुआत

राजगीर। एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया ने निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश टीम को एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 4 .1 से हराया जबकि गत चैम्पियन कोरिया ने चीनी ताइपै को 7-0 से शिकस्त दी। पूल बी के दूसरे मैच में कोरिया के लिये डैन सोन (17वां, 29वां और 58वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि जिहुन यांग (27वां और 50वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। सियोंग ने 53वें मिनट में एक गोल किया। कोरिया के लिये 54वें मिनट में यूनहो कोंग और आखिरी मिनटों में सोन ने गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई। इससे पहले शुरूआती मैच में 12वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम के लिये अशरान हमसानी (25वां मिनट), अखिमुल्लाह अनवर (36वां), मुहाजिर अब्दुल रऊफ़ (48वां) और सैयद चोलान (54वां) ने गोल किये। बांग्लादेश ने हालांकि 16वें मिनट में अशरफुल इस्लाम के गोल के दम पर बढत बना ली थी।

# देश में नहीं रहने देंगे एक भी घुसपैठिया

## बोरबोरा जीवित होते तो नहीं सहते चुनाव आयोग के गहन मतदाता परीक्षण का विरोध

एजेंसी



गुवाहाटी। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा पूरा करेगी। शाह ने असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्म शताब्दी पर गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित केंद्र का उच्च स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन देश के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करने और घुसपैठियों की पहचान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा हमने असम से वादा किया था, लेकिन हम 10 वर्षों में इसे पूरा नहीं कर पाए। लेकिन हम अपना वादा निभाएंगे और असम तथा पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त बनाएंगे। शाह ने कहा मैं उन लोगों में से हूं जो मानते हैं कि हमारे देश में एक भी घुसपैठिया नहीं रहना चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने याद किया कि कैसे मार्च 1978 से सितंबर 1979 तक राज्य में जनता पार्टी की सरकार का नेतृत्व करने वाले बोरबोरा ने मंगलदाई लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव की आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची को शुद्ध करने का अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कम्प्यूटरीकृत मतदाता सूची नहीं होने के बावजूद बोरबोरा सरकार ने 36,780 अवैध विदेशियों के नामों का पता लगाया और मतदाता सूची के इस शुद्धिकरण को असम आंदोलन की शुरुआत माना जा सकता है। अमित शाह ने कहा निर्वाचन आयोग अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए मतदाता सूची की सफाई कर रहा है, लेकिन कुछ दल इसका विरोध कर रहे हैं। यह आज की राजनीति में नैतिक पतन को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि यदि बोरबोरा जीवित होते तो वह एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने वाले इन दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते। शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ कार्वाई, विशेषकर अतिक्रमण हटाने के लिए राज्य सरकार की सराहना की।केंद्रीय गृह मंत्री ने कट्टर समाजवादी नेता बोरबोरा को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनकी सरकार की सराहना की, जिनका भाजपा से कोई संबंध नहीं था। शाह ने कहा कि सभी के योगदान को मान्यता देना मोदी सरकार की विशेषता है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात में सरदार पटेल की प्रतिमा बनवाए जाने तक उनके योगदान को भुला दिया गया था। नेताजी (सुभाष चंद्र बोस) का कर्तव्य पथ पर प्रतिमा स्थापित किये जाने से पहले दिल्ली में उनका कोई स्मारक नहीं था। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि गोलाप बोरबोरा का कार्यकाल भले ही छोटा था, लेकिन उन्होंने असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री के रूप में अमिट छाप छोड़ी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत में एक स्वर्णिम अध्याय



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में एक स्वर्णिम अध्याय बताते हुए शुक्रवार को स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा नियंत्रण एवं सूचना प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान पर प्रकाश डाला, जिसने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुर्मू ने यहां स्कोप एमिनेंस अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभप्रदता सहित प्रमुख वित्तीय मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को विकास का उत्प्रेरक और समृद्धि का स्तंभ बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। मुर्मू ने मेक इन इंडिया अभियान में उनके योगदान का जिक्र करते हुए कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। देश के रक्षा क्षेत्र का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का एक स्वर्णिम अध्याय है।

## संक्षेप

### गाजा में भुखमरी, नेतन्याहू की मदद की अपील

तेल अवीव। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की प्रमुख सिंडी मैकेन ने गाजा में भुखमरी का हवाला देते हुए इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मानवीय सहायता तत्काल बढ़ाने पर चर्चा की है। मैकेन ने बृहस्पतिवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा, मैंने गाजा में स्वयं माताओं और बच्चों से मुलाकात की जो भुखमरी की स्थिति में हैं। यह एक सच्चाई है और यह हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू जाहिर तौर पर चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। हालांकि नेतन्याहू पहले इस बात से इनकार करते रहे हैं कि गाजा में अकाल है और उन्होंने इसे हमास द्वारा फैलाई गई प्रचार मुहिम बताया था। मैकेन ने कहा हम इस बात पर सहमत हुए कि अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के प्रयासों को तुरंत दोगुना करना होगा। हमारी राहत गाड़ियों के लिए पहुंच और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। गाजा के सबसे बड़े शहर में अकाल घोषित किए जाने के बाद इज़राइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ गया है। इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन (आईपीसी) द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि संघर्ष विराम और सहायता के लिए पहुंच में ढील नहीं दी गई।

# भयावह त्रासदी हुई तो मैं शीर्ष पद की जिम्मेदारी निभाने को तैयार : जेडी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें किसी भी भयावह त्रासदी की स्थिति में देश का शीर्ष पद संभालने के लिए तैयार किया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और उम्मीद जताई कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। वेंस ने बृहस्पतिवार को यूएसए टुडे समाचार पत्र को दिये साक्षात्कार में 79 वर्षीय ट्रंप के स्वास्थ्य के बारे में चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा राष्ट्रपति का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और मुझे उम्मीद है कि ट्रंप अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रपति पद संभालने के लिए सबसे बेहतर तरीके से तैयार किया है। अमेरिकी इतिहास के सबसे युवा उपराष्ट्रपतियों में से एक वेंस ने कहा, ईश्वर न करे कि कोई भयावह त्रासदी घटित हो, मैंने पिछले 200 दिनों में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उससे बेहतर प्रशिक्षण के बारे में नहीं सोच सकता।

# संसदीय समितियां लोकतंत्र का मुख्य आधार

एजेंसी



भुवनेश्वर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि संसदीय समितियां ऐसे समय में लोकतंत्र का मुख्य आधार बनी हुई हैं और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करती हैं जब संसद तथा विधानमंडलों में चर्चा और संवाद के स्तर में गिरावट आई है।

भुवनेश्वर में संसद और राज्य विधानमंडलों की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिरला ने विधि निर्माताओं से राष्ट्रहित के मुद्दों पर दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करने का आग्रह भी किया। उन्होंने विधानमंडलों की बैठकों की संख्या में कमी और विधायी निकायों में सदस्यों के अमर्यादित आचरण पर चिंता व्यक्त की। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समितियों के सभापतियों का पहला सम्मेलन 1976 में नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसके बाद, 1979, 1983, 1987 और 2001 में सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और संवैधानिक सुरक्षोपायों के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की गई। इस सम्मेलन का आयोजन दिल्ली से बाहर पहली बार किया गया है। बिरला ने कल्याणकारी योजनाओं को समाज के वंचित वर्गों तक सही मायने में पहुँचाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकारी धन के प्रभावी उपयोग और सुदृढ़ निगरानी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

# नक्सल हिंसा पीड़ितों न करें विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी का समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। नक्सल हिंसा के पीड़ितों के एक समूह ने शुक्रवार को सभी सांसदों से विपक्ष द्वारा उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतारे गये उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन न करने की अपील की। बस्तर शांति समिति (बीएसएस) के बैनर तले नक्सली हिंसा के पीड़ितों ने यहां प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश के रूप में रेड्डी ने सलवा जुडूम को समाप्त करने जो आदेश दिया था उसके कारण ही न केवल उनका संघर्ष कमजोर हुआ, बल्कि कई लोगों का जिंदगी भी बर्बाद हो गयी। दिसंबर 2011 में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति (अब सेवानिवृत) रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाए या सलवा जुडूम, अवैध और असंवैधानिक है। तब न्यायमूर्ति रेड्डी ने आदेश दिया कि इन कोया कमांडों से हथियार तत्काल जमा करवाये जाएं।

बीएसएस के संयोजक जयराम ने कहा, जब सलवा जुडूम को सशक्त बनाया गया, तो नक्सली न केवल कमजोर हो गए, बल्कि विलुप्त होने के कगार पर थे। लेकिन उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश रेड्डी के आदेश के कारण नक्सलियों का हौसला बढ़ गया और वे नासूर बन गए। सलवा जुडूम के तहत, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सली समस्या से निपटने के लिए आदिवासी युवाओं को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया था। उच्चतम न्यायालय की एक पीठ 2011 के अपने आदेश में कहा था कि राज्य अपनी जिम्मेदारियां अप्रशिक्षित निगरानीकर्ताओं को नहीं सौंप सकता। तब इस पीठ ने सलवा जुडूम की गतिविधियों पर रोक लगा दी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति रेड्डी (सेवानिवृत्त) भी शामिल थे। बस्तर के ग्रामीण शियाराम रामटेक ने कहा कि अगर रेड्डी ने नक्सलियों का समर्थन नहीं किया होता, तो उनका बेटा अब जीवित होता। उन्होंने बताया कि उनका बेटा एक किसान था, जिसका कथित तौर पर माओवादियों ने अपहरण कर लिया था और बाद में उसकी हत्या कर दी। अन्य पीड़ित, केदारनाथ कश्यप ने बताया कि माओवादियों ने कथित तौर पर उसके छोटे भाई हत्या कर दी जो पुलिस कांस्टेबल था। अपनी अपील में पीड़ितों ने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गई हिंसा के कारण किसी ने आईईडी विस्फोट में अपना पैर खो दिया, कोई अपनी नेत्रदृष्टि गंवा बैठा, किसी की रीढ़ की हड्डी टूट गई, जबकि कोई व्यक्ति स्थायी रूप से विकलांग हो गया। उन्होंने एक बयान में कहा जिस व्यक्ति ने सलवा जुडूम के खिलाफ आदेश दिया था, अब उसे ही उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

# पटना में भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

एजेंसी



पटना। बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए इस्तेमाल किये गये अपशब्दों का मुद्दा शुक्रवार को तब सड़कों पर आ गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने राज्य कांग्रेस मुख्यालय पर धावा बोल दिया, जिसके बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, सत्य की हमेशा जीत होती है। दो दिन पहले दरभंगा में माइक पर कथित तौर पर अपशब्द कहने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं राज्य की राजधानी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम तक मार्च निकाला और इस दौरान उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हुई। सदाकत आश्रम से कुछ किलोमीटर दूर स्थित भाजपा कार्यालय से मार्च का नेतृत्व करने वाले राज्य के मंत्री नितिन नवीन ने कहा हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी, उनकी पार्टी और गठबंधन सहयोगियों को माफी मांगनी चाहिए। गांधी ने एक पोस्ट में अप्रत्यक्ष रूप से इस झड़प का जिक्र किया। गांधी ने पोस्ट में लिखा, सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। गांधी के साथ मौजूद कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा, जिसने भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, वह निंदा का पात्र है। लेकिन इस घटना से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जोड़ना गलत है। और हमारी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुआ हमला निंदनीय है। हमें उम्मीद है कि बिहार सरकार आरोपियों के खिलाफ उचित कार्वाई करेगी। यह स्पष्ट है कि वोटर अधिकार यात्रा की सफलता से भाजपा बौखला गई है।

### मॉरिटानिया: प्रवासियों की नौका पलटी, 49 की मौत

नुआकशोत। अफ्रीकी देश गाम्बिया से प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के इस हफ्ते समुद्र में पलट जाने से उसमें सवार कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई।

मॉरिटानिया के तट रक्षक बल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तट रक्षक बल के प्रमुख मोहम्मद अब्दुल्ला ने समाचार एजेंसी एपी को बताया कि नौका गाम्बिया से चली थी और मंगलवार सुबह महेजरात तट के पास पलट गई। अब्दुल्ला ने कहा नाव एक हफ्ते पहले गाम्बिया से रवाना हुई थी। इसमें सेनेगल और गाम्बिया के नागरिकों सहित 160 प्रवासी सवार थे।

## इंटरटेनमेंट...

# मूवी रिव्यू : 'परम सुंदरी' प्यार और कॉमेडी की झलक




मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी सिनेमाघरों में आ चुकी है। नाम सुनते ही कानों में वही हिट गाना गूंजता है, लेकिन यह फिल्म उससे अलग एक नॉर्थ-मीट-साउथ रोमांटिक कहानी है। हल्की-फुल्की कॉमेडी, प्यार और थोड़ी-सी भावुकता के बीच यह मूवी दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करती है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 16 मिनट है। इस फिल्म को दैनिक भास्कर ने 5 में से 3 स्टार की रेटिंग दी है। दिल्ली का मस्तमौला लड़का परम (सिद्धार्थ) एक डेटिंग ऐप पर साउथ इंडियन लड़की सुंदरी (जान्हवी) से मिलता है। शुरूआती मुलाकातों में टकराव और मजाक चलते हैं, लेकिन धीरे-धीरे दोनों की नोक-झोंक प्यार में बदल जाती है। कहानी सीधी है, कई बार पहले देखी-सुनी भी लगती है, लेकिन इसकी पेशकश इसे ताजा बनाती है। हालांकि कई जगह फिल्म शाहरुख-दीपिका की चेन्नई एक्सप्रेस की याद दिलाती है, खासकर नॉर्थ के लड़के और साउथ की लड़की वाला एंगल। लेकिन जहां चेन्नई एक्सप्रेस ओवर-द-टॉप कॉमेडी और ड्रामा पर टिकी थी, वहीं परम सुंदरी थोड़ी हल्की-फुल्की और यथार्थवादी टोन में आगे बढ़ती है।

> हल्के-फुल्के अंदाज में संस्कृति, जान्हवी-सिद्धार्थ की जोड़ी ने जीता दिल चेन्नई एक्सप्रेस जैसा अहसास भी

सिद्धार्थ मल्होत्रा परम के रोल में सहज लगे। कॉमेडी टाइमिंग और रोमांटिक सीन्स में उन्होंने अच्छा काम किया है। जान्हवी कपूर ने इस फिल्म में आत्मविश्वास से भरा परफॉर्मेंस दिया। उनका किरदार पारंपरिक भी है और मॉडर्न भी, जिसे उन्होंने बैलेंस कर दिखाया। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। निर्देशक तुषार जलोटा ने नॉर्थ-साउथ कल्चर की टकराहट और मिलन को हल्के अंदाज में दिखाने की कोशिश की।

### एकसाथ दिखे रश्मिका और विजय देवरकोंडा

मुंबई। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा जब भी एक साथ दिखते हैं, चर्चा होती है। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आए हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा का नाम काफी वक्त से अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ जोड़ा जाता है। दोनों को अक्सर एक साथ भी देखा गया है और कई मौकों पर दोनों एक-दूसरे को सपोर्ट करते और चीयर करते भी नजर आए। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर कभी खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आए हैं। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। रश्मिका और विजय को एक साथ हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों कैजुअल लुक्स में नजर आए। चेहरे पर मास्क लगाए विजय और रश्मिका लॉन्ग लूज टी-शर्ट और पैंट्स में दिखे।

### अमिताभ, अक्षय व अन्य ने दी गणेश चतुर्थी की बधाई

मुंबई। आज बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर सेलेब्स शुभकामनाएं दे रहे हैं। 27 अगस्त के दिन गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे भारत में जोरो-शोरो से मनाया जा रहा है। इस पर्व को मनोरंजन जगत के तमाम सितारे भी धूमधाम से मनाते हैं। आज बुधवार को इस खास मौके पर अनुपम खेर, करीना कपूर खान, कुणाल खेमू जैसे सितारे अपने प्रशंसकों को बधाई संदेश दे रहे हैं। जानिए किसने क्या कहा। अमिताभ बच्चन ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना करते देखा जा सकता है। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो संदेश के जरिए गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।

# ऋतिक की फिल्म : 'वॉर 2' ने अबतक की कमाई 223 करोड़



**मुंबई**। बॉलीवुड के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन और साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' को सिनेमाघरों में 12 दिन हो चुके हैं। आज सोमवार को इसकी कमाई में काफी गिरावट दिखी है। मंडे टेस्ट में यह फिल्म कमजोर साबित हुई। फिल्म ह्यवॉर (2019) में ऋतिक रोशन का एक्शन देखकर ही दर्शक फिल्म 'वॉर 2' देखने थिएटर पहुंचे।

लेकिन यह फिल्म कलेक्शन के मामले में बंपर कमाई करती नहीं दिख रही है। जानिए, 12वें दिन यानी सोमवार को इसने कितना कलेक्शन किया है। साथ ही इसकी कुल कमाई कितनी हुई। अब तक प्राप्त शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'वॉर 2' ने 12वें दिन यानी सोमवार को 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की है। रविवार और शनिवार को जरूर इस फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। शनिवार को 6.5 करोड़ रुपये और रविवार को 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। लेकिन मंडे को इसका कलेक्शन काफी कम हो गया। ऐसा होता भी है क्योंकि सोमवार को दर्शक कम संख्या में थिएटर में आते हैं। फिल्म 'वॉर 2' का कुल कलेक्शन भी आज यानी सोमवार को 223.35 करोड़ रुपये हो चुका है।

यह फिल्म कुछ दिन पहले ही 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई। लेकिन 400 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अब तक काफी धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। ऐसे में अपना बजट वसूलना इसके लिए मुश्किल साबित हो सकता है।

'वॉर 2' के साथ ही साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई। यह फिल्म कलेक्शन के मामले में आगे है। मंडे को 'कुली' ने 1.87 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं इसका कुल कलेक्शन भी 259.22 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन, साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और वरुण बड़ोला जैसे कलाकार भी नजर आए हैं। फिल्म में बॉबी देओल ने भी एक कैमियो किया है। 'वॉर 2' फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com